






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 25
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 04 नवंबर, 2023


**दिल्ली-एनसीआर में जहरीली हुई हवा :** 5वीं तक के स्कूल बंद, गैर-जरूरी कंस्ट्रक्शन पर रोक, बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल गाड़ियों पर 20 हजार का चालान

# दिल्ली से लेकर मुंबई तक की 'हवा खराब'

## 400 पार एक्यूआई, गैस चैंबर बना एनसीआर!, एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहीं पार्टियां

### प्रदूषण के बीच त्योहारी सीजन में बुरे कोलेस्ट्रॉल और साइलेंट किलर का खतरा

### अस्थमा के दौरा पड़ने के मामले बढ़े, कई मरीजों को ऑक्सीजन की पड़ रही जरूरत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की हवा जहरीली हो गई है। इंडिया गेट, अक्षरधाम, रोहिणी, आनंद विहार समेत 13 इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के ऊपर दर्ज किया गया। एक्यूआई 300 से ऊपर की रेंज बेहद खतरनाक कैटेगरी में मानी जाती है। हवा की क्वालिटी खराब होने पर कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के थर्ड स्टेज को लागू कर दिया। जीआरएपी का स्टेज थ्री तब लागू किया जाता है जब एक्यूआई 401-450 की सीमा में गंभीर हो जाता है। इसके चलते गैर-जरूरी निर्माण-तोड़फोड़ और रेस्टोरेंट में कोयले के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार पहिया वाहनों के इस्तेमाल पर सरकार ने 20 हजार रुपए चालान काटने का निर्देश दिया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने पांचवीं क्लास तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को शुक्रवार और शनिवार के लिए बंद करने का आदेश दिया है। दिल्ली में प्रदूषण पर अपोलो हॉस्पिटल के डॉ. निखिल मोदी ने लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी है।

### पंजाब-हरियाणा में पराली जल रही, हवा दिल्ली की बिगड़ रही

दिल्ली के आसपास के राज्यों में पराली जलाने को भी प्रदूषण बढ़ने का एक मुख्य कारण माना जा रहा है। हरियाणा, पंजाब समेत देश के उत्तरी हिस्सों में पराली जलाना अभी भी जारी है। इसके कारण दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और आस-पास के इलाकों में हवा में धुंध बढ़ रही है। इस साल अब तक 2500 से ज्यादा पराली जलाने के मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि खेत में आग लगने की संख्या पिछले दो सालों की तुलना में कम है।



### प्रदूषण की वजह से अस्पतालों में लगातार बढ़ रहे मरीज

दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है और इसके आने वाले दिनों में और अधिक बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इस कारण अस्थमा और सीओपीडी के मरीजों के अलावा सामान्य लोगों में जुकाम, कफ, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा, सांस लेने में परेशानी, गले में खरास, बदन दर्द, सिरदर्द, आंखों की परेशानी वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टरों का कहना है दिल्ली के बड़े अस्पतालों में एम्स में 50 प्रतिशत, सफदरजंग 55 से 60 प्रतिशत, आरएमएल और एलएनजेपी में 50 से 55 प्रतिशत, जीटीबी, अंबेडकर समेत संजय गांधी अस्पताल में 60 प्रतिशत से अधिक मरीज प्रदूषण से होने वाली बीमारियों के पहुंच रहे हैं। हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि अस्थमा और फेफड़ों के मरीजों को 2 से 3 महीने के लिए दिल्ली के बाहर चले जाना चाहिए, ताकि बीमारी कंट्रोल में रहे सके।पीएसआरआई अस्पताल की सीनियर कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट डॉक्टर नीतू जैन का कहना है कि प्रदूषण की वजह से लोगों में लंबी-लंबी खांसी हो रही है।

### मुंबई में हवा की स्थिति क्या है?

- दिल्ली की तरह मुंबई की भी आबोहवा कुछ खास नहीं है। 150-200 के एक्यूआई के साथ शहर की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में आंकी गई है। प्रदूषण को रोकने के लिए बॉम्बे वायु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम, टाटा पावर और अन्य कंपनियों से अपने उत्पादन में आधा कटौती करने को कहा है। उधर बीसीसीआई ने दिल्ली और मुंबई में विश्वकप मैचों के दौरान होने वाली आतिशबाजी पर रोक लगा दी है।

### 3 साल बाद अक्टूबर में दिल्ली की हवा की क्वालिटी सबसे खराब रही

- दिल्ली में 3 साल बाद अक्टूबर में हवा की क्वालिटी सबसे खराब दर्ज की गई है। सफर इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर के आखिरी दिन राजधानी का एयर क्वालिटी इंडेक्स 327 दर्ज किया गया। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के डेटा के मुताबिक अक्टूबर 2020 में दिल्ली का औसत एक्यूआई 257 दर्ज किया गया था। इसके अलावा अक्टूबर 2021 में एक्यूआई 173 और अक्टूबर 2022 में 210 एक्यूआई दर्ज किया गया था।

### कम बारिश और पराली जलाना पॉल्यूशन बढ़ने की बड़ी वजह

- वैज्ञानिकों ने बढ़ते पॉल्यूशन को लेकर चिंता जताई है। उनके मुताबिक कम बारिश होना पॉल्यूशन बढ़ने की बड़ी वजह है। इस साल अक्टूबर में सिर्फ एक दिन 5.4 मिमी बारिश हुई। जबकि अक्टूबर 2022 में 6 दिन 129 मिमी और अक्टूबर 2021 में 7 दिन 123 मिमी बारिश हुई थी।

### ग्रैप-3 में सीएक्यूएम की लोगों से अपील

- ऑफिस कारपूलिंग कर या सार्वजनिक वाहन से जाएं।
- ऑफिस या कंपनी अनुमति दे तो वर्क फ्रॉम होम करें।
- हीटिंग के लिए कोयले या लकड़ी का इस्तेमाल कर करें।

### ग्रैप-3 में पाबंदियां

- बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार पहिया वाहन पर प्रतिबंध।
- दिल्ली में हल्के कमर्शियल वाहनों, डीजल ट्रकों के प्रवेश पर रोक।
- गैर-जरूरी निर्माण और तोड़फोड़ गतिविधियों पर रोक लगा दी गई।
- होटल-रेस्तरां के तंदूर में कोयले और लकड़ी के इस्तेमाल पर रोका।

### वैज्ञानिक बोले- और खराब होगी दिल्ली की हवा

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक,शुक्रवार को लोधी रोड में एक्यूआई 438, जहांगीरपुरी में 491, आरके पुरम में 486 और आईजीआई एयरपोर्ट पर 473 रिकॉर्ड किया गया। भारतीय वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में दिल्ली की हवा और खराब हो सकती है।

### दिल्ली सरकार बोली- हम प्रदूषण को पूरी तरह काबू नहीं कर सकते

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण को पूरी तरह खत्म नहीं कर सकती है। प्रदूषण का मामला सिर्फ दिल्ली का नहीं है। दिल्ली की तुलना में बाहर के स्रोतों से दोगुना प्रदूषण हो रहा है। गोपाल राय ने ग्रैप-3 पर चर्चा को लेकर आज दोपहर 12 बजे सभी संबंधित विभागों की बैठक बुलाई है। ग्रैप-3 के तहत सभी गैर-जरूरी निर्माण और तोड़फोड़ के काम रोक दिए गए हैं। बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल हल्के मोटर चार पहिया वाहनों पर भी रोक लग गई है। पीक आवर्स से पहले सड़कों पर हर दिन पानी का छिड़काव करना होगा।



# सामूहिक दुष्कर्म में ज्ञानपुर के पूर्व विधायक विजय मिश्र दोषी करार, बेटा व नाती दोषमुक्त

जन एक्सप्रेस । भदोही

सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमें में एमपीएमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व विधायक विजय मिश्र पर दोषसिद्ध कर दिया। सजा के मामले में शनिवार को फैसला सुनाया जाएगा। उसी मुकदमें में पूर्व विधायक के बेटे विष्णु मिश्रा और नाती ज्योति उर्फ विकास मिश्रा साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त हो गए। फैसले को लेकर न्यायालय में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। डाग स्क्वायड, क्राइम ब्रांच संग थाने की पुलिस तैनात रही। रिश्तेदार की संपति हड़पने के मामले में पूर्व विधायक विजय मिश्र समेत कुनबे के छह सदस्यों पर जुलाई 2020 में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसके बाद मध्य प्रदेश के आगर से उन्हें गिरफ्तार किया। पूर्व विधायक की गिरफ्तारी के बाद वाराणसी की एक गायिका ने पूर्व विधायक, बेटे विष्णु मिश्रा, नाती विकास मिश्रा के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें करीब तीन साल से कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। एक सप्ताह पूर्व सुनवाई पूर्ण होने पर तीन नवंबर को सजा के फैसले की सुनवाई की तिथि तय की गई थी। शुक्रवार को सजा को लेकर कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती संग सीओ, ज्ञानपुर थाने की पुलिस, क्राइम ब्रांच की टीम अलर्ट मोड में रही। दोपहर बाद एमपीएमएलए सुबोध सिंह की अदालत ने पूर्व विधायक पर दोषसिद्ध पाया जबकि बेटे विष्णु मिश्रा, नाती विकास मिश्र को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। पूर्व विधायक के अधिवक्ता आनंद शुक्ला ने बताया कि पूर्व विधायक के खिलाफ सजा पर शनिवार को सुनवाई होगी।

### ✻ सजा के मामले में आज फैसला सुनाया जाएगा

# एल्विश पर सांपों की तस्करी का आरोप

## विदेशी लड़कियां बुलाकर रेव पार्टी कराते थे, 5 तस्कर गिरफ्तार, 20 एमएल जहर बरामद

जन एक्सप्रेस । नोएडा

बिग बॉस ओटीटी-2 के विनर और यूट्यूबर एल्विश यादव पर सांपों की तस्करी का आरोप लगा है। नोएडा पुलिस ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की है। एल्विश पर रेव पार्टी करवाने का आरोप है। इस मामले का खुलासा बीजेपी सांसद मेनका गांधी से जुड़े ऑर्गनाइजेशन पीएफए ने स्टिंग ऑपरेशन से किया। पीएफए ने ही पुलिस में शिकायत भी की थी। नोएडा पुलिस ने इस केस में 5 तस्करों को



गिरफ्तार किया है। इनके पास से 9 सांप बरामद हुए हैं। 20 मिली लीटर सांप का जहर भी मिला है। नोएडा के फॉरेस्ट ऑफिसर प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि सांप के जहर का इस्तेमाल रेव पार्टियों में नशे के लिए किया जाता है। यह एक यूट्यूबर का गैंग है, जो इस तरह पार्टी कराता है। एल्विश की गिरफ्तारी से जुड़े सवाल पर डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह ने कहा कि हमारी टीमें इस पर काम कर रही हैं।

### एल्विश यादव ने तस्करी के आरोप से इनकार किया

एल्विश ने भी इस मामले में वीडियो बयान जारी कर सफाई दी है। उन्होंने कहा, मैं सुबह उठा तो देखा कि मीडिया में मेरे खिलाफ न्यूज फैल रही है। एल्विश अरेस्ट हो गए। नशीले पदार्थों के साथ पकड़े गए। मेरे खिलाफ सभी आरोप फर्जी हैं। अगर एक फीसदी भी मेरा इनवॉल्वमेंट मिलता है, तो मैं पूरी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।

### एल्विश ही सरगना, गिरफ्तारी होनी चाहिए : मेनका गांधी

इस पूरे मामले पर मेनका गांधी ने कहा कि इस केस में एल्विश ही सरगना है। उस पर हमारी नजर बहुत दिनों से थी। ये जो फिल्में बनाता है और फोटो खींचता है, उसे यूट्यूब पर लगाता है, उनमें वह अक्सर सांप पहनता है। ये सारे के सारे सांप जहरीले थे, उनमें पाइथन, कोबरा हैं। वह सांप और उसके जहर को बेचता है। उसे कतई बक्शा नहीं जाना चाहिए। उसकी गिरफ्तारी भी होनी चाहिए। पीएफए ऑर्गेनाइजेशन के गौरव गुप्ता ने बताया, मुझे सूचना मिली थी कि एल्विश यादव स्नेक वेनम (सांप का जहर) और जिंदा सांपों के साथ नोएडा और एनसीआर के फार्म हाउस में यूट्यूबरों के साथ वीडियो शूट कराते हैं। साथ ही रेव पार्टियां करते हैं।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# बेटियों की सुरक्षा में कोई सेंध लगायेगा तो उसका हश्र रावण और कंस जैसा होगा : सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । बलिया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बलिया पहुंचे। 1.45 बजे बांसडीह विधानसभा के पिण्डहरा में उनका हेलीकॉप्टर लैंड हुआ। मंच पर बांसडीह विधायक केतकी सिंह ने चांदी के धनुष-बांण देकर उनका स्वागत किया। परिवहन मंत्री ने चेतक का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इसके बाद सीएम ने 129 करोड़ रुपये की 50 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसके बाद नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा,÷ बलिया एक क्रांतिकारी धरा है, बलिया जो रास्ता तय करता है। बाद में पूरा देश उसका अनुसरण करता है। आज पूरे प्रदेश में कानून का राज है। जो भी बहन बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाएगा, उसका हश्र रावण और कंस के जैसा होगा। इसके बाद सीएम ने लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारें में बताया। मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपनी अपनी तैयारियां पूरी कीं। आईजी अखिलेश कुमार, डीएम रविंद्र कुमार, एसपी एस आनन्द के साथ सभास्थल पर तैयारियों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। विधायक केतकी ने कहा कि महिला सम्मेलन ऐतिहासिक रहा। हजारों महिलाएं शामिल हुईं। इस मौके पर पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी, जिलाध्यक्ष संजय यादव,विनोद शंकर दुबे, जयप्रकाश साहू, सुरेन्द्र सिंह, पूर्व चेयरमैन संजय कुमार सिंह मुन्ना, विश्राम सिंह, भोला सिंह बघेल, गुड्डू सिंह, नीतिश पाण्डेय रंजन, अभिजीत तिवारी बब्लू, शेतांशु गुप्ता, प्रतुल ओझा, दिनेश तिवारी, प्रमोद सिंह, टुनटुन उपाध्याय मौजूद थे।

### बलिया को मिलेगा वाटर वे का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा, बलिया संघर्ष की धरा है जो चुनौती से जूझते हुए अपना मार्ग बनाती है। विकास के दौर में बलिया लखनऊ और गाजियाबाद से पीछे नहीं रहेगा। पहले लोग विकास के लिए उधर भागते थे, अब वे लोग बलिया की तरफ आएंगे, क्योंकि वहां जलमार्ग नहीं नहीं हैं, वहां पर वाटर वे नहीं है। लेकिन बलिया एक तरफ गंगा तो दूसरी तरफ सरयू से घिरा है। इसलिए बलिया को इसका लाभ मिलेगा।

### गंगा-सरयू में बड़े बड़े स्टीमर चलेंगे

सीएम ने कहा, सरयू और गंगा में बड़े बड़े स्टीमर चलाए जाएंगे। जिससे बलिया के लोगों का सामान पूरी दुनिया में जाएगा। बलिया के किसानों के उत्पाद पूरी दुनिया में जाएंगे। बलिया में लोग हर सीजन में आएंगे। यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा।



### दीपावली पर उज्जवला योजना के कनेक्शनधारियों को मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा : सीएम

सीएम ने कहा कि आरक्षण से महिलाओं का तेजी से विकास होगा। कहा कि दीपावली पर उज्जवला योजना के कनेक्शनधारियों को मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा। साथ ही बलिया के विकास के लिए गंगा और सरयू नदी में जेटी का का निर्माण कराया जाएगा। ताकि बलिया से अयोध्या सीधे जुड़ सकें। जल मार्ग का विकास होने से जिले में रोजगार सृजन होगा। कहा कि सरकार ने आयुष्मान योजना की धनराशि में बढ़ोत्तरी की है। साथ ही बेटियों को शादी के लिए 51 हजार रुपये दे रही है। बेटियों की सुरक्षा के लिए नए कायदे-कानून बनाए गए है। ताकि हमारी बेटियां बेखैफ होकर विकास में सहभागी बनें।कहा कि जिले के विकास में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। जिले को शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज का तोहफा मिलेगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय में नए भवनों का निर्माण कराया जा रहा है।

### जलमार्ग से बलिया का सामान पूरी दुनिया में जाएगा

सीएम ने कहा , हम आधी आबादी के विकास के लिए कृतबद्ध हैं। आज हमने पुलिस में 30 फीसदी महिलाओं की भर्ती की है। इसके साथ ही टीचर भर्ती में भी ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को मौका दिया जा रहा है। आगे भी हमारी सरकार आधी आबादी लिए बहुत सारी योजनाएं लाने जा रही है।

# पाठा क्षेत्र में रोडवेज बस सुविधा नहीं ग्रामीणों को यातायात में भारी दिक्कतें

**✻ जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन तक मौन, नहीं दिख रही समस्याएं**

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पाठा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों मे सरकारी बस की सुविधा न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र मे रोडवेज बसों का संचालन नहीं होने के कारण ग्रामीणों को निजी वाहनों में जोखिम भरा सफर तय करना पड़ रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ उनके समय की भी बर्बादी हो रही है। गरीब तबके के यात्रियों को कई गुना अधिक किराया देकर आटो, डग्गामार वाहनों से सफर करना पड़ रहा है। रोड़ पर चलने वाले जीप,आटो,डग्गा आदि वाहनों मे अधिक किराया के चक्कर मे भूसे की तरह सवारियां भरी जाती है। लोगों को तहसील और जिला मुख्यालय आनेजाने के लिए पिछले लंबे समय से रोडवेज बस की कोई सुविधा नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को सफर तय करने के लिए निजी वाहनों में अधिक किराया देकर सफर तय करना पड़ रहा है। पाठा क्षेत्र के इंटवां डुड़ैला, ऊंचाडीह, मऊ गुरदरी, ददरी, रुखमा खुर्द, मारकुंडी आदि दर्जनों गांवों से मुख्यालय आनेजाने के लिए समुचित साधन नहीं होने से दिक्कतें हो रही हैं। एसे मे ग्रामीण क्षेत्रों मे यातायात व्यवस्थाएं लचर हो गई है। लोगों को मजबूरन ही डग्गामार वाहनों से जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ रही है। इसके बाद भी जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन तक मौन है।

### यात्रियों से वसूल रहे अधिक किराया

रोडवेज बसों का संचालन नहीं होने से निजी वाहन चालकों की मनमानी के चलते ग्रामीणों से अधिक किराया वसूला जा रहा है। मानिकपुर से मारकुंडी, ऊंचाडीह, इंटवां डुड़ैला,सकरौहा, चमरौंहा आदि गांवों मे आनेजाने के लिये मनमाना किराया वसूलते हैं। ऐसे में गरीब तबके के यात्रियों को आर्थिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है। इसको लेकर ग्रामीणों ने क्षेत्र में रोडवेज बसों के संचालन की मांग की है।

### पहले रोड न होने का था बहाना




मानिकपुर-इंटवा डुड़ैला मार्ग सिंगल रास्ता होने के साथ रास्ता जर्जर होने से इस पर रोडवेज बस संचालन न होने का बहाना था, लेकिन अब तो उक्त मार्ग डबल हो चुका है। सड़क चकाचक होने से रोडवेज का संचालन किया जा सकता है। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। साधन नहीं होने के कारण ग्रामीणों को निजी वाहन किराए पर लेना पड़ता है। वहीं निजी वाहनों की व्यवस्था नहीं होने पर उन्हें पैदल ही गंतव्य तक जाना पड़ रहा है। बस चलने से लोगों को जहां लोगों को आवागमन मे सहूलियत होगी वही कम पैसों मे आनाजाना भी कर सकेंगे।

### चुनाव के समय संचालित हो जाती बस

चुनावी समर के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों मे कुछ दिनों के लिये जरूर बस चला दी जाती है। ग्रामीणों को लुभाने के लिए इस तरह की योजनाओं को जरूर सक्रिय कर दिया जाता है।चुनाव बीतनेके बाद बसों का संचालन बंद कर दिया जाता है। अगर जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान दें तो ग्रामीण इलाकों की यातायात व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा सकता है। रोडवेज बसों में किराया भी काफी कम लगता है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने से यातायात सुगम होगा। लोग सुविधा से अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे भी। जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में रोडवेज बसों का संचालन पूरी तरह से ठप हो गया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को यातायात के लिए दिक्कत हो रही है। मुख्यालय पर न्यायालय हो या बाजार समय से नहीं पहुंच पा रहे हैं। कई सामान्य बीमारियों से जूझ रहे लोग एक दिन में मुख्यालय पर आकर उपचार तक नहीं ले पा रहे हैं।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता एवं समयबद्धता से निस्तारण करें: डीएम

**निवेश मित्र पोर्टल की कार्यशाला का हुआ आयोजन**

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




जिलाधिकारी द्वारा शुक्रवार को निवेश मित्र पोर्टल की कार्यशाला का आयोजन उद्यमियों एवं जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित हुई। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य निवेश मित्र पोर्टल के सम्बन्ध में उद्यमियों को जानकारी प्रदान किया जाना है। उन्होंने कहा कि जनपद में इन्डस्ट्रियल फ्रेन्डली वातावरण बनाकर उद्योग स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि उद्यमी गण निवेश मित्र से सम्बन्धित प्रजेन्टेशन को बेहतर तरीके से समझ लें एवं यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो अवगत करायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि निवेश मित्र पोर्टल के अन्तर्गत सिंगल विन्डों सिस्टम के द्वारा प्राप्त उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता एवं समयबद्धता से निस्तारण करें।

उद्यमियों एवं उद्योगों को लगाने हेतु बढ़ावा देने हेतु इन्वेस्ट यूपी लखनऊ के निदेशक पंकज अरोडा एवं उनकी टीम के द्वारा मण्डल में निवेश मित्र सिंगल विन्डो पोर्टल की कार्यशाला में आनलाइन आवेदन करने एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फीस जमा करने एवं सर्टीफिकेट प्राप्त करने आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उद्यमियों को दी गयी। कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले उद्यमियों से निवेश मित्र पोर्टल पर आ रही समस्याओं का निराकरण भी कराया गया। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार उद्यमीगण मनोज गुप्ता संतोष गुप्ता सहित कार्यशाला में बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया सीमा गेट का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जनपद में अंतर्राज्यीय, अंतर्राष्ट्रीय गेट के निर्माण का जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने हनुमान धारा के समीप बॉर्डर गेट का औचक निरीक्षण कियस। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खंड लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि जो क्लैडिंग करनी है, उसके टीम को बुलाकर इसे जल्द से जल्द कराएं। उन्होंने कहा कि गुंबज का भी क्लैडिंग कराएं। उन्होंने कहा कि गेट के मुख्य द्वार पर उत्तर प्रदेश में आपका स्वागत है, सुनहरे अक्षरों से लिखवाये। कहा कि इस पर लाइटिंग की भी व्यवस्था करें, जिससे कि चमक रहेगी। उन्होंने कहा कि जिले में प्राथमिकता पर है, कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। उन्होंने कार्यदायी संस्था से कहा कि स्पीड ब्रेकर को हटाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खंड लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि जो मिट्टी फीलिंग करनी है, मुख्य विकास अधिकारी से समन्वय बनाकर जिन तालाबों की खुदाई हो रही है, उसे फीलिंग कराएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि रोड के बगल में इंटरलॉकिंग भी कराए।

इस मौके पर अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सत्येंद्र नाथ, सहायक अभियंता अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# जनविरोधी हैं भाजपा सरकार की नीतियां: अजय राय

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को रामनगर ब्लाक के बांधी गांव में दलित गौरव संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार को तानाशाह और जन विरोधी करार दिया।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जनपद में दलित गौरव संवाद कार्यक्रम में रामनगर ब्लॉक के बाधी ग्राम सभा में पहुंचकर पूर्व क्षेत्र पंचायत, पूर्व प्रधान, वर्तमान प्रधान, पूर्व जिला पंचायत, समाजसेवी, पूर्व शिक्षकों से संवाद स्थापित कर उनके अधिकार मांग पत्र भरवाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में दलित गौरव संवाद के माध्यम से आम लोगों के बीच पहुंचकर उनकी पांच समस्या नोट कर केंद्रीय नेतृत्व को अवगत कराएगी, उनके निदान के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाए। इस तानाशाही, लोकतंत्र विरोधी सरकार को हटाने का काम करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल व संचालन जिला सचिव यमुना शुक्ला ने किया।

इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पूर्व सांसद भैरव प्रसाद के आवास पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब प्रदेश में जनप्रतिनिधि पूर्व सांसद जो उनकी पार्टी के खुद हैं, उनके बेटे को इलाज नहीं मिल पाया तो आम जनता के साथ कैसा व्यवहार होता होगा। उत्तर प्रदेश प्रशासन व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो गई है। इसके बाद भगवान कामतानाथ के दर्शन कर फतेहपुर के लिए रवाना हो गए।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव अखिलेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष बांदा प्रदुम दुबे, सदस्य एआईसीसी पंकज मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक पूर्व प्रत्याशी रंजन बराती लाल पांडेय, प्रयागराज शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, अंशुमन मिश्रा, आशीष पाण्डेय, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष शिव शंकर खंगार, न्याय पंचायत अध्यक्ष विकास द्विवेदी, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश सिंह, राज नारायण यादव, मनीष मिश्रा, प्रधान प्रमोद वर्मा, पूर्व प्रधान कपूरी, हीरालाल वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंद्रपाल कोल, समाजसेवी पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी विंदा देवी वर्मा, ननकवन वर्मा, न्याय पंचायत अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, विपिन पांडेय, शारदा गौतम, पुणेद पांडेय, राजकुमार वर्मा, बालकरण वर्मा, चंपा वर्मा, सुनैना, शिव प्रताप, राजेश कुमार वर्मा, उदय पाल, अतुल तिवारी, तीरथ सिंह, पवन, रजक, अजय द्विवेदी, ओमनारायण मिश्रा, हरिओम पांडेय आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### राज्यमंत्री ने गोशाला का निरीक्षण कर जानी गोवंशों की स्थिति

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने शुक्रवार को तिंदवारी विकासखंड के सिंधौली गांव में बारात घर का लोकार्पण किया। वहीं गौशाला का निरीक्षण करते हुए गौवंश का हल्दी चावल से टीका कर गुड़ खिलाया। तिंदवारी विकासखण्ड के ग्राम सिंधौली में विधायक निधि से निर्मित बारात घर का लोकार्पण शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक तथा प्रदेश सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद द्वारा किया गया। इसके बाद उन्होंने गांव की गौशाला के निरीक्षण के दौरान गाय का हल्दी-चावल से टीका कर आरती उतारी तथा उन्हें गुड़ खिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा की योगी सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर के समूचे विकास की एतिहासिक गाथा लिख रही है। गुंडा राज, जंगल राज और भ्रष्टाचार के लिए पहचाना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज सुशासन के लिए जाना जा रहा है। हम सब का सौभाग्य है कि हमको योगी जी जैसा नेतृत्व मिला है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला, भाजपा जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, ग्राम प्रधान अरुण कुमार शुक्ला, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, शिवनायक सिंह परिहार , प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छेद्दू भैया, बलवीर सिंह, अतुल दीक्षित, महानारायण शुक्ला, राकेशचंद्र द्विवेदी, राजा तिवारी आदि बड़ी संख्या में सभ्रांतजन उपस्थित रहे।

### टप्पेबाजों ने दिनदहाड़े व्यापारी के उड़ा दिये एक लाख

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** दिनदहाड़े बीच चैराहे से व्यापार मंडल पूर्व अध्यक्ष का रूपयों से भरा बैग टप्पेबाजों ने पार किया। नगर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष रमेशचंद तिवारी ने शुक्रवार को चैकी में तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार समय दोपहर लगभग 1 बजे इंडियन बैंक शाखा ओरन से चेक के माध्यम से रू. 110400/(एक लाख दस हजार चार सौ रु) निकाल बैग में भरकर चैराहे में स्थित अपने भतीजे विमल तिवारी के जनसेवा केंद्र में बैठकर बातें करने लगा। इसी बीच किसी अज्ञात ने मेरे झोले से रूपयों से भरा बैग पार कर दिया। थोड़ी देर बाद मैंने देखा तो मेरा रूपयों से भरा बैग गायब था। मैं बदहोश होकर जोर से आवाज दिया। सभी लोगों ने मिलकर मोटरसाइकिल से इधर-उधर खोजबीन की, मगर कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इसके पहले भी इस तरह की कई घटनाएं नगर में हो चुकी है, सूचना पर पुलिस घटनास्थल मौका मुआयना कर टप्पेबाजों के खोज में जुटी।

### दंबग नहीं बनाने दे रहे मकान

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** प्रशासन के अधिकारियों के निर्देश पर लेखपाल द्वारा जमीन की, की गयी माप और कब्जा के बाद भूमिस्वामी का दबंग मकान नहीं बनाने दे रहे हैं जिससे सहमा डरा पीडित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रशासन से न्याय दिलाने की मांग की है। तेजीलाल गुप्ता पुत्र स्व0 महादेव गुप्ता निवासी कटरा शहर तहसील व कोतवाली नगर बांदा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बताया है कि पीडित वृद्धाश्रम में रहता है। पीडित की 3 बिसवा जमीन है। जिस पर असरदार और दबंग लोग मकान नहीं बनाने दे रहे हैं। पीडित ने कई बार इस सम्बन्ध में अधिकारियों को जानकारी दी है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीडित ने बताया कि वृद्धाश्रम में रहकर अपना जीवन यापन करता है। पीडित ने मांग की है कि जनपद के अधिकारियों को जमीन में कब्जा दिलाये जाने के लिये निर्देशित किया जाये।

### उपचार के दौरान गर्भवती महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती युवती की हालत बिगड़ गई। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार होने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के भवई गांव निवासी शबनम (28) पत्नी शिवगोपाल गर्भवती थी। गुरूवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई। घरवालो ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसकी हालत में सुधार न होने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार होने से पहले उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालो में कोहराम मच गया। मृतका के पिता महेश निवासी नहरी ने बताया कि उसने अपनी बेटी शबनम की शादी 2011 में की थी। उसके गर्भ में जुड़वा बच्चे पल रहे थे।

### जहर खाने से विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** करवा चैथ के दिन पति से हुए विवाद पर विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे गंभीर हालत में लखनऊ ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतका के चाचा ने मारपीट कर जहर पिलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 16 लाख रुपये कीमत के 80 किलो अवैध गांजे के साथ 03 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**✻ अभियुक्तों के पास से 2 कार, 5 मोबाइल और नगदी हुआ बरामद**

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मीनिवास मिश्र के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बबेरु राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को थाना कमासिन पुलिस व एसओजी द्वारा अन्तर्राज्यीय अवैध गांजा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से लगभग 16 लाख रुपये कीमत का अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली कि कुछ लोग थाना कमासिन क्षेत्र के इटर्रा बार्डर के पास अवैध मादक पदार्थ लिए हुए हैं तथा उसकी बिक्री करने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने मौके पर छापेमारी कर 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों के कब्जे 80 किलो 400 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ में पता चला कि वे उड़ीसा व बिहार से अवैध गांजा लाते हैं तथा बांदा और आसपास के जनपदों में इसकी बिक्री करते हैं। अभियुक्तों के कब्जे से अवैध गांजे के परिवहन में प्रयुक्त 02 कार (एक डिजायर व एक एस-क्रॉस), 05 मोबाइल फोन व 3050 रुपये नगद बरामद हुए हैं। 80 किलो 400 ग्राम अवैध सूखा गांजा, अवैध गांजा के परिवहन में प्रयुक्त 02 कार (डिजायर व एस-क्रास), 05 मोबाइल फोन, 3050 रुपये नकद बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में ननकू यादव पुत्र भोला यादव नि0 सिकरी थाना राजापुर जनपद चित्रकूट, हरीश कुमार साहू पुत्र संतराम नि0 मोपका थाना सरकण्डी जनपद बिलासपुर छत्तीसगढ़ और गोविन्द पुत्र चुनबाद यादव नि0 नहरा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट पर अभियोग मु0अ0सं0- 246/2023 धारा 8/20/29 एनडीपीएस के तहत दर्ज हुआ। गिरफ्तार करने वालों में प्रभारी एसओजी राकेश तिवारी व एसओजी टीम, थानाध्यक्ष कमासिन संदीप सिंह व थाना कमासिन पुलिस टीम मौजूद रही।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| ई-निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-13-सीनि0डी0ई0ई0-लखनऊ-23 |
|---|---|
| कार्य का नामः लखनऊ मंडल के विद्युतीकृत खंड में रेट्रो रिफ्लेक्टिव नंबर प्लेटों की आपूर्ति एवं निर्माण का कार्य। | |
| अनुमानित लागत | रु.2,36,85,551.72 |
| बयाना राशि | रु.2,68,400/- |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 28.11.2023 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |

**पात्रता मापदण्ड**

निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नही है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नही करताः 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए; जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अंतिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगीः Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, single phase 25 kV AC OHE, 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं टीआरडी-13-सीनि0डी0ई0ई0-लखनऊ-23 दिनांकः 01.11.2023 3437/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## नर्सिंग होम संचालक पर विभागीय सांठ-गांठ के चलते नही हुई कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

अवैध नर्सिंग होम में गलत इलाज से महिला की हालत बिगड़ने के मामले में स्वास्थ्य विभाग की शून्यता सवालों के घेरे में है। जब तक विभाग ने अबैध नर्सिग होम पर कार्यवाही करता उसके पहले ही संचालक अपना अवश्यक सामान के साथ मौके से नदारत हो गया। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि रात के अंधेरे मे संचालक अपने गुर्गो के साथ सारा समान लाद ले गया। बताते चले कि नगर मे ही संचालित अबैध भोला नर्सिग होम मे पिछले दिन महिला का आपरेसन किया और महिला की स्थित बिगडते ही नार्सिग होम से निकालने की घटना सामने आयी महिला के परिजनो ने हंगामा किया और बात बिगडते देख संचालक नर्सिग होम बन्द करके मौके से फरार हो गये। मामला प्रशासन सहित स्वास्थ विभाग तक पहुँचा लेकिन विभागीय कार्यवाही होने से पहले ही संचालक किराये के भवन को खाली करके फरार हो गया। बताया जा रहा है कि नर्सिंग होम संचालक विभागीय पकड़ रखने वाले सजातीय तथाकथित के सहारे सेटिंग में जुटा है। संचालक पीड़िता के परिजन व विभागीय अधिकारियों से बचाव के लिए संपर्क साधने में जुटा है। जबकि वहीं प्रयागराज स्थित अस्पताल में महिला जिंदगी और मौत से जूझ रही है।

# द हंस फाउंडेशन ने दो दिवसीय आजीविका परामर्श कार्यशाला का किया आयोजन




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

द हंस फाउंडेशन द्वारा जिला मुख्यालय में शुक्रवार को आजीविका परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने दीप प्रज्जवलन कर किया। द हंस फाउंडेशन के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक शोभित शर्मा ने द हंस फाउंडेशन का परिचय व फाउंडेशन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहें कार्यों के बारे में जानकारी दी।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से जिले के लिए लाइवलीहुड के लिए एक बेहतरीन फ्रेमवर्क तैयार किया जा सकता है। उन्होंने कार्यशाला में भाग लेने वाले विभिन्न विभागों, ग्राम सभा के प्रमुख (ग्राम सरपंच) और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सहित विभिन्न स्थानों से आये प्रतिभागियों का उत्साह भी बढ़ाया। उन्होंने सुझाव दिए कि जिले के लिए सभी संगठन व विभाग साझा प्रयास करें। साथ ही द हंस फाउंडेशन के सहयोग से लाइवलीहुड पर एक बेहतर परियोजना तैयार करें, जिससे वास्तविक परियोजना निर्माण हो सके एवं समुदाय की आजीविका में सुधार किया जा सके।

इस मौके पर शोभित शर्मा, शिशुपाल, सुबीर कुमार, कृष्णा, रजनीश पाल, राधा, आदित्य, संजय, राहुल, विकास, आशीष, रामेश्वर प्रसाद, विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# पराली जलाने की घटना में एक दर्जन प्रधान व सचिव तलब

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

शासन के सख्त निर्देशों के बाद भी जिले में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। जिला प्रशासन द्वारा भले ही ग्राम पंचायतों से लेकर तहसील व जिला स्तर तक निगरानी समिति गठित किया गया हो लेकिन बेपरवाह कार्यशैली के चलते पराली जलाने की घटनाएं लगातार हो रही है। जिसे रोकने मे स्थानीय प्रशासन लगभग नाकाम ही साबित हो रहा है।

पराली जलाने के मामले में जनपद प्रदेश में 9वें स्थान पर है। अभी हाल ही मे पराली जलाने के मामलों में 12 किसानों से जुर्माना वसूली के साथ-साथ कंबाइन हार्वेस्टर मशीनों को सीज किया गया है। लापरवाही बरतने वाले 12 ग्राम प्रधानों व सचिवों से भी जवाब-तलत किया गया है। जिलाधिकारी सी.इंदुमती ने पराली जलाने की बढ़ रही घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिया हैं। उन्होंने गत दिवस अधिकारियों को तलब किया और बढ़ रही घटनाओं पर नाराजगी जताई



तथा कहा कि शासन के निर्देश का क्रियान्वयन प्रभावी ढग से किया जाय। जिलाधिकारी की सख्ती के बाद हंसवा विकास खण्ड के रसूलपुर तेलियानी के देवरी, आजमाबाद भैंसाही, बहुआ के लदिगंवां, हंसवा के टीकर, बहुआ के खरिका, मलवां के उसरहा खेड़ा मजरे नमामऊ, भिटौरा के करमचंदपुर सांडा, बसोहनी, विजयीपुर के शिवपुर, मलवां के मौहार तथा खजुहा के कोरवां मजरे गुलाबपुरा के 16 किसानों पर कार्यवाही किया गया है। उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने जो रिपोर्ट जिला प्रशासन को दिया उसके बाद जिला पंचायतराज अधिकारी ने संबंधित गांवों के ग्राम प्रधानों व सचिवों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 31.6 (+0.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 14.8 (+0.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 96 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 41 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कुशाग्र के माता-पिता ने पुलिस कमिश्नर से मिल आरोपियों के लिए की फांसी की मांग

**जन एक्सप्रेस | कानपुर महानगर**





**सूरत में कपड़ा व्यापारियों ने शुरू किया आंदोलन, श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग**

बीते दिन शुक्रवार को मृतक कुशाग्र कानोडिया के माता-पिता ने अधिवक्ताओं व्यापारियों और समाजसेवियों के साथ पुलिस कमिश्नर डॉक्टर आर. के. स्वर्णकार से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की और एक मांग पत्र भी सौंपा है। इस दौरान सभी ने एक सुर में आरोपियों के खिलाफ फांसी की मांग की है। वहीं दूसरी ओर नगर के साथ साथ कुशाग्र को न्याय दिलाने के लिए व्यापारियों ने सूरत में भी आंदोलन आरंभ कर दिया है। ज्ञातव्य हो कि बीती 30 अक्टूबर को थाना रायपुरवा क्षेत्र में निवास करने वाले कपड़ा कारोबारी मनीष कानोडिया के 17 वर्षीय पुत्र कुशाग्र की अपहरण करने के बाद हत्या उसकी ट्यूशन टीचर रचिता और उसके दो अन्य साथियों आर्यन और प्रभात ने कर दी थी। कानपुर पुलिस ने तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया था। बीती 2 नवंबर को पुलिस कमिश्नर आर के स्वर्णकार ने कुशाग्र के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की थी और घटनास्थल का निरीक्षण भी किया था। पुलिस कमिश्नर द्वारा पूर्ण रूप से आश्वस्त किया गया था कि वह जितना ज्यादा हो सकेगा जल्द से जल्द अभियोजन की ओर से मजबूत पैरवी कर आरोपियों को सजा अवश्य दिलाएंगे। शुक्रवार को कुशाग्र के माता-पिता व्यापारी जब पुलिस कमिश्नर आर.के. स्वर्णकार से मिले तो उन्होंने एक सुर में यही कहा कि जल्द से जल्द आरोपियों को फांसी की सजा होनी चाहिए इसके साथ-साथ उन लोगों के द्वारा यह बातें भी उठाई गई कि उनके बेटे को बदनाम करने के लिए टीचर के संग लांछन लगाया जा रहा है। मृतक कुशाग्र के परिजनों ने अपनी सुरक्षा की मांग के साथ अपने आस पास इलाको में भी सुरक्षा की मांग की है जिस तरह से अपार्टमेंट के गार्ड की सतर्कता के चलते पुलिस ने घटना का अनावरण किया किया है।उससे आरोपियों को कही से भी बच ना पाए। पुलिस कमिश्नर ने पूर्ण रूप से आश्वासन दिया है कि मुकदमे की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में चले उसका वह प्रयास करेंगे और मजबूती से चार्ज शीट दाखिल करेंगे जिससे आरोपियों को ज्यादा से ज्यादा सजा हो सके।

### विवेचक ने घर जाकर की पूछताछ: सूत्र

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कानपुर पुलिस ने जल्द से जल्द मजबूती से चार्ज शीट लगाने की तैयारी कर ली है। इसी क्रम में बीते दिन शुक्रवार को विवेचक के रूप में एक पुलिस अधिकारी ने जाकर जांच पड़ताल की है और बहुत गहनता से बहुत पूछताछ भी की है। हालांकि इसकी पुष्टि किसी पुलिस अधिकारी द्वारा नहीं की गई है।

### कुशाग्र को न्याय दिलाने के लिए सूरत के व्यापारियों ने शुरू किया आंदोलन

कुशाग्र की हत्या के बाद कानपुर नगर में सभी राजनीतिक संगठन व्यापारी संगठन लगातार आंदोलन रत हैं। वहीं दूसरी और अब सूरत में भी व्यापारियों ने कुशाग्र के मरणोपरांत न्याय दिलाने के लिए आंदोलन शुरू कर दिया है। बीते दिन सूरत में कपड़ा व्यापारियों ने कुशाग्र को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकालने के साथ ही साथ श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया है। श्रद्धांजलि सभा में 2 मिनट का मौन रखकर कुशाग्र की आत्मा की शांति के लिए लोगों ने ईश्वर से दुआ की और साथ ही साथ सरकार से मांग की जल्द से जल्द आरोपियों को फांसी की सजा सरकार दिलवाने में जो भूमिका निभानी होती है वह भूमिका निभाए।

## 8 साल की बच्ची के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

थाना बाबू पुरवा क्षेत्र में रहने वाले एक गरीब परिवार की नाबालिक बच्ची के साथ रवींद्र नाम के युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। बच्ची की मां ने बताया कि मेरी बेटी घर के पास बने सरकारी स्कूल में झूला झूलने गई थी,जहां पर रवीन्द्र शराब पीकर लेटा हुआ था अचानक रवींद्र बच्ची को स्कूल वाली गली में लेकर पहुंचा और छेड़खानी करने लगा । तभी बच्ची के साथ वाली दो लड़कियों ने जाकर मां को बताया, जब बच्ची की मां गली में पहुंची तो रवींद्र बच्ची की मां के साथ भी मारपीट करने लगा । जिसके बाद बच्ची की मां अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंची, और बच्ची के साथ हुई घटना के बारे में पुलिस को बताने लगीं । जिसके बाद मौके पर पहुंचे एसीपी बाबूपुरवा अभिषेक पांडेय ने मुकदमा पंजीकृत कर दिया है ।

## उत्तर प्रदेश स्वावित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



उत्तर प्रदेश स्वावित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव शुक्रवार को लखनऊ के एक होटल में सम्पन्न हुआ। जिसमें कानपुर के विनय त्रिवेदी लगातार सातवी बार अध्यक्ष, डॉ.ब्रजेश भादौरिया कोषाध्यक्ष तथा आगरा के मनमोहन चावला महामंत्री बनाए गए। वही राजेंद्र प्रताप सिंह वाराणसी ,दीपक गोयल अलीगढ़, प्रकाश पांडेय गोरखपुर, ललन सिंह बलिया, गणेश प्रशाद वर्मा लखनऊ, अशोक दूबे जौनपुर के संरक्षक बनाए गए। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद पर श्रवण कुमार द्विवेदी बुंदेलखंड झाँसी, नागेश्वर सिंह वाराणसी, रमाकान्त तिवारी इटावा,एस पी एस सन्धु बरेली, एन सिंह मेरठ, दिनेश तिवारी जौनपुर सहित विभिन्न पदाधिकारी चुने गये। बैठक में प्रदेश भर से आये कॉलेज प्रबंधको ने डिग्री कॉलेज के अन्य छात्र-छात्राओं की तरह डी.एल.एड.के छात्र-छात्राओ को टेबलेट और स्मार्ट फ़ोन दिये जाने की मांग की। प्रबंधकों द्वारा महाविद्यालय में घटती छात्रा संख्या को बहुत बड़ा संकट बताया गया जिस पर अध्यक्ष विनय त्रिवेदी ने कहा कि सभी के सहयोग से समस्याओं के समाधान के प्रयास किये जायेगे।

# जीएसवीएम में वर्कशॉप ऑन रिसर्च माइथोलॉजी कार्यशाला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**




जी.एस.वीं.एम. मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा शुक्रवार को वर्कशॉप ऑन रिसर्च माइथोलॉजी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जी.एस.वी.एम मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. संजय कला द्वारा निर्देशित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कॉलेज के संकाय सदस्यों, सीनियर रेजिडेन्ट एवं जूनियर रेजिडेन्टो के द्वारा किए जाने वाले शोध कार्यों की गुणवत्ता को बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में डॉ. एस. के वर्मन ने बताया कि कार्यशाला में हैंडस ऑन ट्रेनिंग कराई जाएगी जिसमें लैपटॉप पर शोध कार्यों का डाटा एनालिसिस करने की विधि के बारे मे सिखाया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. मुकेश शुक्ला सह आचार्य कम्युनिटी मेडिसिन एम्स रायबरेली द्वारा शोध कार्यो को करने की विभिन्न तरीकों की विधि की जानकारी दी गई। डॉ. जयवर्धन ने रिसर्च डिजीज विषय पर जानकारी व डॉ.तनु मिड्ढा ने मैनेजिंग रेफरेंस विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में डॉ.चयनिका काला, डॉ.सुनीता पांडे, डॉ.महेंद्र सिंह, डॉ.सीमा द्विवेदी, डॉ.सुरेश चंद्र आचार्य, डॉ.नीलिमा वर्मा, डॉ.सीमा निगम आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन महिला ने किया दिवाली हाट का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन महिला कानपुर नगर इकाई के द्वारा शुभ मंगलम दिवाली हाट एवं बच्चों के लिए कला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल तुलसीयानी थे दिवाली हाट में लोगों ने तरह तरह के स्टाल लगाए संस्था की तरफ से आर्ट कॉम्पिटिशन का आयोजन भी 2 वर्गों में किया गया। पहला ग्रुप 6 से 11 साल के बच्चों का दूसरा ग्रुप 12 से 16 साल के बच्चों का रखा गया। दोनों वर्गों के पृथम, दृतीय व सभी प्रतिभागी बच्चों को संस्था की तरफ से मैडल और सर्टिफिकेट्स दिया गया। संस्था की तरफ से हर 2 घंटे में लकी ड्रा और स्टॉल धारकों के लिए गेम्स व बेस्ट डेकोरेटिव स्टाल आदि को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। संस्था का मुख्य उद्देश्य जो महिला घर से काम कर रही है उनको आगे बढ़ाना है। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन महिला कानपुर नगर एकाई की अध्यक्ष खुशी अग्रवल, प्रधान महामन्त्री गीता गुप्ता कोषाध्यक्ष चेतना गुप्ता सांस्कृतिक मंत्री दीपा डालमिया मंत्री अंजना गुप्ता लक्ष्मी ओमर कार्यकारिणी सदस्य अर्चना गुप्ता एवं आदि लोग उपस्थित रहे।

# डी.बी.एस. कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



डी.बी.एस.कॉलेज में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें अतिरिक्त नगर मजिस्ट्रेट सुरेंद्र बहादुर सिंह ने छात्रों को मतदाता के अधिकारों के प्रयोग व मतदाता बनने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आंतरिक गुणवत्ता प्रमाणन प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो.सी.एम. सक्सेना ने स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए बिना किसी प्रलोभन के मतदान की जरूरत की महत्ता के बारे में बताया। प्रो.राजीव सिंह ने भारतीय लोकतंत्र की मजबूती में मताधिकार के प्रयोग के बारे में तथा प्रो.सुनील उपाध्याय ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के विकास और उसकी परिपक्वता में वयस्क मताधिकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉ.अनुपम दुबे, डॉ.गौतम हाल व डॉ.ज्ञान प्रकाश के नेतृत्व में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर, स्लोगन प्रदर्शित कर रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ.शैलेंद्र शुक्ला, डॉ.अनुपम दुबे, डॉ.गौतम हाल, डॉ. ज्ञान प्रकाश, डॉ.महेंद्र कुमार, डॉ.गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कैम्प का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के अनुरोध पर जिला प्रशासन द्वारा कैम्प शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में 8 नवम्बर को आयोजित किया जा रहा है। शिविर में तहसील, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (दिव्यांग बोर्ड), परियोजना कार्यालय (डूडा), जिला पूर्ती कार्यालय, प्रबन्धक अग्रणी बैंक, क्षेत्रिय प्रबन्धक रोडवेज, जिला उधोग केन्द्र व जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपलब्ध रहेगे । कैम्प का उदघाटन विधायक सुरेन्द मैथानी द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने दी है । वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार ने इस सम्बन्ध में सभी विभागों को आदेश जारी किया है । कैम्प में दिव्यांग व्यक्तियों को बैटरी चलित ट्राई साईकिल, बैसाखी, कान कि मशीन, व्हील चेयर, ब्लाइंन्ड स्टीक, विकलांग पेंशन, रेलवे यूनिक कार्ड, यू.डी.आई.डी. कार्ड, दुकान निर्माण व संचालन ऋण, उद्योग के लिये ऋण, दिव्यांग विवाह पुरस्कार योजना, परिवहन निगम बस में निःशुल्क यात्रा पास, आवास योजना, राशन कार्ड आदि योजनाओं का लाभ दिया जायेगा । वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि जिन दिव्यांगजनो को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाना है या अन्य योजनाओं का लाभ लेना है 8 नवम्बर को सुबह 10 बजे तक शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फोटो के साथ पहुंचे। जिनको दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाना है।

## रंगोली गेस्ट हाउस में लगेगा दीवाली हाट

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

कानपुर नगर, भारती महिला उद्यमी परिषद (बी0एम0यू0पी0) द्वारा आयोजित दिवाली हाट का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की विपणन की समस्या को दूर करना जो महिलायें घर में बैठ कर छोटे-छोटे काम कर रही हैं उनको समाज में सबके सामने लाना है। हाट का उद्घाटन सत्यदेव पचौरी, एम0पी0 द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा निमिति गणेश-लक्ष्मी, दिये, डिजाइनर मोमबत्ती, चाकलेट, वन्दनवार एवं घर सजावट के सामान, कपड़े तथा खाने के स्टाल भी होंगे। हर घण्टे लाटरी ड्रा किया जायेगा।दिवाली हाट का मुख्य आकर्षण प्रधानमंत्री मोदी द्वारा साबुत अनाज श्री अन्न का उपयोग करने में समाज को जागृत करना है प्रधानमंत्री के उद्देश्य को भी दिवाली में न केवल बढ़ावा दिया जा रहा है बल्कि लोगों को जागृत भी किया जा रहा है। दूसरा आकर्षण हमारी बेटी हमारा गौरव इस आधार पर महिलाओं को उनके द्वारा विपरीत परिस्थितियों में अपने बच्चियों को उच्च शिक्षा देने के लिये अथक प्रयास कर रही है, उनको पुरस्कृत करना है। तीसरा आकर्षण है हमारे सदस्यों द्वारा लिखित पुस्तकों की बिक्री का स्टाल होगा।

## 3672 पात्र लाभार्थियों की सूची कानपुर नगर की एनआईसी की वेबसाइट पर अपलोड

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** मुख्यमंत्री आसरा आवास योजना के तहत कानपुर नगर के सजारी में निर्मित 1104 आवासों के आवंटन के लिए तहसील सदर से जांच में पाए गए 3672 पात्र लाभार्थियों की सूची कानपुर नगर की एनआईसी की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। यह जानकारी शुक्रवार को परियोजना अधिकारी डूडा तेज कुमार द्वारा दी गई है

उन्होंने बताया कि तहसील सदद से जांच में पाए गए 3672 पात्र गरीब लाभार्थियें की सूची कानपुर नगर की एन.आई.सी. की वेबसाइट तथा नगर निगम कानपुर की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## महापौर ने छठ के घाटों का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

छठ पूजा के विशेष पर्व को लेकर महापौर प्रमिला पाण्डेय और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा द्वारा अरमापुर नहर का सफाई अभियान शुरू किया गया साथ ही निरीक्षण किया गया। इस पर्व पर नहर पर लाखों की तादाद में लोग छठ पूजा का त्यौहार मनाने आते हैं, जिसको लेकर महापौर प्रमिला पाण्डेय ने बताया कि विगत 30 वर्षों से वह इसी जगह छठ पूजा करती हैं और अभी छठ पूजा में काफी समय है उससे पहले यह सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर नगर निगम की टीम नगर आयुक्त और महापौर ने निरीक्षण करके सफाई अभियान चलाया जिससे पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी बात की कोई दिक्कत ना हो तथा साफ़ स्थान में पूजा हो पाए।

## यूपी बार काउंसिल के को-चेयरमैन अनुराग पांडे का जोरदार स्वागत



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** कचहरी के अम्बेडकर द्वार पर आयोजित अभिनंदन समारोह में लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष पं रवीन्द्र शर्मा ने अधिवक्ताओं के साथ मिल कानपुर कचहरी में कई सड़को और अम्बेडकर द्वार के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने वाले राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश के को चेयरमैन अनुराग पांडे का माला व अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया और अवगत कराया कि आपके प्रयासों से निर्मित अंबेडकर द्वार काफी जर्जर हो गया है नाम पट्टिका टूट गई है उसका जीर्णोद्धार करा द्वार के ऊपर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करें। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए अनुराग पांडे ने कहा कि पूर्व में जो आपकी मांगे सड़के व द्वार बनवाने की थी उन्हें हमने पूरा करा और हम वादा करते हैं कि आपकी मांग के अनुरूप हम अम्बेडकर द्वार का भव्य जीर्णोद्धार कराएंगे और द्वार के ऊपर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भी लगवाएंगे। पहले भी अधिवक्ताओं का मान सम्मान बढ़ाया और आगे भी अधिवक्ता कल्याण के लिए कार्य करते रहेंगे। समारोह कार्यक्रम का संचालन विजय सागर ने किया। प्रमुख रूप से संजीव दुबे उपाध्यक्ष बार एसो श्रीकांत दुबे अरविंद दीक्षित पूर्व उपाध्यक्ष बार एसो शैलेंद्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन मधुर साहू अनुराग यादव कमलेश गौतम जी पी शुक्ला अश्वनी आनंद ए बी चौधरी संजीव कपूर शिवम गंगवार इंद्रेश मिश्रा के के यादव आदि रहे।

## नुक्कड़ नाटक कर शराब का सेवन न कर वाहन चलाने की अपील



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

थाना कल्यानपुर क्षेत्र के जी.टी. रोड स्थित इंदिरा नगर मोड़ पर टी आई पश्चिमी जोन व सेक्टर प्रभारी राजकुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं टी एस आई शशिकांत यादव की देखरेख में किशोर कुमार कलवानी उर्फ गोपी व उनकी टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ऑटो, विक्रम, महानगर बसें व अन्य टैक्सी एवं सवारी वाहनों के चालको और आम जनमानस को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने, कार चालकों को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने हेतु बताया गया ,साथ ही साथ टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर के चालकों को किसी भी दशा में शराब का सेवन न कर वाहन चलने हेतु अपील की गई जिससे दुर्घटनाएँ कम हो।

# बिल्हौर तहसील के गेट पर टायर फटने से ट्रैक्टर ट्राली पलटी

**रोड पर रेडीमेड का ठेला लगाए चकनाचूर दुकानदार ठेलिया छोड़कर भागे**

**जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर तहसील के गेट पर दोपहर धान लादकर ककवन रोड रेलवे फाटक 64 पर क्रॉसिंग क्रॉस करने के बाद ठेलिया का टायर फटने से अचानक ट्रैक्टर ट्राली पलट गई जिससे वहां पर अन्य ठेला वाले अपनी-अपनी दुकान लेकर भाग खड़े हुए। वहां पर मौजूद होमगार्ड ने दौड़कर ठेला पर लदे सामान को बाहर निकालकर यातायात बाधित होने से बचाया करीब 15 मिनट तक यातायात बाधित रहा पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद में ट्रैक्टर ट्राली से अलग कर दिया धान की बोरियां दूर तक सड़क पर फैल गई जैसे तैसे ट्रैक्टर मालिक ने बोरियों को दूसरे ट्रैक्टर में पलटी कर कर आढत पर भिजवाई रेडीमेड कपड़ों का ठेला लगाए बृजभान शांति नगर निवासी ने बताया कि मेरे ठेले के दोनों पहिए टेढ़े हो गए हैं। जिसका नुकसान देने के लिए ट्रैक्टर मालिक अरविंद प्रताप सिंह निवासी उटठा ने कहा है वहीं पर अरविंद प्रताप ने बताया कि ट्राली का टायर फटने से सड़क पर ही पलट गई कुछ बोरा ठेले पर रेडीमेड दुकान के ऊपर जा गिरे जिससे ठेले में जो नुकसान हुआ है वह देने की सहमति बनी है इस संबंध में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अंजली मिश्रा ने फोन पर बताया कि कल सुबह मौके की स्थिति देखकर वहां पर लग रहे जितने भी ठेला है सभी हटवा दिए जाएंगे और लाइन पार जो टेंपो स्टैंड लगा है उसको भी हटाना है क्योंकि इससे बड़ी दुर्घटना हो सकती एसीपी आईपी सिंह से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका है कि उस जगह से दिन में कई बार एसडीएम व एसीपी और मजिस्ट्रेट, तहसील का गुजरना होता है लेकिन फिर भी यह अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है जो की जानलेवा है।

# ककवन में कार की टक्कर से घायल हुए वृद्ध की मौत

**जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो**

**कार चलना सीख रहे परिवारिक भतीजे ने मार दी थी टक्कर**

**घायलों को कानपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया**

बिल्हौर तहसील के ककवन कस्बे में कार चलाना सीख रहे एक युवक की कार टक्कर से घायल हुए दो लोगों में उपचार के दौरान एक की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति का अभी भी अस्पताल में उपचार चल रहा है। कार का चालक , घायल व म्रतक तीनों आपस में से सगे संबंधी बताया जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ककवन में राठैर मार्केट के पास गुरुवार शाम एक युवक कर चलना सीख रहा था। इस दौरान ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर उसका पैर पड़ने से कार अनियंत्रित हो गई और सड़क पर सामने से आ रहे सेवानिवृत्त होमगार्ड 65 वर्षीय राम लखन कुशवाह व पड़ोस में रहने वाले मन्नी लाल कुशवाह के दामाद तिर्वा कन्नौज निवासी 45 वर्षीय सत्येंद्र कुशवाह को टक्कर मारने के बाद उदय नारायण त्रिवेदी के घर के बाहर बने चबूतरे में जा टकराई थी। घटना में वृद्ध राम लखन व सतेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे और कार क्षतिग्रस्त हो गई थी तथा घटना के बाद कर सीख रहा युवक मौके से फरार हो गया था। घटना के बाद मौके पर पहुंचे पारिवारीजन घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को गम्भीर हालत में कानपुर के लिए रेफर कर दिया था। घायलों को कानपुर लेकर पहुंचे पारिवारिक जिन्होंने एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार दोपहर वृद्ध राम लखन की मौत हो गई। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं घायल सत्येंद्र का अभी भी उपचार चल रहा है। कार चालक मृतक के परिवार का ही बताया जा रहा है। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह के अनुसार मृतक व घायल किसी के पारिवारिक जनों की तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। अस्पताल से वृद्ध की मौत की सूचना पर पुलिसकर्मी को विधिक कार्यवाही के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# प्रतिबंधित जगह पर चल रहे ई-रिक्शे



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर के जीटी रोड नेशनल हाईवे और फूलबाग से वीआईपी रोड की तरफ ई रिक्शा चालकों का प्रवेश बीते दिनों वर्जित किया गया था। जिसमें यातायात डीसीपी सलमान ताज पाटील ने 30 और 31 तारीख को ट्रायल चला कर,ई रिक्शा चालकों को समय दिया था और 1 नवंबर से प्रतिबंधित जगह पर,ई रिक्शा ले जाना वर्जित किया था। लेकिन यातायात डीसीपी के आदेशों की अवहेलना साफ-साफ दिखाई दे रही है, शहर में प्रतिबंधित इलाकों जैसे जीटी रोड और फूल बाग से सिविल लाइन की ओर काफी मात्रा में यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए, ई रिक्शा चलते हुए दिखाई दे रहे हैं अब देखना यह होगा कि यातायात पखवाड़ा में नियमों का पालन कराया जाएगा या केवल कागजों पर ही तक सीमित रहेगा या इस पर कोई कार्यवाही की जाएगी।

# प्रभारी मंत्री ने विकास, राजस्व कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर की जनपदीय बैठक

## योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने व निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान दें संबंधितः प्रभारी मंत्री

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण विभाग व जनपद प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, राजस्व कार्यों, निर्माण कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति में सुधार लाने एवं पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने कर-करेत्तर की समीक्षा किया।जिसमें आबकारी, विद्युत, परिवहन, खनन, स्टाम्प, नगरीय निकाय विभाग द्वारा की गई वसूली की जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता विद्युत को अनावश्यक विद्युत भार बढ़ाने व बिल ज्यादा आने तथा विजिलेंस की टीम द्वारा गांव में जाकर फर्जी तरीके से जनता को परेशान करने की शिकायतों पर कार्यवाही करने का सख्त निर्देश दिया। दैवीय आपदा के दौरान तत्काल पीड़ित परिवारों को सहायता राशि उपलब्ध कराने को कहा।

इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग द्वारा नई सड़कों का निर्माण, गड्ढा मुक्ति, सिंचाई पंप की आपूर्ति प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं भरण पोषण की स्थिति, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, एंबुलेंस, टीकाकरण की स्थिति, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति, हैंडपंप रिबोर, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों आंगनवाड़ी केंद्रों का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, स्वयं सहायता समूह, उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, शादी अनुदान योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति,आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा किया।

कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने हत्या के मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लूट के मामलों में गिरफ्तारी, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, अपहरण, पास्को एक्ट, गुंडा एक्ट, अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न, लंबित विवेचना, गैंगस्टर, रासुका सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया। एवं पुलिस अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागों को जो भी निर्देश दिए गए हैं,उन्हें कड़ाई से लागू किया जाए। अगली बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने जनपद में चल रहे पच्चास लाख से ऊपर की लागत के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को दिया। उन्होंने कहा कि बजट के अभाव में जो निर्माण कार्य रुके हुए हैं, उनमें धन आवंटन के लिए शासन को जिलाधिकारी की ओर से पत्र भिजवाए जाएं।

इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों, कर्मचारियों को जनसामान्य के प्रति अपना आचरण व व्यवहार नम्र रखने के निर्देश दिया। साथ ही जन प्रतिनिधियों द्वारा फोन किए जाने पर तत्काल उठाएं एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं में जन प्रतिनिधियों से भी प्रस्ताव प्राप्त करें। बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं, उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक के दौरान राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा व तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी,मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए एश्वर्य यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा रामप्रसाद मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस कब्जे में आई कंडम हत्यारी बस, एफआईआर दर्ज

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** नगर के केएनआईटी के पास गुरुवार शाम एक कंडम बस ने स्कूटी सवार वृद्ध की जान ले ली। साथ मौजूद एक युवक जख्मी हुआ है जिसका राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है। देर रात वृद्ध के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव पैतृक आवास ले जाया गया। वही मृतक के बेटे की तहरीर पर कोतवाली नगर में मुकदमा भी दर्ज हुआ है। बता दें कि गुरुवार को गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के माधवपुर छतौना निवासी मृतक राजबहादुर सिंह (60) के पुत्र शिव शंकर सिंह ने बताया कि उनके पिता गांव के विष्णु प्रकाश शुक्ल के साथ निकले थे। शहर से वे दोपहर बाद वापस लौट रहे थे कि केएनआईटी के पास स्कूटी में बस ने टक्कर मार दी।पिता सड़क पर जा गिरे और उनकी मौत हो गयी। साथ मौजूद विष्णु प्रकाश घायल हुए हैं जिनका राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है। वही शव का देर रात पोस्टमार्टम कराया उसके बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे हैं। घटना से घर और गांव में मातम छा गया है। सुबह शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। बताया जा रहा है कि बस की फिटनेस ही खत्म हो चुकी है बावजूद इसके बस धड़ल्ले से सड़क पर चल रही थी। जिस रूट से ये बस निकलती है उस रूट पर ट्रैफिक के दो पिकेट हैं। जहां आए दिन जबरन चालान होते हैं। लेकिन एक बस जिसका फिटनेस तक खत्म है उस पर ट्रैफिक इंचार्ज, दरोगा और ट्रैफिक के सिपाहियों तक की निगाह नहीं पड़ी। जो बहुत कुछ कह रहा है।

# भाजपा जिला मंत्री पर जानलेवा हमले के 3 आरोपी गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

भाजपा जिला मंत्री राजेश सिंह पर जानलेवा हमला करने वाले तीन हमलावरों को अखंडनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े तीन आरोपी कादीपुर के रहने वाले हैं जबकि फरार एक आरोपी आजमगढ़ जिले का निवासी है। दस दिन पूर्व भाजपा जिला मंत्री जब अपनी दुकान पर बैठे हुए थे तब बाइक सवार बदमाश फायर कर भाग निकले थे। इस मामले में भाजपा नेता बाल-बाल बच गए थे।

एसपी सोमेन बर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के राजानगर जगदीशपुर निवासी शुभम दुबे उर्फ बवाली, कादीपुर के कटसारी निवासी शिवेंद्र सिंह उर्फ शानू व कादीपुर के मालापुर निवासी रजनीश को गिरफ्तार किया है। वही इस मामले में आजमगढ़ जिले के फूलपुर थाना अंतर्गत पलिया अढ़ाई निवासी सारिम उर्फ कैफी का नाम प्रकाश में आया है वो अभी फरार है जिसे पकड़ने के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए शुभम का लंबा चैड़ा आपराधिक इतिहास है। कुछ दिन पूर्व वो जेल में बंद था वही पर उसने इसकी स्क्रिप्ट तैयार की थी। बाहर निकलने के बाद उसने अपने साथियों को तैयार किया और घटना को अंजाम दिया। एसपी ने बताया कि आरोपियों के पास से तमंचा और घटना में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद कर ली गई है। शुभम पर करीब 15 मामले दर्ज हैं। इन्हें जेल भेजा जा रहा है। मामले में पुलिस की विवेचना प्रचलित है। तहरीर में जिनका नाम है उस पर भी पुलिस जांच कर रही है। आपको बता दें कि 23 अक्टूबर की रात अखंडनगर थाना क्षेत्र के राहुल नगर बाजार में भाजपा जिला मंत्री राजेश सिंह जब दुकान पर बैठे थे उसी समय उन पर हमला हुआ था। हालांकि गोली एल्मुनियम के दरवाजे में जा लगी जिसमें वे बाल-बाल बच गए थे। उसके बाद उन्होंने थाने पर तहरीर दी थी।

# जरूरतमंदों की मदद करने से मिलती आत्म संतुष्टि-निजाम

## जिला अस्पताल और रेलवे स्टेशन पर 434 लोगों को परोसी गई भोजन थाल

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वावधान बृहस्पतिवार देर शाम जिला चिकित्सालय और रेलवे स्टेशन पर निशुल्क भोजन वितरण का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल में 325 और रेलवे स्टेशन पर 109 भोजन थाल का वितरण किया गया। खाने के मेन्यू में रोटी-सब्जी और दाल-चावल शामिल था। संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान की अगुवाई में बृहस्पतिवार देर शाम निशुल्क भोजन वितरण का शुभारंभ जिला चिकित्सालय में कार्यरत फिजीशियन डॉक्टर अविनाश गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि संगठन का कार्य सराहनीय है। इस तरह के कार्यो में समाज के संपन्न लोगों को आगे आने की आवश्यकता है। ताकि जिले में कोई भूखा न सो सके। संघ के मार्गदर्शक निजाम खान ने कहा कि भोजन के मेन्यू में अरहर की दाल, लौकी-चना की सब्जी, रोटी और चावल की थाल परोसी गई। अस्पताल में 325 और रेलव स्टेशन पर 109 लोगों को भोजन थाल वितरित की गई। कुल 434 मरीजों, तीमारदारों और यात्रियों को भोजन कराया गया। निजाम खान ने कहा कि निशुल्क रसोई जनसहयोग से संचालित की जा रही है। निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की मदद करने से आत्म संतुष्टि मिलती है। इस मौके पर प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ. शादाब खान, सरदार गुरप्रीत सिंह, मोहम्मद मुज्तबा, राशिद खान, राजकुमार यादव, संतोष चौरसिया, जितेंद्र मौर्य, पंकज मौर्य, राशिद टेलर, अबरार अहमद खान, माता प्रसाद जायसवाल, चुन्ने, भोलू, वैद्यनाथ प्रजापति, तौहीद अहमद, विजय धर पाठक, माजिद अंसारी आतिफ खान आदि मौजूद रहे।

## दंबग ने आबादी की जमीन पर दीवार बना कर रास्ता किया अवरुद्ध

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** दंबग ने गॉव की आबादी पर अपनी खतौनी बताते हुए दीवार बना दी जिससे ग्रामीण का आने जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया। ग्रामीण ने शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल तथा जिलाधिकारी करते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऐंजर का है। पूरे चैकीदार निवासी शिवजग ने शिकायती पत्र मे आरोप लगाया है कि उसके सहन के आगे आबादी की जमीन है, जिस पर उसका अर्से से कब्जा है। गाव के ही शिव प्रसाद दीनानाथ ने उक्त जमीन को अपनी खतौनी बताकर दीवार खड़ी की जा रही है। शिवजग ने बताया कि इसकी सूचना डायल 112 को भी दी गई लेकिन कार्यवाही नही हुई।

# महिला एसओ पर बयान बदलने का दबाव बनाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

स्टेट कबड्डी खिलाड़ी संध्या (काल्पनिक नाम) ने महिला थाने की एसओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी सुल्तानपुर से शिकायत किया है। एसपी ने पीड़िता को भरोसा दिलाया है कि जांचकर कार्रवाई की जाएगी। मामला कुड़वार थानाक्षेत्र के एक गांव का है।

कूरेभार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली संध्या (काल्पनिक नाम) ने बताया कि लगभग 2 वर्ष पूर्व पढ़ाई के दौरान आशीष तिवारी पुत्र अशोक तिवारी से मुलाकात हुई। कुछ दिन हम लोगों मिलना-जुलना होने लगा। आशीष हमसे शारीरिक संबंध बनाया। तभी किसी ने हम दोनों की एक साथ की फोटो वायरल कर दी।फोटो आशीष के मोबाइल से वायरल हुई थी। यह बात मेरे घर वालों को पता चली तो मेरे पापा ने कहा कि मैं कहां मुंह दिखाऊंगा। पापा ने आशीष के घर वालों से कहां की दोनों की कोर्ट मैरिज कर दो लेकिन यह बात आशीष के घर वालों ने नहीं मानी। मेरे पिता ने इस संबंध में कूरेभार थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया। खुद को फंसता देख साजिश के तहत आशीष की मां, मेरे जेठ के ससुर जगदीश ने कहा कि हम कोर्ट मैरिज करवा देंगे। 26 अप्रैल 2023 को आशीष के मामा ने मुझे अपनी सुपुर्दगी में ले लिया और कहा की 28 अप्रैल को आशीष और आयुषी की कोर्ट मैरिज कराकर आशीष के घर भेज देंगे। इन लोगों एक वैवाहिक अनुबंध पत्र तैयार करवाया और मुझसे उस पर हस्ताक्षर करवा लिया। 29 अप्रैल को मेरे जेठ हरीश तिवारी अपने ससुराल पूरे लदई का पूर्व अलीगंज थाना कुड़वार ले आए। उन्होंने कहा कि आज से मेरे सास-ससुर तुम्हारे माता-पिता हैं अब तुम अपने माता-पिता से कोई संबंध मत रखना और नहीं बात करना। उन लोगों ने मेरे समस्त कागजात हाईस्कूल, इंटर की मार्कशीट, स्पोर्ट सर्टिफिकेट, आधार कार्ड सब छीन लिया।

मैं उनके घर पर 22 दिन रही। 21 मई 2023 को राज मैरिज लॉन अलीगंज में हिंदू रीति रिवाज से मेरे माता-पिता की अनुपस्थिति में आशीष के रिश्तेदारों और इष्ट मित्रों की उपस्थिति में मेरी शादी कराई गई। 22 मई को मैं आशीष के घर गई। दूसरे ही दिन मेरे जेठ हरीश तिवारी ने मेरे साथ छेड़खानी की यह बात मैंने पति आशीष तिवारी को बताई उसने कहा मेरे भाई को तुम्हें खुश करना पड़ेगा इसमें ही तुम्हारी खुशी है। यह सब मेरे समझ में नहीं आ रहा था और बात किसी को बात नहीं सकती थी। ये लोग मुझे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे तो मैं 2 जुलाई को ताला तोड़कर ससुराल से निकलकर थाने पर आ रही थी। रास्ते में प्रधान ने देखा तो जगदीश ओझा को बुलाकर उनके साथ मुझे घर भिजवा दिए। 10 जुलाई को जेठ हरीश तिवारी और जगदीश मुझे दीवानी न्यायालय लेकर आए और वह एक स्टांप पेपर लेकर आए जिसमें लिखा था कि मैं अपनी स्वेक्षा से घर से निकली हूं मैं पढ़ना चाहती हूं इसमें मेरे ससुराल वाले की कोई जिम्मेदारी नहीं है। इस बात को पढ़कर मैंने उस पर हस्ताक्षर नहीं किया मैं तुरंत महिला थानाअध्यक्ष पास आकर उनको सारी आप बीती बताई। उसी दिन रात में मुझे ससुराल लेकर गई ससुराल के लोग ताला बनाकर के कहीं भाग गए थे। मैने महिला थाने पर मुकदमा लिखवाया तब ससुराल वाले महिला थानाध्यक्ष चित्रा सिंह से मिले।

चित्रा सिंह मुझे आशीष के साथ किराए के कमरे में रखवा दिया। चित्रा सिंह ने कहा कि तुम्हारा 164 का बयान होगा। जिसमें चित्रा सिंह का कहना था कि अगर तुम मेरे अनुसार बयान करोगी तो तुम्हारे ससुराल वाले राजी खुशी तुमको रहने देंगे। जबकि आशीष मुझे छोड़कर भाग गया और जब मैं दोबारा चित्रा सिंह के पास गई तो वह मुझसे कहने लगी अगर तुम दोबारा महिला थाना दिखोगी तो तुम्हें जेल भेज दूंगी। मेरा 164 का बयान भी बदलवा दिया है।

# समस्त शिक्षण संस्थान छात्रवृत्ति प्रक्रियात्मक कार्यवाही निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कराना करें सुनिश्चितः डीएम

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि शासन के निर्देशानुसार वित्तीय, शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम् छात्रवृत्ति तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में ऑनलाइन आवेदन से लेकर वितरण आदि के लिए समय सारिणी निर्गत कर कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। जिसके क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूर्वदशम् छात्रवृत्ति तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ओ0बी0सी0 के पात्र समस्त छात्र, छात्राओं को निर्धारित समयान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन कराने की कार्यवाही की जाये। वर्तमान में स्कालरशिप पोर्टल छात्रों के आवेदन हेतु खुला है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं द्वारा जारी समय सारिणी के अन्तर्गत समस्त पात्र छात्रों का डाटा समयान्तर्गत अग्रसारित किया जाये। कोई भी पात्र छात्र अग्रसारण हेतु अवशेष न रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जारी समय सारिणी के अनुसार विश्वविद्यालय, एफेलियटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक (कक्षा 11-12 हेतु) शिक्षण संस्था, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटो की संख्या एवं फीस आदि को अंकित कर उसकी प्रमाणिकता को डिजिटल हस्ताक्षर से समयान्तर्गत ऑनलाइन सत्यापित किया जाये।

उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजना एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ओ0बी0सी0 के समस्त पात्र छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति की धनराशि उपलब्ध बजट की सीमा तक आधार पेमेंट ब्रिज प्रणाली के माध्यम से छात्र के आधार सीडेड बचत खाते में सीधे अंतरित की जायेगी। छात्र को अपने बैंक शाखा से खाते में आधार नंबर सीडिंग व एन0पी0सी0आई0 से मैपिंग कराना अनिवार्य होगा।

सभी शिक्षण संस्थान उक्त कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। (सम्बन्धित शिक्षण संस्थाएं आधार नंबर सीडिंग व एन0पी0सी0आई0 से मैपिंग की सूचना अपने विद्यालय के सूचना पट पर अवश्य चस्पा करें।) जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिक्षण संस्थान पूर्वदशम् छात्रवृत्ति (9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु निर्गत समय सारिणी में दी गयी प्रक्रियात्मक कार्यवाही निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। छात्रवृत्ति योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य न होगी।

# यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाया गया जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



शुक्रवार को यातायात जागरूकता माह के तहत जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्कूली वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें स्कूली वाहनों में लगे गति नियंत्रक यंत्र, अग्निशामक यंत्र चेक करते हुए चालक एवं परिचालक को प्रशिक्षण दिया गया तथा यातायात पुलिस की पाठशाला के माध्यम से आम जनता को नियमों व यातायात चिन्हों के बारे में जानकारी देते हुए पंपलेट स्टीकर वितरित किए गए। आम जनमानस से यातायात नियमों के पालन की अपील की गई। यातायात सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बताया गया कि मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट/चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य धारण करें, वाहनों को कभी भी तेज गति में न चलायें, नशे की हालत में वाहन न चलायें, हमेशा अपने बायें चलें, उतावलेपन से वाहन न चलायें, चैराहा पार करते समय पहले दाहिने व बायें देखकर ही आगे बढ़ें, स्टंट बाइकिंग न करें, प्रेशर हार्न, मोडीफाइड साइलेंसर का प्रयोग न करें एवं जेब्रा लाइन एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही करते हुए कुल 306 वाहनों का चालान व 4,96,500/- रूपये का जुर्माना लगाया गया।

# टेबलेट पाकर खिल उठे छात्राओं के चेहरे

**जन एक्सप्रेस । लालगंज, रायबरेली**



शुक्रवार को खजूरगांव के शांति नगर लालूमऊ स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया ऑफ कालेजेस में टेबलेट वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया। उत्तर प्रदेश द्वारा छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए टेबलेट वितरण का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज की प्राचार्य रेखा सिंह द्वारा छात्रों को टेबलेट वितरण कर किया गया। टेबलेट पाकर छात्राओं खिल उठे चेहरे, उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसके साथ ही कालेज की प्राचार्य रेखा सिंह ने छात्राओं को टैबलेट को टैबलेट के सदुपयोग के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में संजय सिंह, राकेश सिंह, संदीप सिंह, बृजेश कुमार आदि का सहयोग रहा।

# डलमऊ व हरचंदपुर ब्लाक में दलित गौरव संवाद चौपाल का आयोजन किया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




जिला कांग्रेस कमेटी ने ब्लाक डलमऊ व हरचन्दपुर में दलित गौरव संवाद चैपाल का आयोजन किया, चौपाल में आये बड़ी संख्या में दलित समाज के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा आने वाले लोकसभा चुनाव में इस समाज को अपना महत्व समझना होगा, आज सिर्फ वोट बैंक बनकर रह गये इस समाज को अपना भविष्य बनाने ओर संवारने के लिए पुनः कांग्रेस पार्टी पर विश्वास जताना होगा।

प्रवक्ता महताब आलम ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों ब्लाकों में बड़ी संख्या में दलित समाज ने हिस्सा लिया और अपने समाज के विकास एवं उन्नति पर कांग्रेसजनों से चर्चा की, जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम में दलित समाज के बुद्धिजीवी लोगों को सम्मानित किया गया। चौपाल में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक, प्रदेश सचिव रमेश शुक्ला, प्रत्याशी विधानसभा सुशील पासी, प्रत्याशी विधानसभा हरचन्दपुर सुरेन्द्र विक्रम सिंह, विधानसभा समन्वयक शूजा खान गांधी, अजीत सिंह, नागेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र यादव, संतोष त्रिवेदी, अशोक सिंह, रवीन्द्र सिंह, राम सजीवन कोरी, छोटेलाल पासवान, दिनेश निषाद, यशपाल भारती, विनोद प्रताप सिंह, दिलीप तिवारी, मनोज अवस्थी, सोहन लाल निषाद, बुद्धीलाल पासी, रामेश्वर पासी, शमशेर, पुष्पेन्द्र लोधी, राजेश मिश्रा, कलावती, संगीता, स्वामी राज, रामेश्वरी, जयकरन लोधी सहित अन्य कांग्रेसीजन मौजूद रहे।

# जापानी उद्योग जगत का यूपी में निवेश का उत्साह भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाई देने वाला: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिलने के बाद उत्तर प्रदेश में एक बार फिर जापानी निवेशकों ने नए औद्योगिक निवेश को लेकर रुचि दर्शायी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी के नेतृत्व में जापानी उद्यमियों के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर नए प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत व जापान के संबंध सदा ही मैत्रीपूर्ण रहे हैं। दोनों देशों के बीच परस्पर सौहार्द और बढ़ते हुए द्विपक्षीय व्यापार तथा सर्वांगीण सहयोग विद्यमान हैं। दोनों देश बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं तथा समान सामाजिक-आर्थिक विकास की प्राथमिकताओं के साथ लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष एवं बहुलवादी प्रणालियों के साथ-साथ विश्व स्तरीय सामरिक दृष्टिकोण भी समान हैं। भारत जापान के प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों की चर्चा करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बौद्ध धर्म के प्रसार के कारण भारत एवं जापान के बीच सदियों से मजबूत सांस्कृतिक संबंध रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय और जापानी लोगों के बीच एक मजबूत साझा पहचान सृजित हुई है। उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े अनेक आस्थास्थल हैं।




### हर सेक्टर में निवेश के लिए यूपी में है अनुकूल अवसर

जापानी उद्यमियों से उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश की विस्तृत संभावनाओं पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जापानी कंपनियों के साथ सहयोग करने की इच्छुक है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कार्यरत् 07 प्रमुख कंपनियों (मित्सुई टेक्नोलॉजीज, होंडा मोटर्स, यामाहा मोटर्स, डेंसो, टोयोड्रंक, निसिन एबीसी लॉजिस्टिक्स, सेकिसुई डी.एल.जे.एम. मोल्डिंग) सहित 1,400 से अधिक जापानी कंपनियां भारत में संचालित हैं। जीआईएस-2023 के पार्टनर कंट्री के रूप में जापान का बड़ा सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य में तेजी से औद्योगिक पार्क, उत्कृष्टता केंद्र और अनुसंधान एवं विकास केंद्र विकसित कर रही है। ग्रेटर नोएडा में 750 एकड़ में विकसित जा रही इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप के अंतर्गत जापान इंडस्ट्रियल टाउनशिप सम्मिलित है।

कपिलवस्तु, सारनाथ, संकिसा, श्रावस्ती और कुशीनगर बौद्ध मतावलंबियों के लिए बड़े आस्था के केंद्र हैं। वाराणसी में जापान के सहयोग से निर्मित विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. शिंजो आबे के प्रगाढ़ संबंधों ने आधुनिक युग में भारत-जापान के राजनीतिक, आर्थिक और व्यावसायिक संबंधों की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क, फिल्म सिटी, टॉय पार्क, अपैरल पार्क, हैण्डीक्राफ्ट पार्क, लॉजिस्टिक हब इत्यादि यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट विकसित किए जा रहे हैं। अन्य परियोजनाओं में बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांस- गंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, गोरखपुर में गारमेंट पार्क और डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, हमारी सरकार 20 से अधिक सेक्टोरल नीतियों के साथ ही अपनी नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत आकर्षक सब्सिडी प्रदान करती है। हमने अनेक सेक्टर्स के लिए विशेष नीतियां बनाई है, जैसे- इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर, बायो-फ्यूल, फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, डेयरी, आदि। इन नीतियों में स्टाम्प ड्यूटी एवं इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में छूट, भूमि के मूल्य में छूट, पूंजीगत सब्सिडी, नेट एसजीएसटी का रिफंड आदि हमारे जापानी निवेशकों के लिए आकर्षक प्रोत्साहन हैं। इसके अलावा, प्रदेश सरकार ने फॉर्चून ग्लोबल 500 व फॉर्चून इण्डिया 500 कंपनियों के लिए प्रोत्साहन नीति भी घोषित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश, भारत का सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है और यहां बड़ा मानव संसाधन, कुशल श्रम बल और बड़ा उपभोक्ता बाजार उपलब्ध है। भारत की %फूड बास्केट के रूप में विख्यात, उत्तर प्रदेश में कृषि व खाद्य प्रसंस्करण एवं डेयरी सेक्टर्स में असीम अवसर हैं। वाराणसी सिल्क क्लस्टर सहित भारत के प्रमुख टेक्सटाइल केंद्रों का हब है। पर्यटन भी एक प्राथमिक सेक्टर है, जो उत्तर प्रदेश में निवेशकों के लिए एक अच्छा गंतव्य हो सकता है।

### प्रभावित करता है उत्तर प्रदेश: हिरोशी सुजुकी

बैठक में जापानी दल का नेतृत्व कर रहे जापानी राजदूत हिरोशी सुज़ुकी ने उत्तर प्रदेश में उद्योग व्यापार के असीम अवसरों, इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हो रहे कार्यों और मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व की प्रशंसा की और कहा कि जापान के निवेशक यहां की नीतियों से उत्साहित हैं। निवेशकों का यह उत्साह भारत और जापान के मजबूत संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाना होगा। कुबोटा एग्रीकल्चरल मशीनरी इंडिया के चेयरमैन व एमडी, निखिल चंद्रा ने कानपुर स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में एस्कॉर्ट कुबोटा फार्म इंस्टिट्यूट की स्थापना को लेकर अपनी रुचि जताई। विशेष बैठक में जापानी राजदूत के अतिरिक्त, जापानी दूतावास के पॉलिटिकल काउंसलर केंतारो ओरिता, जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी के मुख्य प्रतिनिधि मित्सुनरी साइतो, जापान एक्सटर्नल ट्रेड संगठन के चीफ डायरेक्टर जनरल ताकाशी सुज़ुकी, जापान फाउंडेशन, नई दिल्ली के डायरेक्टर जनरल तोशीटोको कुरिहारा, जेसीसीआईआई के सेक्रेट्री जनरल केंजी सुगिनो, मित्सुबिशी कारपोरेशन के चेयरमैन व एमडी यूजी तागुची, कुबोटा एग्रीकल्चरल मशीनरी इंडिया के चेयरमैन व एमडी, निखिल चंद्रा, ओएमसी पॉवर के सीईओ व एमडी रोहित चंद्रा, कॉगनवी इंडिया के एमडी मित्सुताका सेकिनो, होंडा कार इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रेसीडेंट प्रवीण परांजपे सहित जापानी दूतावास के अनेक अधिकारी गण मौजूद रहे।

# सीएम योगी ने राजस्व मामलों में लापरवाही पर दर्जनभर जिलाधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से राजस्व मामलों को लेकर लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। अब इसमें खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों पर गाज गिरना शुरू हो गई है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 12 जिलों के डीएम, सहित विभिन्न तहसीलों के एसडीएम और तहसीलदारों के खिलाफ योगी सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। बीते 31 अक्टूबर को की गई राजस्व परिषद् की उच्च स्तरीय समीक्षा में कुल राजस्व वादों, पैमाइश, नामांतरण और कुर्रा-बंटवारा के निस्तारण में खराब प्रदर्शन करने वाले जनपदों के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण, उपजिलाधिकारियों को चेतावनी और तहसीलदारों को प्रतिकूल प्रविष्टि थमाई गई है।

### हर 15 दिन पर हो रही उच्चस्तरीय समीक्षा

अपर मुख्य सचिव राजस्व परिषद् सुधीर गर्ग ने बताया कि प्रदेश में राजस्व मामलों के शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण पर मुख्यमंत्री का विशेष जोर है। राजस्व विवादों के चलते कई बार कानून-व्यवस्था के लिए चुनौतियां उत्पन्न होती हैं। ऐसे में प्रदेश के 2941 राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण करने के लिए दो माह का विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से दिये गये हैं। बता दें कि लंबित राजस्व मामलों के निपटारे की समीक्षा मुख्यमंत्री के स्तर पर हर 15 दिन में की जा रही है। खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने की सख्त हिदायत मुख्यमंत्री की ओर से दी गई है। ऐसे ही नामांतरण के मामलों के निपटारे में कोताही बरतने वाली दुद्धी (सोनभद्र), मिहिपुरवां (बहराइच), ओबरा (सोनभद्र), मेजा (प्रयागराज) और रायबरेली के तहसीलदारों को प्रतिकूल प्रविष्टि भेजी गई है। वहीं खराब निस्तारण वाले जनपदों रायबरेली, प्रतापगढ़, सोनभद्र, अयोध्या और संत रविदास नगर के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। कुर्रा-बंटवारा में खराब प्रदर्शन करने वाले जनपदों संत रविदास नगर, प्रतापगढ़, बलरामपुर, देवरिया और प्रयागराज के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### इन जिलों और तहसीलों के अधिकारियों पर हुई कार्रवाई

इसी के तहत कुल राजस्व मामलों के निस्तारण में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले जनपदों में प्रतापगढ़, जौनपुर, संत रविदास नगर, अयोध्या और रायबरेली के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके अलावा पैमाइश के मामलों में खराब प्रदर्शन वाली पांच तहसीलों सफीपुर (उन्नाव), लोनी (गाजियाबाद), कोरांव (प्रयागराज), नकुड़ (सहारनपुर) और फतेहाबाद (आगरा) के उपजिलाधिकारियों को चेतावनी जारी की गई है। वहीं इसी मामले में खराब प्रदर्शन करने वाले जनपदों मेरठ, संत रविदास नगर, प्रयागराज, शाहजहांपुर और आगरा के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# हाईकोर्ट के फैसले से 60-70 हजार कार्मिकों में पुरानी पेंशन की आस जगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक अप्रैल, 2005 के पहले चयनित लेखपालों के लिए पुरानी पेंशन का हकदार बताने से उत्तर प्रदेश के 60-70 हजार कार्मिकों व शिक्षकों में आस जगी है। वे इसी तरह के आधारों पर लंबे समय से पुरानी पेंशन दिए जाने की मांग कर रहे हैं। केंद्र सरकार भी 22 दिसंबर 2003 से पहले विज्ञापित या अधिसूचित पदों पर शामिल हुए कार्मिकों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प दे चुका है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अप्रैल 2005 के पहले चयनित लेखपालों पुरानी पेंशन का लाभ देने का हकदार बताया है। इससे पहले केंद्र सरकार ने भी केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम के तहत ऐसे कर्मचारियों को एनपीएस (नई पेंशन स्कीम ) से ओपीएस (पुरानी पेंशन स्कीम) में आने का विकल्प प्रदान किया था, जिनकी भर्ती का विज्ञापन 22 दिसंबर 2003 से पहले निकाला गया था। ऐसे कर्मियों को 31 अगस्त तक किसी एक विकल्प का चयन करने की मोहलत दी गई थी। यहां बता दें कि केंद्र सरकार ने अपने यहां एक जनवरी 2004 या उसके बाद नियुक्त कार्मिकों के लिए नई पेंशन स्कीम लागू की, जबकि यूपी में यह एक अप्रैल 2005 या उसके बाद नियुक्त कार्मिकों के लिए ओपीएस बंद करके एनपीएस लागू की। शिक्षकों की तरह ही राजस्व, सिंचाई, पीडब्ल्यूडी, एसजीपीजीआई, केजीएमयू समेत तमाम प्रमुख विभागों व राज्य विश्विद्यालयों में ऐसे कार्मिक हैं, जिनके चयन की प्रक्रिया एक अप्रैल 2005 से पहले शुरू हो चुकी थी, लेकिन ज्वाइनिंग उसके बाद हुई। इस कटऑफ डेट के बाद उत्तराखंड से यूपी आने वाले कार्मिक और एक सरकारी नौकरी छोड़कर दूसरी नौकरी ज्वाइन करने वाले कार्मिक भी पुरानी पेंशन की मांग कर रहे हैं। उनका कहना कि पहले वाले राज्य या विभाग में उन्हें ओपीएस का लाभ मिलता था, जो जारी रहना चाहिए। इन सब कार्मिकों की संख्या 15-20 हजार के बीच बताई जा रही है।

### बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग जुटा रहा ब्यौरा

उत्तर प्रदेश में 22 फरवरी 2004 को प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर करीब 38 बेसिक शिक्षकों का चयन हुआ था। इसके अलावा प्राथमिक व माध्यमिक विभाग में ऐसे शिक्षक भी हैं, जिनका चयन एक अप्रैल 2005 से पहले हो चुका था, लेकिन कार्यभार उसके बाद ग्रहण किया। इस तरह से करीब 45-50 हजार शिक्षक हैं, जो पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ मांग रहे हैं। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग ने ऐसे शिक्षकों का ब्यौरा जुटाना भी प्रारंभ कर दिया है।

# सरकार अपनी नाकामी छिपाने को कर रही है रेड

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार सिंह

**लखनऊ।** नशे करने का आदी नशा छोड़ना चाहता है। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि नशा छुड़ाओ सेंटर में हर सुविधा होनी चाहिए। लखनऊ में नशा इस कदर बढ़ गया है कि औसतन हर घर में कोई न कोई नशा करने वाला मिल ही जाएगा। सरकार नशे को रोकने में नाकाम रही है। अपनी इस नाकामी को छिपाने के लिए सरकार इन दिनों छापेमारी करवा रही है। नशा कारोबारियों को राजनीतिक संरक्षण हासिल है। नशा के छोटे कारोबार करने वालों को पकड़ने की बजाय नशे का कारोबार करने वाले बड़े मगरमच्छों को पकड़ने की जरूरत है। सिस्टम सुधर जाए तो सब कुछ सुधर जाएगा। पुलिस एक तरफ छापा मारती है और दूसरी तरफ फिर कारोबार शुरू हो जाता है।

### ठेको को बंद किया जाय न कि उसकी संख्या बढ़े

वक्त आ गया है कि हम सभी अपनी सोच बदल लें। नशा बिकता है व उसे देखकर अक्सर लोग यही कहते है कि हमे क्या करना है। यह सोच को बदलने की जरूरत है। अगर हम नशे का कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस प्रशासन को देंगे तो पुलिस उनपर कार्रवाई करेगी और ऐसे लोगों की संख्या में कमी आएगी। सरकार को भी सख्त होना पड़ेगा। काम के प्रति जब हम इमानदार होंगे उस दिन हम जरूर तरक्की कर जाएंगें। शराब के ठेकों की संख्या में भी कमी सरकार को करनी चाहिए। अभिभावक बच्चों को नशे के बुरे परिणाम की जानकारी जरूर दें। नशा हमारे समाज को खोखला कर रहा है। हमें एकजुट होकर नशे के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए।





### स्कूली सिलेबस में दर्ज हो नशे के दुष्प्रभाव का विषय

नशा दो प्रकार का होता है। एस अप्रूवड व एक अनएप्रूव्ड। दोनों प्रकार के नशे की बिकवाली पर सरकार तुरंत प्रतिबंध लगा दे। समय की मांग है कि इस विषय को स्कूल में पढ़ाया जाए। नशा लोगों को आसानी से मिलता रहा तो हमारे यूथ का हाल बुरा ही होगा। यह यूथ को इतना खोखला कर दिया है कि अब खेलों में उत्तर प्रदेश के नौजवान कम ही नजर आते हैं। सरकार को चाहिए कि वे खेलों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करे ताकि युवा नशे से कोसों दूर रहे। नशों के खिलाफ हम सभी को मिलजुल कर आवाज उठानी पड़ेगी।

### देश में केवल डे-सेलीब्रेट करने से कुछ नहीं होगा

सरकार को सख्ती करनी होगी तभी नशा करने वाले सरकार से डर सकेंगे और हमारी युवा पीढ़ी नशे से बच सकेगी। अभी हमारे देश में केवल डे सेलीब्रेट किया जा रहा है। ऐसा करने से कुछ नहीं होने वाला। टोबेको डे बेशक सभी मना रहे है पर तंबाकू उत्पाद पर जब तक प्रतिबंध नहीं लगता तब तक इस प्रकार के दिन मनाने का कोई फायदा नहीं है। तंबाकू से कैंसर रोग फैलता है। कैंसर रोग का इलाज महंगा है। महंगा इलाज करवाना हर कैंसर रोगी के बस में नहीं है। सरकार को चाहिए कि वे तंबाकू उत्पाद पर तुरंत प्रतिबंध लगा दें।

### सरकार के प्रयास का कोई भी इंपैक्ट नहीं दिख रहा है

उत्तर प्रदेश में नशा अपना पैर पसार चुका है। तभी तो लोकसभा चुनाव में यह अहम मुद्दा बना। अधिकांश यूथ नशे की गिरफ्त में है। ऐसा नहीं है कि सरकार नशा रोकने के लिए प्रयास नहीं कर रही, कर रही है पर उसका इंपेक्ट नहीं हो रहा है। नशा तभी रुकेगा जब सरकार कोई ठोस कानून बनाएगी और कानून के रखवाले उस कानून को लागू करवाएंगे। नशे के खिलाफ सरकार ने इन दिनों जो मुहीम छेड़ी है वह अच्छी है और भविष्य में भी यह इसी प्रकार से चलती रहे तभी नशा पर अंकुश लग सकेगा।

### जागरूकता बढ़ाने की नहीं एक्शन की अब जरूरत है

नशे के खिलाफ जागरूकता की नहीं अब समय है कि नशे के कारोबार करने वालों के खिलाफ सरकार सख्त एक्शन लें। क्योंकि सख्ती के बिना नशे के व्यापार को बंद नहीं किया जा सकता है। सभी को मिलकर पुलिस, प्रशासन व राजनीतिक नेताओं पर दबाव बनाना होगा। नशा जो युवा छोड़ना चाहता है हम सभी को मिलकर उसकी मदद करनी चाहिए। नशा छुड़ाओ सेंटरों की हालत को भी सुधारने की जरूरत हैं। नशा बेचने वालों का समाज में बहिष्कार होना चाहिए। तभी समाज से नशे का खात्मा होगा।

### नशे के खिलाफ मिलकर चलाना होगा हमें अभियान

सिगरेट या फिर बीड़ी का नशा भी किसी नशे से कम नहीं है। कई सालों से सरकार नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान छेड़े हुए है। नशा करने वाले व्यक्ति यह धारणा बना लेते है कि वे आसानी से छोड़ नहीं सकते है पर असल में ऐसा कुछ नहीं है। नशा छोड़ सकता है जिसकी इच्छाशक्तिमजबूत होगी। शिक्षा विभाग को भी चाहिए कि वे स्कूल के स्लैब्स में नशे के दुष्प्रभाव के चैप्टर को जोड़े। हमारी संस्था भी लोगों को नशे के बुरे प्रभाव के बारे में समय-समय पर जागरूक करवाती रहती है। हमें मिलजुलकर अभियान चलाना होगा।

### नशा समाज को घुन की तरह खाये जा रहा है

सरकार की मुख्य आय शराब से होती है। इसलिए हर साल सरकार शराब के ठेकों की संख्या बढ़ा देती है। शराब पीने वाले के परिजन कभी उससे खुश नहीं रह सकते। सरकार को चाहिए की शराब की बिकवाली पर तुरंत प्रतिबंध लगाए। सरकार ने इन दिनो जो नशे के खिलाफ सख्ती की है। वह सही है अच्छा तो तब है जब भविष्य में भी इस प्रकार की पुलिस वर्किंग करती रहे। नशा हमारे समाज को घुन की तरह खा रहा है। शराब के अलावा मेडिकेटेड नशा भी सूबे में खूब बिक रही है। लोगों को नशे के प्रति जागरूक करना बेहद जरुरी है। भारत का नागरिक होने का फर्ज निभाना है तो हम सभी को मिलकर नशे के खिलाफ अभियान छेड़ना होगा।

### अपने घर के वातावरण को सुधारना जरूरी है

घर में अगर कोई नशे का सेवन करेगा तो बच्चे उसे जरूर फालो करेंगे। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि हम सभी को अपने घर के वातावरण को सुधारना होगा। नशा हमारे समाज के लिए अच्छा संकेत नहीं है। शराब पिलाना आजकल पार्टियों की शान बन चुका है। इसलिए हम सभी को मिलकर इस रुझान को बंद करना होगा। भारत की सभ्यता यह नहीं कहती कि यूथ नशे की जकड़न में रहे। युवाओं को कामकाज में लगाना बेहद जरूरी है, क्योंकि खाली दिमाग शैतान का घर होता है। अगर नशा करने वाले की इच्छा शक्ति मजबूत होगी, तभी वह अपना नशा छोड़ सकता है।

### समय की मांग नशे को जड़ से समाप्त करने की

नशे के चंगुल में हर वर्ग के लोग हैं। नशा आसानी से मिल रहा है। इसलिए लोग इसका प्रयोग कर रहे हैं। पहले यह शौक होता है पर बाद में यह आदत बन जाती है। समय की मांग है कि नशे को जड़ से समाप्त किया जाए, ताकि यह अपने जड़ों को और न फैला सके। सभी स्कूल प्रबंधकों को चाहिए कि वे अपने स्कूल में बच्चों को नशे के बुरे प्रभाव के बारे में रेगुलर जानकारी दें। नशा आखिर कैसे फैल रहा है इस बात पर मंथन करना बेहद जरूरी है। हमें एकजुट होकर इसका प्रयास करना होगा कि लोग नशे के चंगुल में न फंसे। और जो नशा कर रहे हैं, उन्हें नशा छुड़ाने के लिए प्रेरित करने की मुहिम चलाने की जरूरत है।

### स्कूली बच्चों को जागरूक करने की जरूरत है

छोटी उम्र के बच्चे भी आजकल नशा करने लगे हैं। स्कूल में सभी छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में स्कूल प्रबंधन विस्तार से जानकारी दें। हमारे धार्मिक नेताओं को भी चाहिए कि वे नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में अपना योगदान जरूर दें। सोच बदलने की भी जरूरत है। शराब पीना एक स्टेट्स सिंबल बनता जा रहा है। कानून में भी बदलाव की आवश्यकता है। नशा कारोबारी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अगर हम सभी एकजुट होंगे तभी नशे की रोकथाम हो सकेगी। सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए।

# एस आर ग्रुप का 'उड़ान 2023' भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी


**बीकेटी, लखनऊ।** बख्शी का तालाब स्थित एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन की संस्था एस आर ग्लोबल स्कूल में शुक्रवार को **उड़ान 2023** वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री पर्यटन जयवीर सिंह, मंत्री मनकेश्वर शरण सिंह (संसदीय कार्यमंत्री), राज्यमंत्री रजनी तिवारी (उच्च शिक्षा), मंत्री अनूप प्रधान (राजस्व), मंत्री सतीश शर्मा (खाद्य एवं रसद), मंत्री जसवंत सिंह सैनी (औद्योगिक विकास), मंत्री सूर्य प्रकाश शाही (कृषि) मंत्री दानिश राजा अंसारी (अल्पसंख्यक कल्याण), मंत्री संदीप कुमार सिंह (बेसिक शिक्षा) मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप (पिछड़ा वर्ग कल्याण), केंद्रीय मंत्री आवास एवम शहरी विकास कौशल किशोर, धर्म पाल सिंह महामंत्री संगठन भाजपा उत्तर प्रदेश, मंत्री कारागार सुरेश राही, युवा नेता नीरज सिंह, सभापति मानवेन्द्र सिंह, महंत राजू दास हनुमानगढ़ी, इंजी अवनीश सिंह एमएलसी, विधायक नीरज बोरा,




विधायक योगेश शुक्ला आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर की गई। जिसमें एमएलसी सहित सभी अतिथि गण ने दीप प्रज्वलित किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने नाट्य नाटिका, संगीत वादन एवं नाटक मंचन, नृत्य कर सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया, एसआर ग्लोबल स्कूल और एस आर इंटरनेशन स्कूल एंड स्पोर्ट्स एकेडमी, प्राइमरी से लेकर उच्च माध्यमिक तक की शिक्षा सीबीएसई/आईसीएसई बोर्ड से प्रदान करता है जिसके छात्र हर वर्ष शिक्षा में नई कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि छात्रों के लिए विशिष्ट शैक्षिक व्यवस्था एवं संस्थान में उच्च कोटि के संसाधन बहुत ही कम मूल्य पर प्रदान किये जा रहे है जो की राष्ट्र सेवा के समतुल्य ही है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लखनऊ के ग्रामीण अंचल में होकर भी एस आर के प्रबंधको एवं कर्मचारियों के परिश्रम से दिव्य संस्थान बनाया गया है पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि संस्थान के कर्मठ मुखिया के संस्कार हर कर्मचारी में दिखाई पड़ते है। एस आर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान एमएलसी जी ने कहा की छात्र के भविष्य का सृजन गुरु के द्वारा होता हैं जो राष्ट्र सेवा के समान है। गुरु के संस्कार परिवार, फिर समाज,और देश निर्माण जैसे ही है। सभी आये हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### सरोसा भरोसा में ग्राम समाज की जमीन बेच रहे भू-माफिया

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** सरोजनी नगर के अंतर्गत ग्राम सरोसा भरोसा है खसरा नंबर 750 जो पांच हज़ार स्क्वायर फिट में मकान मैरिज लॉन बना रखा है खसरा नंबर 637 को दिखा कर ग्राहक को 637 से सटी ग्राम समाज की भूमि जमीन है उसमे ग्राहक को प्लाट बेचकर व कब्जा देकर सरकार को धोखा दे रहा है व धन उगाही कर रहे है इस प्रकरण को लेकर राजस्व विभाग के अधिकारियों के कान में इयर फोन लगा कर बैठे हैं। हरिश्चंद्र यादव की पहुंच उत्तर प्रदेश के अधिकारियों में अच्छी पहुंच है विश्वस्त सूत्रों द्वारा जानकारी मिली कि भूमि पर गांव की रहने वाले हरिश्चंद्र यादव ने अपना गैराज बना रखा है आपको बता दें हरिश्चंद्र यादव दबंग भू माफिया का गांव में काफी वर्चस्व है, उसका कहना है कि हमारा कोई कुछ नहीं कर पाएगा यहां से लेकर तहसील तक के अधिकारियो में अच्छा वर्चस्व स्थापित कर रखा है।





## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## ममता बनर्जी की भूख हड़ताल आज तक बंगाल की आर्थिक सेहत पर भारी पड़ रही

**देखा जाये तो यह फैसला राज्य सरकार के लिए बड़ा झटका है लेकिन ग्लोबल बिजनेस समिट की तैयारियों में जुटी पश्चिम बंगाल सरकार ने इस पर चुप्पी साध ली है और सत्तारुढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने बेहद सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। तृणमूल कांग्रेस ने टाटा मोटर्स की जीत को तवज्जो नहीं देते हुए कहा है कि यह ''अंतिम फैसला नहीं है'' तथा राज्य सरकार के सामने कानूनी रास्ते खुले हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस चाहे कुछ भी कहे लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि ममता सरकार को यदि सरकारी खजाने से टाटा को 766 करोड़ रुपए देने पड़े तो बड़ी मुश्किल हो जायेगी।**

*पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए खुद को उद्योग हितैषी दर्शाने के लिए काफी प्रयास कर रही है। ममता बनर्जी सरकार का दावा है कि राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल है इसलिए किसी को भी मौका चूकना नहीं चाहिए। इसके लिए ममता बनर्जी की सरकार इसी नवंबर माह में 21 और 22 तारीख को कोलकाता में ग्लोबल बिजनेस समिट भी आयोजित कर रही है। इस बिजनेस समिट में देश-विदेश के निवेशक आ सकें इसके लिए खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोर्चा संभाला हुआ है। हाल ही में ममता बनर्जी स्पेन और दुबई की 10 दिवसीय यात्रा पर भी गयी थीं ताकि निवेशकों को बंगाल में आमंत्रित किया जा सके। लेकिन इसी बीच तृणमूल कांग्रेस का उद्योग विरोधी चेहरा तब फिर सामने आ गया जब एक मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम को निर्देश दिया कि वह घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स को सिंगूर संयंत्र में हुए नुकसान की भरपाई के लिए उसे 766 करोड़ रुपये का मुआवजा दे। देखा जाये तो आज भले ममता बनर्जी कह रही हों कि उनकी सरकार ने राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल बनाया है और तृणमूल कांग्रेस के शासन में बंगाल औद्योगिक विकास के मामले में आगे बढ़ा है लेकिन सच्चाई यह है कि 2006 में ममता बनर्जी ने अपनी छवि औद्योगिक विकास की विरोधी नेता की बना ली थी क्योंकि उन्होंने सिंगूर और नंदीग्राम में उद्योगों के लिए किये जा रहे भूमि अधिग्रहण का विरोध किया था। इसके नतीजतन टाटा नैनो को सिंगूर में अपनी कार परियोजना वापस लेनी पड़ी थी। उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री रहे नरेंद्र मोदी ने उद्योगों को आकर्षित करने के लिए टाटा नैनो प्रोजेक्ट को गुजरात के साणंद में लगाने में मदद की और जल्द ही मोदी की छवि उद्योग जगत के बीच विकासशील नेता की बन गयी थी। हालात ऐसे हो गये थे कि बंगाल से निवेशक दूर होते जा रहे थे वहीं गुजरात में देश ही नहीं विदेशी निवेशक भी रुचि दिखा रहे थे। देखा जाये तो टाटा नैनो के निर्माण प्लांट को पश्चिम बंगाल से बाहर भेजने के लिये दबाव डालना बड़ी भूल थी और इसने अन्य उद्योगपतियों के लिये बाधाएं पैदा करने का काम किया था। उस समय 1000 करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी टाटा मोटर्स के प्रोजेक्ट के उखड़ते दृश्य टीवी पर इतने बार दिखाये गये थे कि हर उद्योगपति ने यह बात अपने पल्ले बांध ली थी कि बंगाल में निवेश से दूर रहना है। इसलिए अब जब राज्य सरकार ग्लोबल बिजनेस समिट आयोजित करने जा रही है तब सिंगूर का भूत एक बार फिर सामने आकर खड़ा हो गया है जिसे देखकर सबके हाथ-पांव फूल रहे हैं। ममता बनर्जी सरकार की मुश्किल यह है कि वह अब यदि जोरदार तरीके से सिंगूर आंदोलन में अपनी भूमिका का बचाव करे तो निवेशक फिर भागेंगे। राज्य सरकार यदि इस मामले पर चुप्पी साधे रहेगी तब भी उद्योगपतियों के मन से संशय के बादल नहीं छंटेंगे। वैसे भी सिंगूर आंदोलन से तृणमूल कांग्रेस पल्ला इसलिए नहीं झाड़ सकती क्योंकि इसी की बदौलत वह वामपंथियों के दशकों पुराने शासन को उखाड़ कर सत्ता हासिल कर पाई थी। लेकिन उस आंदोलन की वजह से केवल औद्योगीकरण को ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल की प्रतिष्ठा को भी गंभीर नुकसान पहुंचा था। यह एक सच्चाई है कि एक समय पश्चिम बंगाल देश के बड़े औद्योगिक राज्यों में शुमार था लेकिन आज वह निवेश के लिए तरस रहा है। जहां तक टाटा मोटर्स के पक्ष में आये फैसले की बात है तो आपको बता दें कि टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा है कि तीन-सदस्यीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**फ़िल्म में 26/11 के आंतकी हमले और पाकिस्तान से भारत का बदला जैसे तमाम वो मुद्दे शामिल करते हुए दर्शाए गए हैं जिससे भारतीय समाज में नफ़रती माहौल बन सके। फर्जी देशभक्ति, धार्मिक उन्माद और समाज में नफ़रत फैलाने वाली फिल्म को दर्शकों ने सिरे से नकार दिया। फ़िल्म को पिटता देख खुद कंगना ने मीडिया के जरिये दर्शकों से फ़िल्म देखने की अपील भी की। यही नहीं सामाजिक विद्वेष के अगुआकारों ने इस बार भी सम्राट पृथ्वीराज की तरह यह फ़िल्म देखी और घड़ियाली आंसू बहाते हुए अपने अंधभक्तों को फ़िल्म देखने का संकेत भी किया लेकिन दर्शकों ने कोई तब्बजो नहीं दिया। शुरुआत से ही दम तोड़ने की कगार पर दिखी कंगना रनौत की तेजस।**



- दिनेश दुबे

## आजादी को भीख बताने वाली कंगना रणौत की फ़िल्म 'तेजस' को नहीं मिली दर्शकों की भीख!

**चूंकि फिल्म भारतीय वायुसेना की एक जांबाज पायलट तेजस गिल पर आधारित है, और इस बात को फ़िल्म के ट्रेलर में विशेष तौर पर दिखाया भी गया था कि किस तरह एक भारतीय जासूस को पाकिस्तान के आतंक वादियों ने पकड़ लिया है और वायुसेना की जांबाज पायलट तेजस गिल के रूप में कंगना रनौत उस मिशन में जाने के लिए आगे आती हैं।**

दिखावटी देशभक्ति के जरिये दो मज़हबों के बीच नफ़रत फैलाने की सोंची समझी साज़िश के साथ ही भारतीय वायुसेना की बहादुर लड़ाकू विमान महिला पायलट तेजस गिल की कहानी वाली फिल्म तेजस की कहानी फ़िल्म डायरेक्टर व लेखक सर्वेश मेवाड़ा को छोंड़कर न तो किसी अन्य लेखक या समीक्षक को पसंद आई और न ही सिनेमाघरों में दर्शकों को रास आई। सच कहा जाए तो देशभक्ति के नाम पर अंधभक्ति की पराकाष्ठा पार कर चुकीं फ़िल्म अभिनेत्री कंगना रणौत के साथ ही सत्ता के लिए नफ़रत फैलाने वालों को देश वासियों ने आइना दिखा दिया है। फ़िल्म तेजस बॉक्स ऑफिस पर ही पूरी तरह से पिट गई है। करीब 60 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म हफ़्ते भर में 6 करोड़ रुपये भी नहीं कमा पायी है। इससे साफ हो चुका है कि सत्तारूढ़ दल की ब्रांड अम्बेसडर बनकर देश की आजादी को भीख में मिली आजादी बताने वली कंगना खुद भिखारी बनने की कगार पर हैं। जंग-ए-आजादी के शहीदों का अपमान करना शायद फ़िल्म अभीनेत्री कंगना रणौत को भारी पड़ गया। आरएसएस और हिन्दू महासभा के पद चिन्हों पर चलने वालों की गोदी में अंधभक्त बनकर बैठने वाली कंगना रनौत की फ़िल्म ÷तेजस÷ भी अक्षय कुमार की ÷सम्राट पृथ्वीराज÷ की तरह ही फ्लॉप हो गई। कंगना की पिछ्ली कई फिल्मों का भी प्रदर्शन लगातार खराब ही रह चुका है। तेजस के बारे में शुरुआत से ही खबरें चौकानें वाली रहीं। खबरों के मुताबिक कई शहरों में फिल्म का एक भी टिकट नहीं बिका था, जिसके चलते सिनेमाघरों को शो कैंसिल करने पड़े। एक खबर के मुताबिक बिहार के पूर्णिया में रूपबानी सिनेमा हॉल के मालिक विशेक चौहान ने एक न्यूज पोर्टल से बातचीत करते हुए कहा था कि तेजस एक डिजास्टर है ! साल में पहली बार जीरो टिकट बिक्री के कारण मेरे थिएटर में सुबह का शो रद्द करना पड़ा। जबकि गुजरात के सूरत शहर में द फ्राइडे नामक मल्टीप्लेक्स चलाने वाले कीर्तीभाई वाघासिया ने दावा किया था कि उन्हें तेजस फ़िल्म के लगातार तीन दिन के 15 शो रद्द करने पड़े! सोंचने वाली बात ये है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विचार धारा को दबाकर नाथूराम गोडसे की जय जयकार करने वालों ने गांधी जयंती के दिन



**यहां पर यह भी बता दें कि इस फिल्म यानी तेजस को भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म साबित करने का भी जमकर ढिंढ़ोरा पीटा गया। यही नहीं इस फिल्म में यह भी दिखाया गया कि भारतीय जासूस को पाक आतंकियों से छुड़ाने के लिए मिशन पर गईं।**

2 अक्टूबर को ही फ़िल्म का टीजर क्यों जारी किया था ? आखिर क्या वजह थी कि देश के 91 वें भारतीय वायु सेना दिवस के दिन 8 अक्टूबर को फिल्म का ट्रेलर क्यों रिलीज किया गया ? जिसमें कंगना रनौत को शक्तिशाली वायु सेना पायलट तेजस गिल के रूप में दिखाया गया था। फ़िल्म का ट्रेलर देखने से पता चल गया था कि फिल्म एक्शन और देशभक्ति से भरपूर होगी। देशभक्ति, आतंकवाद, दुश्मन देश,हिन्दू-मुस्लिम और धार्मिक आस्था के प्रतीक भगवान श्रीराम के मंदिर पर हमला करने की साज़िश जैसी आग लगाने वाली कहानीयुक्त फ़िल्म तेजस को हिट करने के लिए अभीनेत्री कंगना ने वो सबकुछ किया जो नहीं किया जाना चाहिए था। समुदाय विशेष को आकर्षित करने के लिए वो पूरे तामझाम और ग्लैमर के साथ अयोध्या भी गई। एक ऐसे देश के दूतावास भी गईं, जहां जाने से सम्प्रदाय विशेष में गलत संदेश जाए। सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखी और डायरेक्ट की गई रोनी स्क्रूवाला द्वारा प्रड्यूस फिल्म पिछले हफ्ते 27 अक्टूबर 2023 को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस एक्शन फिल्म में काफी समय बाद कमबैक हुई कंगना को अपने फैंस का बेसब्री से इंतजार था। चूंकि फिल्म भारतीय वायुसेना की एक जांबाज पायलट तेजस गिल पर आधारित है, और इस बात को फ़िल्म के ट्रेलर में विशेष तौर पर दिखाया भी गया था कि किस तरह एक भारतीय जासूस को पाकिस्तान के आतंक वादियों ने पकड़ लिया है और वायुसेना की जांबाज पायलट तेजस गिल के रूप में कंगना रनौत उस मिशन में जाने के लिए आगे आती हैं, जिसके तहत भारतीय जासूस को पाक आतंकियों से छुड़ाने के लिए ऑपरेशन की तैयारी की गई है। यहां पर यह भी बता दें कि इस फिल्म यानी तेजस को भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म साबित करने का भी जमकर ढिंढ़ोरा पीटा गया। यही नहीं इस फिल्म में यह भी दिखाया गया कि भारतीय जासूस को पाक आतंकियों से छुड़ाने के लिए मिशन पर गईं जांबाज महिला पायलट को जब ये पता चला कि आतंकवादियों द्वारा राम मंदिर पर बम धमाका किया जायेगा और भारत में हिंदू-मुस्लिम दंगा होगा। फ़िल्म में 26/11 के आंतकी हमले और पाकिस्तान से भारत का बदला जैसे तमाम वो मुद्दे शामिल करते हुए दर्शाए गए हैं जिससे भारतीय समाज में नफरती माहौल बन सके। फर्जी देशभक्ति, धार्मिक उन्माद और समाज में नफ़रत फैलाने वाली फिल्म को दर्शकों ने सिरे से नकार दिया। फ़िल्म को पिटता देख खुद कंगना ने मीडिया के जरिये दर्शकों से फ़िल्म देखने की अपील भी की। यही नहीं सामाजिक विद्वेष के अगुआकारों ने इस बार भी सम्राट पृथ्वीराज की तरह यह फ़िल्म देखी और घड़ियाली आंसू बहाते हुए अपने अंधभक्तों को फ़िल्म देखने का संकेत भी किया लेकिन दर्शकों ने कोई तब्बजो नहीं दिया। शुरुआत से ही दम तोड़ने की कगार पर दिखी कंगना रनौत की तेजस ने जहां चौथे दिन सोमवार को केवल 40 लाख रुपये की कमाई की थी वहीं पांचवें दिन फिल्म ने महज 35 लाख रुपये की ही कमाई कर पायी है। कुल मिलाकर 5 दिनों में 60 करोड़ रुपये से भी अधिक बजट में तैयार हुई इस फिल्म ने हफ्ते भर में महज 6 करोड़ रुपये की ही कमाई की है। जिससे साफ है कि फ़िल्म मेकर भिखारी बनने की कगार पर पहुंच गए हैं।

### एक्सप्रेस कविता

*हे ईश्वर जमीं नही दी,आसमान तो दे,*
*थोड़ा जीने का अदद सामान तो दे।*
*बहुत अभिलाषा,लिप्सा,आकांक्षा नहीं,*
*जीने का कोई तरीका आसान तो दे ।*
*रोज खाली हाथ लौटता हूं घर अपने,*
*इंसानियत का भला करने का इमान तो दे।*
*गीली ठंडी जमीं पर सोता हूं मैं रोज,*
*आसमानो को भेदने,तीर कमान तो दे।*
*बिना रोए दूध नहीं पिलाती मां बच्चे को,*
*ना मांगू किसी से कुछ ऐसा वरदान तो दे।*
*बिना आवाज दिए देखता नहीं कोई,*
*मिल जाए सब को सब,ऐसा ज्ञान तो दे।*
*नन्हे हाथ मेरे पहुंचते नहीं तुझ तक,*
*ज्ञान के आलोक की कोई जुबान तो दे।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

***इंसान के जिस्म का सबसे खुबसूरत हिस्सा दिल होता है, अगर वही साफ़ नहीं हैं तो चमकता चेहरा किसी काम का नहीं।***




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 24:59 तक |
| नक्षत्रः | पुनर्वसु 07:57 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | साध्य, 13:02 |
| सूर्योदयः | 06:35 |
| सूर्यास्तः | 17:33 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 09:20-10:42 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:42-12:25 |

## जन एक्सप्रेस

### रहे जीत ये जारी !

*गर्व की अनुभूति ।*
*रहे जीत ये जारी ।।*
*फिर भी आगे और बहुत ।*
*है करनी तैयारी ।।*
*मार रहे मैदान ।।*
*सिलसिला बढ़ाना ।।*
*रहा निहार ऐसे ही ।*
*नज़रों से ज़माना ।।*
*लाई मेहनत रंग ।*
*है हुआ सुधार ।।*
*हो गई है बल्ले बल्ले ।*
*दिन पर दिन निखार ।।*
*झूम रहे प्रशंसक ।*
*लेकर के आनंद ।।*
*चेहरे पर मुस्कान भी ।*
*रहती मंद मंद ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## मोटापा और डायबिटीज बढ़ाते हैं अग्नाशय के कैंसर का जोखिम



**मोटापा** और डायबिटीज दोनों ही सेहत को कई तरीकों से प्रभावित करते हैं। आमतौर पर मोटापा भी डायबिटीज के जोखिम को बढ़ाता है। अगर आप मोटापे के साथ ही डायबिटीज के भी शिकार हैं तो ऐसी स्थिति कैंसर को भी बढ़ावा दे सकती है। हाल ही में जर्नल सेल मेटाबॉलिज्म में प्रकाशित एक स्टडी के मुताबिक शरीर में वसा और डायबिटीज होने से अग्राशय के कैसर का जोखिम बढ़ता है।

**क्या कहती है स्टडी?:** स्टडी के शोधकर्ताओं के मुताबिक मोटापा, डायबिटीज और अग्राशय का कैंसर होने का आपस में सीधा संबंध है। दरअसल, मोटापे से ग्रसित लोगों में इंसुलिन का लेवल सामान्य लोगों की तुलना में थोड़ा ज्यादा होता है। शरीर में इंसुलिन ज्यादा होने पर यह पेनक्रियाइटिस एसिनार सेल्स को उत्तेजित करता है। साथ ही साथ डायजेस्टिव जूस का भी उत्पादन अधिक होता है। जिससे अग्राशय में सूजन हो सकती है और यह पेनक्रेसेरस सेल्स में भी तब्दील हो सकती हैं।

**इंसुलिन का पड़ता है अग्राशय पर सीधा असर:** डॉ. अन्री जिआंग, यूबूसी के मुताबिक इंसुलिन का अग्राशय पर सीधा असर पड़ता है। इसका उत्पादन अगर शरीर में ज्यादा होता है तो ऐसे में यह धीरे-धीरे कैंसर में तब्दील हो सकता है। उन्होंने बताया कि स्टडी में पाया गया कि हाइपरइंसुलेनेमिया इंसुलिन रिसेप्टर्स के जरिए एसिनियार सेल्स को एक्टिवेट करती है और कैंसर के जोखिम को बढ़ाती है।

**अग्राशय के कैंसर से बचने के तरीके:** अग्राशय के कैंसर से बचने के लिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहें साथ ही नियमित तौर पर एक्सरसाइज और योग करें। इस कैंसर से बचने के लिए शराब और धूम्रपान से दूरी बनाए रखें। अग्राशय के कैंसर से बचने के लिए हेल्दी डाइट लें साथ ही साथ वजन को भी नियंत्रित रखें। इसके लिए नियमित तौर पर कैंसर की जांच कराते रहें। शरीर के किसी हिस्से में दर्द होने या फिर अचानक वजन घटने पर चिकित्सक की सलाह लें। उम्र बढ़ने पर भी इस कैंसर के बढ़ने का जोखिम बढ़ता है। इसलिए उम्र बढ़ने पर भी खान-पान और एक्सरसाइज पर ध्यान दें।

### एक्सप्रेस विशेष



- डॉ ओ0पी0 मिश्र

## सत्ता की खातिर 'सिस्टम' को 'करप्ट' न कीजिए

**पवन खत्री के ऊपर भी 5 करोड रुपए लेने का आरोप लगाया गया था। यह वही पवन खत्री है जिन्होंने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जेल भेजा था। इतना ही नहीं तमिलनाडु की एक अदालत ने तो स्पष्ट टिप्पणी की थी कि ईडी के अधिकारी एक्सटॉर्शन का काम करते हैं।**

**जबकि दूसरी तरफ सरकार डायरेक्ट हस्तक्षेप करके एनसीपी नेता अजित पवार को महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाती है। ऐसे में सिस्टम के उन अधिकारियों पर क्या बीती होगी जिन्होंने अजीत पवार को नोटिस दिया उनसे घंटो घंटो पूछताछ की, उनकी संपत्ति को सीज किया, उन पर मुकदमा बनाया। मतलब साफ है कि अपने को बचाने के लिए सत्तारूढ दल ने सिस्टम को करप्ट किया?**

**सत्ता** और सिस्टम एक तराजू के दो पलड़े है इन्हीं पलडो पर लोकतंत्र टिका हुआ है दोनों पलडो के बीच समन्व सामंजस्य से होना बहुत आवश्यक है लेकिन इस समन्वय और सामंजस्य का मतलब यह कतई नहीं है कि सिस्टम सत्तारूढ दल की सत्ता बनाए रखने के लिए राजनीति करने लगे और सत्तारूढ दल के विरोधियों के विरुद्ध सिस्टम का डंडा चलाने लगे, उन्हें टारगेट करने लगे। इतिहास गवाह है कि जब कभी सिस्टम करप्ट हुआ है तो उसने लोकतंत्र की बुनियाद को ही कमजोर किया है। वैसे सिस्टम का करप्ट होना या सत्तारूढ दल के हर अच्छे और बुरे काम में सहभागी होना कोई नई बात नहीं है। ये हमेशा से होता आया है और आज भी हो रहा है। बस फर्क यह है कि कभी कम होता है तो कभी सिस्टम पूरी तरह से सत्तारूढ दल की परछाई बन जाता है। सिस्टम को यह ध्रुव सत्य समझना चाहिए की सत्तारूढ दल का विरोधी या विरोधी राजनीतिक दल उसके विरोधी नहीं बल्कि लोकतंत्र का हिस्सा है। और लोकतंत्र के इस हिस्से को कमजोर करना उन पर दबाव बनाना या उनको अपनी ताकत का भय दिखा कर डराना कतई उचित नहीं है। क्योंकि इस तरह तो लोकतंत्र की बुनियाद ही हिल जाएगी और डिक्टेटरशिप का बोलबाला हो जाएगा। आज की तारीख में पूरा सिस्टम और पूरा नौकरशाही एक ही काम में लगी है और वह काम है सत्तारूढ दल की जय जय कार करना तथा विरोधीयो या विपक्षी दलों को किनारे लगाना। सत्तारूढ दल को भी यह ध्रुव सत्य समझना चाहिए कि लोकतंत्र में प्रत्येक 5 वर्ष के बाद चुनाव में जाना होता है जहां देश की जनता उनका मूल्यांकन करती है और उसके बाद वह वोट देती है। सत्तारूढ दल को यह भी समझना चाहिए कि आप कोई 60 या 65 वर्ष की नौकरी करने नहीं निकले हैं जहां से आपको हटाया नहीं जा सकता या निकाला नहीं जा सकता। जब आप जनता द्वारा हटा दिए जाएंगे तो वही सिस्टम जो आपकी चेरी बनकर काम कर रहा था आपकी पोल खुलेगा , आपको नंगा करेगा। इसलिए लोकतंत्र के लिए यही अच्छा है कि सिस्टम को अपने हिसाब से काम करने दिया जाए उसको सत्तारूढ दल का सेवक नहीं बल्कि लोक सेवक यानी पब्लिक सर्वेंट के रूप में काम करने दिया जाए। वरना उसकी सत्य निष्ठा पर तो सवाल उठेंगे ही जैसे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईडी और सीआरपीएफ पर सवाल उठाते हुए कहा कि इन केंद्रीय एजेंसियों की गाड़ियों की भी तलाशी होनी चाहिए क्योंकि इन गाड़ियों में बक्सों में रुपये भर कर आते हैं, जिनका इस्तेमाल चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया जाएगा। इस तरह के आरोप जब किसी राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा लगाए जाएंगे तो उसका संदेश दूर तक जाएगा और लोग यह सोचने को मजबूर होंगे कि शायद सत्तारूढ दल ने सिस्टम को करप्ट कर दिया है? वैसे ऐसा नहीं है की इन्कम टैक्स, सीबीआई और ईडी के अधिकारी करप्ट नहीं है या भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं है। लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त होना या भ्रष्टाचार करना उस भ्रष्टाचार से बिल्कुल भिन्न है जो सत्तारूढ दल के इशारे पर यह एजेंसियां विपक्षी दलों के नेताओं पर करती है। आज पूरे देश में ईडी का बोलबाला है जैसे कभी सीबीआई का बोलबाला था। लेकिन आखिर क्या कारण रहा की गैर भाजपा शासित सरकारों ने सीबीआई को अपने यहां आने पर बैन कर दिया? सीधा सा जवाब है कि सीबीआई विपक्षी नेताओं के मुताबिक करप्ट हो गई थी। अब उन्ही राज्यों में ईडी का प्रवेश हुआ है। बताया जाता है कि करीब 125 विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी ने फाइल खोल रखी है। इन विपक्षी नेताओं पर शिकंजा तब कसा जाता है जब सत्तारूढ दल इशारा करता है। यही कारण है कि आज आम आदमी जो भ्रष्टाचार के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल का तो स्वागत करता है लेकिन चुनाव के समय ही इस तरह के कारगुजारियों पर सवाल उठता है । और कहता है कि यह सत्तारूढ दल की हताशा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी एक तरफ कहते हैं कि भ्रष्टाचार पर प्रहार रूकेगा नहीं दूसरी तरफ उन्हीं की ईडी के अधिकारी रिश्वत लेते पकड़े जाते हैं। यह सही है कि किसी भी व्यवस्था में भ्रष्ट और करप्ट लोगों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए लेकिन ऐसा हो रहा है और कहा जा रहा है कि पैसा ऊपर तक जा रहा है। जांच एजेंसियो के करप्ट होने का मतलब सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ना, सरकार की कार्य प्रणाली पर शंका होना आदि आदि। क्या गजब की बात है कि मणिपुर के मामले को राजस्थान में निपटाया जाता है और निपटाने के लिए 17 लाख रुपये की रिश्वत ली जाती है। वैसे ईडी के भ्रष्टाचार का यह कोई पहला मामला नहीं है बल्कि इससे पहले के भी कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं।

# आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने से आहत युवती ने फांसी लगा जीवन लीला की समाप्त

**सड़क पर उतरे बजरंग दल के कार्यकर्ता**

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** संपूर्णानगर कस्बे में गुरुवार को 17 वर्षीय युवती का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। जानकारी के अनुसार युवती का आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने से आहत थी। मृतका की मां ने कस्बे के ही दूसरे समुदाय के युवक पर वीडियो वायरल करने और शिकायत पर पिटाई करने का आरोप लगाया।किशोरी की मौत ने तूल पकड़ लिया है।घटना से गुस्साए परिजन और बजरंग दल के कार्यकर्ता शुक्रवार को सड़क पर उतर आए। परिजनों ने सड़क पर जाम लगाने का प्रयास भी किया।मृतका की मां ने बताया कि गुरुवार को उसकी 17 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी। वह दूसरी बेटी और बेटे के साथ पलिया गई थी। वह शाम करीब चार बजे घर पहुंची तो दरवाजा खुला मिला। अंदर पहुंच कर देखा तो कमरे में पंखे से बेटी का शव लटका हुआ था। महिला का आरोप है कि कस्बे के ही अन्य समुदाय के एक युवक ने कुछ दिन पूर्व बेटी का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर डाल दिया था।

**आरोपी पर पिटाई का भी आरोप**

महिला ने आरोप लगाया कि एक सप्ताह पहले वह आरोपी के घर पर शिकायत करने पहुंची तो आरोपी पक्ष ने पिटाई कर भगा दिया। इसको लेकर बेटी काफी परेशान थी।थानाध्यक्ष सियाराम वर्मा ने बताया कि किशोरी के शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतका की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।इधर शुक्रवार को किशोरी के परिजन और बजरंग दल के कार्यकर्ता घटना के विरोध में सड़क पर उतर आए हैं। उन्होंने सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया। दूसरे समुदाय के युवक पर गंभीर आरोप लगाए।परिजन आरोपी पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस परिजनों को समझाने मे जुटी है।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी मारपीट विवाद को भाजपा जिलाध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मिल सुलझाने का किया प्रयास

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शहर के रेलवे स्टेशन गेट पर गुरुवार की शाम कुछ लोगों ने ट्रैफिक सिपाही को बुरी तरह पीटा, रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी राणा प्रताप सिंह ने युवकों को टोका जिसके बाद विवाद युवक भड़क गए, आरोप है की जिन लोगों ने ट्रैफिक पुलिस कर्मी को पीटा है वो सत्ताधारी पार्टी से जुड़े लोग हैं। ट्रैफिक पुलिस कर्मी की पिटाई से पुलिस कर्मियों में भारी रोष है। ट्रैफिक पुलिस के सिपाही राणा प्रताप सिंह ने सदर कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कारवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने अमीय त्रिपाठी, सुमित पुरी, राम पाण्डेय सहित 8-10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**मामला जल्द ही निपटा लिया जाएगा : सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष**

जिलाध्यक्ष सुनील सिंह सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता एसपी से मिले, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि कुछ युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं और ट्रैफिक सिपाही के बीच कुछ गलतफहमी हो गई थी, हम लोगों ने अपना पक्ष पुलिस अधीक्षक महोदय के सामने रखा है, एसपी ने निष्पक्ष जांच का दिया आश्वासन, हमारे कार्यकर्ताओं से कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं उसको मिस स्टैंडिंग कह सकते हैं जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा मामला जल्द ही निपटा लिया जाएगा।

## यातायात नियमों को लेकर छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । हरदोई

कछौना के जनता इण्टर कॉलेज में शुक्रवार को यातायात माह के तहत जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कछौना पुलिस ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी, कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने में स्कूली बच्चों की भूमिका अहम है। उन्होंने बच्चों से जिम्मेदार बनने और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का भी आह्वान किया। सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग होना चाहिए। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का मतलब है कि आप अपने जीवन की सुरक्षा के प्रति सजग है। वाहन चलाते समय संकेतकों और यातायात नियमों का पालन करें। बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाए और न ही चलाने दें। बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नशे में स्वंय वाहन न चलाएं और न किसी को वाहन न चलाने दें। देश में सबसे अधिक सड़क हादसे में ही लोगों की मृत्यु होती है।

## सपा को झटका, जनपद खीरी से 4 बार के सांसद रवि वर्मा ने पार्टी से इस्तीफा दिया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के महासचिव रवि प्रकाश वर्मा ने इस्तीफा दे दिया है।उन्होंने इस संबंध में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखा है। कहा जा रहा है कि रवि वर्मा और उनकी बेटी पूर्वी जल्द ही कांग्रेस में शामिल हो सकते जनपद लखीमपुर खीरी में सपा के दिग्गज नेता और चार बार सांसद रहे रवि प्रकाश वर्मा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।वर्मा को क्षेत्र में कुर्मी वोट बैंक का बड़ा चेहरा माना जाता है।वे सपा में महासचिव भी रहे हैं। संसदीय बोर्ड के सदस्य रह चुके हैं।ऐसी अटकलें हैं कि वर्मा सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं.बता दें कि रवि प्रकाश वर्मा वो नेता हैं, जिनका मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव से बहुत पुराना रिश्ता रहा है। उनके परिवार के लोग कई बार सांसद रहे हैं।लखीमपुर खीरी क्षेत्र से वर्मा परिवार के पास करीब 10 बार सांसदी रही है।वे पिछले कुछ दिनों से सपा के कार्यक्रमों में भी नजर नहीं आ रहे थे.बताते चलें कि रवि प्रकाश वर्मा के माता-पिता कांग्रेस के बड़े नेता रहे हैं। माना जा रहा है कि रवि वर्मा की बेटी पूर्वी वर्मा भी अपने पिता के साथ कांग्रेस में शामिल हो सकती हैं। 2019 के चुनाव में पूर्वी वर्मा ने बीजेपी के अजय मिश्रा टेनी के खिलाफ चुनाव लड़ा था।हालांकि, उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वर्तमान में अजय मिश्रा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हैं।

**4 बार सांसद रहे हैं रवि वर्मा**

रवि वर्मा लखीमपुर खीरी जिले के गोला के रहने वाले हैं. वो 4 बार सांसद रहे हैं और एक बार राज्यसभा सदस्य भी रह चुके हैं. वर्मा को इसी साल सपा ने तीसरी बार पार्टी का महासचिव बनाया था।

## दुष्कर्म की घटना के आरोपी को 7 वर्ष की सजा व 10 हजार जुर्माना

जन एक्सप्रेस । हरदोई

ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत जनपदीय पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप शुक्रवार को दुष्कर्म के एक आरोपी को न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए 07 वर्ष कारावास की सजा व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। बताते चलें कि हरपालपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के आरोप में 18 अक्टूबर 2014 में आरोपी सोनू पुत्र रामनिवास के खिलाफ धारा 363, 366, व 376 व पास्को एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया । तथा पुलिस ने 26 दिसम्बर को आरोपी को गिरफ्तार कर 10 अप्रैल 2017 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।इस मामले में पुलिस ने अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से गवाहों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की गई थी। आरोपी सोनू दस हजार का जुर्माना लगाते हुए सात वर्ष की सजा सुनाई गई।

# सदर कोतवाली में तैनात महिला आरक्षी ने नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को किया संबोधित

**भाजपा द्वारा नारी शक्ति वंदन सम्मेलन स्थानीय वंदन गार्डन में हुआ आयोजित**

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



भाजपा द्वारा सदर विधानसभा का नारी शक्ति वंदन सम्मेलन स्थानीय वंदन गार्डन में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी विशिष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कुमार तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने की विशाल सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने कहा कि देश की आधी आबादी के सम्मान व विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है मोदी सरकार ने इसीलिए संसद में कानून लाकर महिलाओं को आरक्षण देने की व्यवस्था की है क्योंकि महिलाएं ही आज के युग में घर से लेकर तमाम व्यापार शासन समय अपनी उच्च गुणवत्ता का प्रदर्शन कर रही है इन्हीं के सम्मान को देखते हुए भाजपा ने पूरे प्रदेश में विधानसभा नारी शक्ति वंदन सम्मेलनों का आयोजन किया है इतनी बड़ी संख्या में आप लोगों के आने से या सिद्ध हो गया है कि महिलाओं का सम्मान केवल बीजेपी करती है प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कुमार ने कहा कि भाजपा का स्पष्ट मानना है कि लोकतंत्र में नारी सम्मान के बिना विकास के पायदान पर देश को आगे नहीं पढ़ाया जा सकता इसीलिए पार्टी ने तय किया है की नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के माध्यम से न केवल महिलाओं का सम्मान किया जाएगा वरन उन्हें उनको रोजी रोजगार के साथ-साथ विकास के पद पर भी आगे बढ़ने का कार्य किया जाएगा सदर विधायक योगेश्वर मनी अपने विचार रखते हुए कहा की रामायण में भी श्री राम ने कहा किनारी के सम्मान के बिना समाज का विकास संभव नहीं है भाजपा सुनील सिंह ने कहां की भाजपा ने शुरू से संसद से लेकर विधानसभाओं में भी नारी शक्ति को प्राथमिकता दी आप देश की सर्वोच्च पद पर बैठी राष्ट्रपति महोदया इसका प्रमाण है उन्होंने सम्मेलन में आए नारी शक्ति का वंदन करते हुए उन सभी के व्रत आभार व्यक्त किया सम्मेलन को क्षेत्रीय मंत्री अवध रमा यादव पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद मिश्रा जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह महिला मोर्चा के संयोजकएवम जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह सम्मेलन संयोजक उमेश शुक्ला महामंत्री राम जी मौर्य मौर्यजिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजुला श्रीवास्तव रचना शुक्लाके अलावा आईटी संयोजक सौरभ त्रिवेदीसहित हजारों की संख्या मेनारी शक्ति मौजूद रही।डीसी रोड स्थित वंदन गार्डन में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के दौरान सदर कोतवाली में तैनात महिला आरक्षी प्राची द्विवेदी को मंच से महिलाओं को संबोधित करने का मौका मिला।

## पलिया में हुई ओरिएंटेशन वर्कशॉप, महिलापरक योजनाओं की दी जानकारी

**बेटियों को बचाने,पढ़ाने का दिलाया संकल्प**

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में तयरोस्टर के मुताबिक शुक्रवार को ब्लॉक पलिया सभागार में एक दिवसीय ओरिएंटेशन वर्कशॉप हुई, जिसमे बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के तहत दहेज उन्मूलन, बाल-विवाह रोकने, लैंगिक समानता के लिए संदेशों का प्रचार-प्रसार करने, इसे जीवन में उतारने के लिए महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। बैठक का संचालन काउंसलर कयूम जरवानी ने किया। कार्यशाला में बीडीओ संगीता यादव ने कहा कि सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जन्म से पूर्व लिंग परीक्षण का विरोध करेंगे। बेटा एवं बेटी में भेद करने वाली हर सामाजिक कुरीतियों का बहिष्कार करेंगे।कन्या के जन्म का स्वागत करते हुए हर एक बेटी को पढ़ायेंगे।समुचित पोषण एवं गरिमामय व सशक्त जीवन प्रदान करने में सहायक होंगे और इस प्रतिज्ञा के साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में सम्मिलित होते हुए अपना समर्थन प्रदान करते हैं।कार्यक्रम को इं.बाल विकास परियोजना अधिकारी गीता देवी ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में काउंसलर कयूम जरवानी, महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्र बिष्ट, संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टाफ सेंटर, घरेलू हिंसा अधिनियम, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित गुड टच बैड टच, बाल विवाह दहेज प्रतिषेध अधिनियम, महिला पेंशन, हेल्पलाइन 1098, 1090, 181 आदि की जानकारी प्रदान की। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी भारत सिंह ने स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

**पलिया में चला हस्ताक्षर अभियान, लिया बेटियों को बचाने और पढ़ाने का संकल्प**

ब्लाक पलिया में आयोजित कार्यशाला में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत हस्ताक्षर अभियान चला ।जिसमें महिलाओं बालिकाओं ने प्रमुखता से प्रतिभाग करते हुए न केवल हस्ताक्षर किए बल्कि बेटियों के लिए अपने संदेश भी लिखें।

## डिप्थीरिया से बचाव के लिए जनपद में चल रहा विशेष टीकाकरण अभियान

जन एक्सप्रेस । हरदोई



डिप्थीरिया (गलघोंटू) की रोकथाम व बचाव के लिए स्कूल जाने वाले बच्चों को डिप्थीरिया-पर्ट्यूसिस-टिटनेस (डीपीटी) व टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाने का विशेष टीकाकरण अभियान बुधवार से शुरू हुआ जो कि 10 नवंबर तक चलेगा । स्कूल आधारित यह विशेष टीकाकरण अभियान जनपद के सभी सरकारी व निजी क्षेत्र के स्कूलों में चलाया जा रहा है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने बताया कि इस संबंध में शासन द्वारा आवश्यक निर्देश जारी हुए हैं । यह अभियान शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग मिलकर चला रहे हैं । टीकाकरण के लिए अभिभावकों से सहमति ली जाएगी। जो अभिभावक सहमति नहीं देंगे उन्हें प्रेरित कर उनके बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा । विशेष टीकाकरण अभियान में डीपीटी के टीकाकरण के लिए 19,168 बच्चों तथा टीडी के लिए कुल 30,338 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य है। टीकाकरण के लिए विद्यालयों में कुल 2970 विशेष सत्र लगाए जाएंगे। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. आर.केसिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत कक्षा एक में अध्ययनरत पाँच वर्ष तक के बच्चों को डीपीटी सेकेंड बूस्टर डोज, कक्षा पाँच में अध्ययनरत 10 वर्ष तक के बच्चों को टीडी प्रथम डोज़, कक्षा 10 में अध्ययनरत 16 वर्ष तक के बच्चों को टीडी बूस्टर डोज़ से आच्छादित किया जाएगा। अभियान के दौरान पड़ने वाले नियमित टीकाकरण दिवसों (बुधवार व शनिवार) में सभी स्कूल न जाने वाले एवं अन्य डीपीटी सेकेंड बूस्टर, टीडी प्रथम एवं टीडी बूस्टर डोज़ वैक्सीन से छूटे हुये बच्चों को ड्यू टीके से आच्छादित किया जायेगा। हर टीकाकरण सत्र पर एडवर्स ईफ़ेक्ट फॉलोइंग इम्यूनाइजेशन (एईएफ़आई) प्रबंधन के लिए आवश्यक दवाओं की किट की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है । डिप्थीरिया जिसे स्थानीय भाषा में रोहिणी बीमारी भी कहते हैं यह दो से 11 वर्ष आयु के बच्चों में सामान्यतः अधिक होती है। हालांकि यह अन्य लोगों को भी हो सकती है। इसका इनक्यूबेशन पीरियड दो से चार दिन होता है। इससे संक्रमित व्यक्ति को गले व नाक में मोटी व मटमैले रंग की परत छा जाती है। इससे सांस लेने में तकलीफ होती है। साथ ही खराश, बुखार, ठंड लगना व लसिका ग्रन्थि में सूजन और कमजोरी महसूस होती है। बीमारी बढ़ने पर यह गले में टांसिल के रूप दिखाई देती है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपति गंभीर

जन एक्सप्रेस । हरदोई

बिलग्राम कन्नौज मार्ग जफरपुर मढिया गांव के निकट तेज गति से आ रहे ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल शहादत 55 वर्ष पुत्र रियासत समारजहां पत्नी शहादत 47 वर्ष निवासी ग्राम मदारपुर थाना कन्नौज जो अपने गांव से बिलग्राम रिश्तेदारी में आ रहे थे जैसे ही बाइक सवार जफरपुर मढ़िया गांव के पास पहुंचे तभी बिलग्राम की ओर से जा रहे तेज गति से ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## बच्चों के पोषाहार में लगी फफूंदी फिर भी किया जा रहा वितरण, जिम्मेदार कर रहे मनमानी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



विकासखंड महमूदाबाद के अंतर्गत सिहारूखेड़ा ग्राम सभा में पोषाहार खाद्यान्न वितरण किया जा रहा था जिस खाद्यान्न में एक नहीं दो नहीं कई पैकेट में फफूंदी लगी हुई मिली इसके बाद ग्रामीणों ने ऐसा देखते ही आग बबूला हो गए और ग्रामीणों ने इसका काफी ज्यादा विरोध जताया यहां तक के ग्राम प्रधान के द्वारा भी विरोध जताया गया। प्रधान का कहना है कि हमने उच्च जिम्मेदारों को फोन भी किया लेकिन उन्होंने इस बात को नजर अंदाज कर दिया कि ग्रामीणों का कहना यह भी है हम गरीब है तो क्या हुआ क्या फफूंदी लगा हुआ आहार बच्चो को खिलायेगे अगर यह लोग खा लेते होंगे तो हम लोग भी खा लेंगे ग्रामीणों के द्वारा सभी लोगों पर आरोप लगाया गया है कि कभी-कभी तो राशन वितरण ही नहीं किया जाता है और तो और इससे पहले भी जो पोषाहार मिला है वह फफूंदी युक्त मिला था इसके बाद प्रधान ने शिकायत भी की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई थी आखिर ऐसा क्यों? आखिर यह सब किसके सहयोग से इतना खराब पोषाहार वितरण किया जा रहा है।

## मिश्रित क्षेत्र के दर्जनों गांवों में डेंगू महामारी ने दी दस्तक

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रित क्षेत्र के सभी गांवो में डेंगू बुखार की महामारी से कई लोग काल के काल में समां चुके हैं। तथा दर्जनों मरीज खैराबाद लखनऊ के चिकित्सालयों में इलाजरत है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात स्वास्थ्य अधिकारियों व्दारा किए जा रहे तमांम प्रयासों के बावजूद भी इस महामारी पर अंकुश लगा पाने में असमर्थ साबित हो रहे है। इस महामारी का सबसे बड़ा कारण ग्राम पंचायतों में फैली गंदगी है। गांवो में तैनात सफाईकर्मी सरकारी अधिकारियों की खिचमिचदारी करके मौज उड़ा रहे है। ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों द्वारा फागिंग व कीटनाशक दावाऐं कागजों पर छिड़काई जा रही है। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत आंट निवासी तालिब बेग उम्र 27 वर्ष जाकिर बाबा उम्र 55 वर्ष फीरदोस उम्र 28 वर्ष अली कासिम उम्र 7 वर्ष इकरामुद्दीन उम्र 32 वर्ष ,अच्छे खान की पत्नी उम्र 35 वर्ष यह सभी मरीज खैराबाद के बीसीएम हास्पिटल में इलाजरत है। वहीं मोनू उम्र 25 वर्ष लखनऊ में भर्ती है। शांति उम्र 55 वर्ष पत्नी संतू व नरेस की पत्नी सीतापुर में भर्ती थी। वह घर आ गई है। जुनैद मिर्जा की डेंगू बुखार से बीते दिवस मृत्व हो गई है। इतना ही नही आंट के अलावा मीरापुर , कोंचपुर , तेलियानी, पतौंजा, इमलिया, आदि दर्जनों गांवों में डेंगू महामारी का प्रकोप चल रहा है।

## संपत्ति के लालच में चचेरे भाई ने कर दी भाई की हत्या

**पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, आलाकत्ल सहित अभियुक्त गिरफ्तार**

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



पिसावां थाना क्षेत्र में 30 अक्टूबर को हुई एक व्यक्ति की हत्या के संबंध में पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी महोली अमन सिंह के नेतृत्व में थाना पिसावां पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत शिवलाल पुत्र बद्री निवासी ग्राम कुतुबनगर थाना पिसांवा जनपद सीतापुर की हत्या के सम्बन्ध में अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत मुकदमे में संलिप्त जांचों परांत एवं साथियों के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त सुखराज पुत्र श्रीचन्द्र उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम कुतुबनगर थाना पिसांवा जनपद सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक एन पी सिंह का कहना है कि अभियुक्त द्वारा मृतक शिवलाल अविवाहित होने के कारण उसको मिले सरकारी आवास में अकेला रहता था तथा शराब पीने का आदी था। भोजन आदि की व्यवस्था आवास में न होने के कारण अक्सर किसी दूसरे के घर पर ही भोजन करता था। मृतक शिवलाल अपने आवास के सामने रह रहे चचेरे भाई सुखराज के यहाँ भी अक्सर भोजन आदि व शराब का सेवनकरता था। अभियुक्त सुखराज मृतक शिवलाल के आवास व बगल की जमीन को हथियाने के प्रयास में था। सरकारी आवास व बगल की जमीन को हड़पने की लालच के चलते अभियुक्त सुखराज उपरोक्त द्वारा शिवलाल की चाकू से प्रहार करके हत्या की घटना कारित करना स्वीकार किया गया है। अभियुक्त सुखराज उपरोक्त की निशानदेही पर एक अदद आला क़त्ल चाकू व घटना के समय पहने हुए कपड़े बरामद हुए है।

## श्री खाटू श्याम प्रतिमा का श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

नगर में शुक्रवार शाम को श्री खाटू श्याम की प्रतिमा का नगर आगमन पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु खाटू श्याम भगवान के गगन भेदी नारों से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे फूलों की वर्षा और आतिश बाजी की बीच श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए लहरपुर गेट से नगर के खतराना चौराहा स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में उनकी प्रतिमा को लाया गया जहां पूजा अर्चना कर उन्हें मंदिर में बिराजमान किया गया, उसके उपरांत 56 भोग का प्रसाद लगाया गया जिसे श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में खाटू श्याम भगवान के भक्ति उपस्थित थे, शाम की बेला में श्री राधा कृष्णमंदिर प्रांगण में एक भजन संध्या का आयोजन किया गया उसमें भारी संख्या में महिलाओं ने भजनों का ऐसा समां बांधा कि उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे ।

## आगामी पेराई सत्र की तैयारियों को लेकर डीएम ने गन्ना महाप्रबंधक के साथ की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा जनपद की चीनी मिल हरगांव, बिसवां, रामगढ़, जवाहरपुर, महमूदाबाद एवं निकटवर्ती जनपदों की चीनी मिलें ऐरा, कुम्भी, अजबापुर, हरियावां एवं हैदरगढ़ जो जनपद सीतापुर में गन्ना खरीद करती हैं, के अध्यासी /महाप्रबन्धक (गन्ना) के साथ आगामी पेराई सत्र की तैयारी के सम्बन्ध में विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी द्वारा चीनी मिल प्रतिनिधियों को समय से चीनी मिलों में पेराई प्रारम्भ करने, गन्ना मूल्य भुगतान करने, क्रय केन्द्रों व मिलगेट पर अलाव, पीने हेतु पानी की व्यवस्था, मिलगेट पर कृषकों को बैठने हेतु यार्ड की व्यवस्था करने तथा उसकी नियमित सफाई करने हेतु निर्देश दिये गये। इसके साथ ही गन्ना भरे वाहनों से दुर्घटनाओं को रोकने हेतु उनमें रिफ्लेक्टर लगवाकर उसकी नियमित निगरानी करने, चीनी मिल प्रतिनिधियों को अपने ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक कर ओवरलोडिंग न करने व भरे वाहनों की उँचाई कम रखने हेतु निर्देश दिये गये। चीनी मिल प्रतिनिधियों को कड़े निर्देश दिये गये कि क्रय केन्द्रों पर गन्ना ढुलाई हेतु पर्याप्त ट्रकों की व्यवस्था व गन्ना लोडिंग व अनलोडिंग करने हेतु केन लोडर की व्यवस्था करें जिससे कृषकों को अधिक समय तक गन्ना तौल कराने हेतु प्रतीक्षा न करनी पड़े। बैठक में चीनी मिल बिसवां के प्रतिनिधि ने चीनी मिल के पास रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के कारण जाम की समस्या के निदान हेतु सड़क के चौड़ीकरण के साथ ही अतिक्रमण हटाये जाने, चीनी मिल हरगांव प्रतिनिधि ने गोबरहिया पुल के पास रास्ता सही कराये जाने व जवाहरपुर प्रतिनिधि ने जुहुरी ग्राम से निकलने वाले रास्ते का चौड़ीकरण कराये जाने व ऐरा प्रतिनिधि ने भदफर रोड पर बेलवा पसुरा के पास रास्ता सही कराये जाने का अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी द्वारा चीनी मिलों की समस्याओं पर यथाशीघ्र कार्यवाही कराये जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व डिप्टी सीएम ने क्रांतिवीरों के स्वजनों को किया सम्मानित




जन एक्सप्रेस । उरई

प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा शुक्रवार को उरई पहुंचे। यहां पर उन्होंने अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं संस्कृति मंत्रालय के द्वारा आयोजित क्रांतितीर्थ कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व में देश ऊर्जावान और मजबूत बन रहा है वहीं विपक्ष को लेकर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 2024 के चुनाव में विपक्ष का सूपड़ा साफ होगा। पूर्व डिप्टी सीएम व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें तो पीडीए का फुल फॉर्म तक पता नहीं होगा। बता दें कि उरई के जेल रोड स्थित अमन रॉयल गेस्ट हाउस में शुक्रवार को पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मुख्य वक्ताओं ने मंच के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए और देश की आज़ादी में प्राण न्यौछावर करने वाले क्रांतिकारो के स्वजनों को सम्मानित किया तथा अमर शहीदों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। वही बयान देते हुए कहा कि विपक्ष अपने हालातो और क्रियाकलापों को भुगत रहा है। मोदी जी ने देश की जनता से यह वादा किया था कि बेईमानी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं ईडी सीबीआई को लेकर कहा कि जांच एजेंसियां पूर्ण रूप से स्वतंत्र हैं। पीएम ने पूर्ण रूप से जातिगत प्रथा को खत्म किया है। तभी तो पीएम खुद पिछड़ी जाति से हैं और राष्ट्रपति आदिवासी क्षेत्र से आते हैं। इसके पहले भी पूर्व राष्ट्रपति अनुसूचित जाति के थे। विपक्ष हमेशा समाज को तोड़ने का सपना दिखाता है लेकिन मोदी जी देश की जनता के सपनों को पूरा करते रहेंगे।
वहीं उन्होंने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव को पीडीए का फुल फॉर्म तक पता नहीं होगा। चुनाव के बाद कुछ नेता अपना जन्मदिन मनाने के लिए इटली और पेरिस भाग जाते हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विधायक मूलचंद्र निरंजन, घनश्याम अनुरागी, पवन पुत्र बादल, महेश पांडे बजरंग, रामनुग्रह राजावत, गिरीश अवस्थी, छोटे सिंह चौहान आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देवेंद्र गुप्ता के घर पहुँचकर पूर्व उप मुख्यमंत्री ने बढ़ाया क़द, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

जन एक्सप्रेस । कालपी



प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ॰ दिनेश शर्मा सांसद का शुक्रवार को कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने कालपी में जोरदार स्वागत किया। लखनऊ से उरई जाते समय पूर्व डिप्टी सीएम डा0 दिनेश शर्मा का काफिला जैसे ही जनपद बार्डर यमुना नदी कालपी के पुल पर पहुंचा। वहां पर पहले से मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष अमित पांडे, डॉ. अरुण मेहरोत्रा की अगुवाई में स्वागत हुआ। इसके बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री का काफिला प्रमुख उद्यमी देवेंद्र गुप्ता के आवास में पहुंचा। वहां पर जिंदाबाद के नारों के साथ कायकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। यहाँ पर पत्रकारों से रूबरू होकर पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकारों के द्वारा जनहित करी योजनाओं को चलाकर समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि शासकीय योजनाओं से जनता को सीधा लाभ पहुंच रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा जो फायदे करती है उसे पूरा जरूर करती है। उन्होंने बताया कि भाजपा के शासनकाल में अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। उन्होंने विकास कार्यों को के बारे में जानकारियां उपलब्ध कराई। इस मौके पर राघवेंद्र सिंह, अशोक वाजपेई, शोभित पुरवार, दीपेन्द्र गुप्ता, विनीत गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, विवेक पुरवार, पारस पुरवार, अवधेश तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालय के खुले टैंक में गिरने से तीन वर्षीय मासूम की मौत

जन एक्सप्रेस । कालपी

**ठेकेदार और निर्माण इकाई की लापरवाही से हुआ हादसा**

कालपी। भले ही गैर प्रान्त के मजदूर पिता ने किसी कारणवश कार्यवाही से इनकार किया होए लेकिन बच्चे की दर्दनाक मौत के लिए निर्माण इकाई के इन्जीनियर और ठेकेदार जिम्मेदार है। जिन्होनें नियमों का उल्लंघन कर गढढो को खुला छोड़ दिया है। जिससे मासूम को अपनी जान से हाथ धोना पडा है।

निर्माणाधीन राजकीय महाविद्यालय के खुले पडे लेट्रिन टैंक में शुक्रवार को मजदूर के तीन वर्षीय मासूम पुत्र की गिरकर मौत हो गई। मजदूर ने किसी तरह की कार्यवाही करने से इनकार किया है। नगर के मुहल्लां राजघाट में विगत कई वर्षो से राजकीय महाविद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। जो अन्तिम चरण में है और इसके निर्माण का जिम्मा उत्तर प्रदेश राज्य जल निगम निर्माण निगम नामक इकाई के पास है। शुक्रवार को निर्माण स्थल पर काम चल रहा था। इसीलिए दौरान गुरूवार को ही काम पर पत्नी बच्चों सहित आये मध्य प्रदेश के जनपद छतरपुर के ग्राम औरई निवासी मजदूर काशीराम का 3 वर्षीय पुत्र राजवीर भी निर्माणाधीन स्थल पर खेल रहा था। इसी दौरान उसका पुत्र गायब हो गया थाए जानकारी होने परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान मजदूर के पुत्र का शव परिसर में खुले पडे लेट्रिन टैंक में मिलाए और उसके शरीर में टैंक में लगा सरिया घुसा हुआ था। आनन-फानन मजदूर अपने पुत्र को लेकर निजी अस्पताल में गया। जहां पर उसकी जांच पड़ताल कर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। निर्माणाधीन भवन में मजदूर के पुत्र की मौत पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुचे गए। लेकिन मजदूर ने इस मामले में किसी प्रकार की कार्यवाही से इनकार कर दिया है। जिसके चलते ठेकेदार ने उसे आर्थिक मदद देकर बच्चे के शव के साथ उसे घर भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार सिंह राठौर कहते हैं कि यह मामला महज दुर्घटना है और बच्चे के पिता किसी भी प्रकार की कार्यवाही से इनकार किया है।

## स्वास्थ्य मूल्यांकन कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । उरई



राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डॉण् आरके मौर्य के मार्गदर्शन व कॉलेज ऑफ नर्सिंग प्रधानाचार्य डॉण् रीना कुमारी की देख रेख में स्वास्थय मूल्यांकन जो भारतीय परिषद के द्वारा दी गई आवश्यक मॉडयूल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जो बीएससी नर्सिंग के द्वितीया सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के पाठ्यक्रम के अन्दर दी गई मॉडयूल है। कार्यक्रम की मास्टर ऑफ़ सेरेमानी भानू शर्मा के द्वारा की गई। इस दौरान कॉलेज ऑफ नर्सिंग असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. स्वाती पाटनवाल ने वर्कशाप का परिचय दिया। इसके बाद स्वास्थ मूल्यांकन पर ट्यूटर कॉलेज ऑफ नर्सिंग केपल बाला ने विस्तृत जानकारी दी। साथ ही डिर्पाटमेंट ऑफ मेडिसिन डॉ. पंकज शर्मा ने कार्डियो वैस्कुलर सिस्टम के बारे में जानकारी दी।
मेडिसिन श्वसन क्रिया के मूल्यांकन के बारे में डिर्पाटमेंट ऑफ डॉ. विशाल कुमार ने परिचय दिया। डिर्पाटमेंट ऑफ सर्जरी डॉ. अविनाश यादव ने पाचन क्रिया की जॉच कैसे की जाती है, उसके बारे में जानकारी दी। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशान्त निरंजन, नोडल आफिसर डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विभागाध्यक्ष मेडिसिन विभाग डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. जीतम राजपूत, कॉलेज ऑफ नर्सिंग उपप्रधानाचार्या डॉ. उमा महेश्वरी ने स्वास्थ्य प्रशिक्षण तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में पूर्व परीक्षण और पोस्ट परीक्षण कर छात्र-छात्राओं के ज्ञान का मूल्यांकन किया गया। इस मौके पर नर्सिंग कॉलेज की समस्त फैकल्टी, आसोसिएट प्रोफेसर सुधा स्वामी, असिस्टेंट प्रोफेसर नेहा सिंह, ओमप्रकाश, श्रेया शर्मा, दीपक गहलोत, स्नेहा दीक्षित, आकाश पाल, नर्सिंग ट्युटर कॉलेज ऑफ नर्सिंग इत्यादि उपस्थित रहे।

## डीएम ने चमारी गौशाला का किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने चमारी गौशाला का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि चरही शेड के दोनों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। साथ ही भुसा घर तथा मुख्यद्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि गौवंशों की भरण पोषण की उच्च निगरानी की जा सके। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गौशाला में मृत गौवंशो का पोस्टमार्टम अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने कहा कि गौवंशो का स्वास्थ्य परीक्षण के लिये नियमित रूप से परीक्षण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि गौशाला के चारो तरफ बाउंड्रीवाल बनाई जाए।
उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला को तीन भाग में विभाजित किया जाय। जिसमे प्रथम भाग में साँड़ए द्वितीय भाग में गाय और तृतीय भाग में बछड़ा-बछड़ी को संरक्षित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि गौशाला में चारा, भूसा, पानी आदि उपलब्धता सुनिश्चित रहे। उन्होंने गौशाला में साफ-सफाई व्यवस्थित ढंग से किये जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही गौपालकों की संख्या बढ़ाये जाने के निर्देश दिये।

## शिव तांडव पार्क में अजगर निकलने से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । महोबा



जिलाधिकारी कार्यालय के ठीक पीछे स्थित शिवतांडव पार्क में आज सुबह करीब आठ फिट लंबे अजगर के निकल आने से वहां घूमने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। पूरे पार्क में घंटे भर अफरा-तफरी का माहौल रहा। कुछ जागरूक नागरिकों ने अजगर को पकड़ने के लिए वन विभाग के अफसरों को फोन लगाया। 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। बाद में पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।
शहर के इस सबके खूबसूरत पार्क में अजगर को सबसे पहले पार्क का चक्कर लगा रहे अरूण गुप्ता ने देखा। अजगर सार्वजनिक शौचालय के पास पार्क में पले खरगोशों को अपना निवाला बना रहा था। लोगों के देखते-देखते अजगर दो खरगोश पकड़ कर निगल गया। पार्क में अजगर की खबर आग की तरह फैल गई और महिलाएं व बच्चे पार्क खाली कर चले गये लेकिन पार्क के मुख्य द्वार से लगे सार्वजनिक शौचालय के बगल में जहां अजगर था, वहां देखने वालों व मोबाइल कैमरे से वीडियो बनाने वालों की भीड़ लग गयी। घूमने वाले कुछ लोगों ने गोरखगिरि पर्वत के ऊपर मौजूद बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर को फोन पर पार्क में अजगर होने की सूचना दी। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र सिंह को सूचना देकर तुरंत अजगर पकड़ने के लिए कहा लेकिन जब एक घंटे तक वन विभाग कर्मचारी पार्क नहीं पहुंचे तो फिर 112 नंबर डायल कर पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चैकीदार धूराम व अन्य स्थानीय लोगों की मदद से अजगर को पकड़ कर बोरे में डाला और गोरखगिरि पर्वत की तरफ जंगल में छोड़ दिया।
बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि वन विभाग कर्मचारी शिवतांडव पार्क 10 बजे के बाद पहुंचे। तब तक अजगर को जंगल में छोड़ा जा चुका था। शिवतांडव पार्क गोरखगिरि पर्वत के सामने है। आसपास काफी जंगल है। संभवतः अजगर नाले के रास्ते पार्क के अंदर आ गया होगा। जंगल में भेड़िया, लकड़बग्घा जैसे और भी तमाम वन्य जीव रहते हैं। बावजूद इसके शहर भर के हजारों लोग सुबह-शाम पार्क में घूमने आते हैं।

### कबाड़ की दुकान में लगी आग, हजारों का नुक़सान

जन एक्सप्रेस/उरई। कोंच कोतवाली क्षेत्र के फैक्ट्री एरिया तिराहे के पास एक कबाड़ की दुकान में बीती रात आग लग गई। जिसमें दुकान में रखा हजारों रुपए का कबाड़ का सामान जलकर रख के देर में तब्दील हो गया।
कोंच कोतवाली क्षेत्र के फैक्ट्री एरिया तिराहे के पास एक कबाड़ की दुकान है। बताया गया कि दुकानदार रोज की तरह गुरुवार की शाम अपनी कबाड़ की दुकान बंद कर अपने घर चला गया। जिसमें देर रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान से आग की लपटे उठने लगी। मौजूद लोगों ने आग को फैलता देख नहर से पानी डालकर उसे बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग की बढ़ती लपटों को देख लोगों ने दमकल कर्मियों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो चुका था। वही आग की जानकारी मिलने पर पहुंचे कबाड़ मलिक ने बताया कि दुकान में रखा तकरीबन 50 से 60 हजार का सामान जलकर खाक हुआ है। वहीं आग किन कारणों से लगी इसका अभी तक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना चरखारी के समस्त विवेचकों का किया अर्दली रुम

जन एक्सप्रेस । महोबा




पुलिस अधीक्षक, द्वारा थाना चरखारी के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी चरखारी उमेश चन्द्र की उपस्थिति में थाने के समस्त विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। अर्दली रुम के दौरान समस्त विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रुप से पूछताछ करते हुये लम्बित विवेचनाओं के कारण की समीक्षा की गई एवं अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने वाले विवेचकों को हिदायत देते हुए विवेचनाओं का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए।
इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त विवेचकों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत, समस्याओं को लेकर आये उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना जाए एवं सभी की समस्याओं पर मौके पर पहुंचकर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना, कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में चलाये जा रहे विभिन्न अभियान एवं वांछित, वारंटियों की गिरफ्तारी तथा प्रचलित विभिन्न अभियानों की समीक्षा की गई जिसके क्रम में निर्देशित किया कि रात्रि में चैराहे, तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने, अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्र रखने वालों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा महिला अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

### मतदेय स्थल पर नामित कर्मचारी रहे उपस्थित

जन एक्सप्रेस/महोबा। सभी बूथ लेबिल अधिकारी विशेष अभियान तिथियों में अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थल पर अनिवार्य रुप से उपस्थित रहेगें।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उक्त विशेष अभियान दिवस में जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहा0 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का भ्रमण किया जायेगा। भ्रमण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने वाले बूथ लेवल अधिकारियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की सुसंगत धाराओं के अनुसार सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहा0 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जायेंगी।

## एसपी ने भारी पुलिस बल को साथ लेकर कस्बे में किया पैदल गस्त



जन एक्सप्रेस । महोबा

पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु व मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं, बलिकाओं व आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाने व जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत थाना चरखारी के मिश्रित आबादी वाले मुख्य मार्गों, भीड़भाड़ वाले स्थानो, बाजार इत्यादि मे भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त करते हुये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा आमजन से संवाद कर सुरक्षित परिवेश का एहसास कराया गया। साथ ही अराजकता फैलानें वालों की सूचना स्थानीय पुलिस को देने का अनुरोध कर सहयोग की अपेक्षा की गयी एवं मिश्रित आबादी वाली जगहों में लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें की अपील की गयी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी चरखारी उमेश चन्द्र, थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चौकीदार ने पत्नी को मारी गोली, हालत गम्भीर

जन एक्सप्रेस/सलेमपुर,देवरिया। गुरुवार की रात को ससुराल पहुंचे एक होमगार्ड ने विवाद में अपनी पत्नी को गोली मारी दी। घायल महिला का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। होमगार्ड को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।कोतवाली क्षेत्र के बभनौली पांडेय गांव निवासी अरविन्द कुशवाहा पुत्र रामप्रीत कुशवाहा पड़ोस के ग्रामसभा देवपार में चौकीदार है। उसका पिता रामप्रीत बभनौली पांडेय ग्राम सभा का चौकीदार है। चौकीदार अरविन्द कुशवाहा की शादी कोतवाली क्षेत्र के उरदौली गांव में हुई है। वह गुरुवार की रात ससुराल पहुंचा और किसी बात को लेकर पत्नी ममता देवी (32) वर्ष से विवाद हो गया। विवाद होने के बाद उसने अपनी पत्नी को गोली मार दी।परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चौकीदार को हिरासत में ले लिया और घायल पत्नी ममता को सीएचसी सलेमपुर इलाज के लिए पहुंचाया, जहां महिला की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। रात को घर वाले महिला को लेकर लखनऊ चले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। चौकीदार पर इससे पहले 25 अगस्त को आर्म एक्ट में एवं 7 अगस्त को एक महिला से छेड़खानी के मामले में केस दर्ज हो चुका है। बताया जाता है कि चौकीदार नशे का आदी है।प्रभारी कोतवाल रामवन्द्र सिंह यादव ने बताया कि चौकीदार से पत्नी का विवाद हुआ था। इसी को लेकर पत्नी को गोली मारी थी, उसे हिरासत में ले लिया गया है तथा अवैध असलहा भी बरामद कर लिया गया है। घायल महिला का लखनऊ में इलाज चल रहा है।

### प्राथमिक स्कूल के पास मिला युवक का शव, चेहरे और पेट पर चोट के निशान

जन एक्सप्रेस/लार देवरिया। रोपन छपरा प्राथमिक स्कूल के पास अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। इससे स्कूल में पहुंचे शिक्षक और बच्चे भी सहम गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के शिनाख्त का प्रयास की, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एपी जीडी चिल्ड्रन एकेडमी में डेढ़ सौ बच्चों को टीके लगाये गए

जन एक्सप्रेस/बरहज, देवरिया। एपीजीडी चिल्ड्रन एकेडमी में शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेन के चिकित्साधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार के निर्देश पर टीकाकरण कार्यक्रम किया गया, जिसमें एपीजीडी चिल्ड्रन एकेडमी के 150 बच्चों को डीपीटी और टीडी के टीके लगाए गए। यह टीका डिप्थीरिया काली खांसी और टिटनेस से बचाव के लिए लगाए गए। इस टीकाकरण कार्य में पर्यवेक्षक रामचंद्र भगत के साथ रेखा मिश्रा और गीता देवी ने बच्चों को टीके लगाए। इसके साथ ही अन्य विद्यालयों पर भी टीकाकरण कार्य हुआ जिसमें ममता यादव और सुमित्रा यादव ने टीके लगाये। विद्यालय में बच्चों को टीका लगाने पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य निकिता जायसवाल उर्फ निक्की ने सभी बच्चों को इस टीके के महत्व को बतलाया और साथ ही अपने को स्वस्थ रखने के तरीके को भी सिखाया। टीकाकरण कार्यक्रम में आए हुए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को धन्यवाद भी दिया।

### विधायक ने किया 111.60 लाख की लागत से बने सीसी रोड का शिलान्यास

जन एक्सप्रेस/रुद्रपुर देवरिया। क्षेत्र के कोरिया गांव में गुरुवार को पूर्व राज्यमंत्री व विधायक जयप्रकाश निषाद ने 111.60 लाख की लागत से बने सीसी रोड का शिलान्यास वैदिक मंत्रों के बीच किया। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर विधान सभा क्षेत्र में विकास कार्यों का कीर्तिमान बन रहा है। विधायक जयप्रकाश निषाद ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार गांव गरीब और किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया में भारत का एक मजबूत पहचान बना है। जबकि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का चतुर्दिक विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर विधान सभा क्षेत्र में राजकीय इण्टर कॉलेज खुल गया। सेहुड़ा गांव में आईटीआई का निर्माण कार्य अन्तिम चरण में है।

### फाइलेरिया ग्रसित अंगों की समुचित देखभाल जरूरी

जन एक्सप्रेस/देवरिया। बनकटा ब्लॉक के स्वास्थ्य उप केंद्र मिश्रोली और परासिया छितैनी में फाइलेरिया मरीजों को रुग्णता प्रबन्धन व दिव्यांगता नियन्त्रण (एमएमडीपी) के बारे में शुक्रवार को प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कर्मजीतपुर, रमवापुर, भटौली बुजुर्ग और गौरी बाजार के 23 फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट भी प्रदान की गयी। फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों को उपचार और देखभाल के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा फाइलेरिया ग्रसित अंगों की साफ-सफाई के तरीके का प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी (एमओ) डॉ रविंद्र ने कहा कि जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के साथ साथ हाथीपांव प्रबन्धन का भी कार्यक्रम चल रहा है। इस अवसर पर पाथ संस्था के प्रतिनिधि देश दीपक, एलटी संदीप सिंह, ग्राम प्रधान, सीएचओ बृजभूषण, प्रधान चन्दन सिंह, नेटवर्क मेंबर प्रमिला, हरेराम और महेश चंद्र प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

### जिले में हैं 1921 फाइलेरिया मरीज

जन एक्सप्रेस/देवरिया। जिला मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि ने बताया कि जिले में फाइलेरिया के 1921 मरीज हैं। हर फाइलेरिया मरीज को साल में एक बार एमएमडीपी किट दया जाता है। इस वर्ष जनवरी 2023 से अब तक 650 फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट दिया जा चुका है। शेष बचे मरीजों को भी किट वितरित की जाएगी।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने हेयर कटिंग सैलून का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस/उरई। शहर में कृष्ण टॉकीज वाली गली में शुक्रवार की दोपहर एएसपी ने स्मार्ट हेयर कटिंग सैलून का उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में वहां लोग मौजूद रहे। शहर की कृष्ण टॉकीज वाली गली में इरफान अहमद बाबा पत्रकार द्वारा स्मार्ट हेयर सलून के नाम से शॉप खोली गई है। जिसका उद्घाटन शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी व जेल अधीक्षक नीरज देव ने किया। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वर्तमान समय में हर वर्ग खुद को अच्छा दिखाने के लिए सलून में आता जाता है। युवा वर्ग में सलून का चलन तेजी से बढ़ा है। पहले यह चलन महिलाओं व युवतियों में देखने को मिलता था, पर अब सजना संवरना युवा भी चाहते हैं। इसलिए हाईटेक संसाधनों से खोला गया स्मार्ट हेयर सैलून युवा वर्ग के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में वह लोग मौजूद रहे।

### जिला गजेटियर बैठक में डीएम ने दिये महत्वपूर्ण निर्देश

जन एक्सप्रेस/महोबा। शासन एवं जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य एवं जिले के अधिकारियों की जिला गजेटियर के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला गजेटियर बनने हेतु कुल 11 विषयों पर जिले के विभिन्न विभागों द्वारा सूचना उपलब्ध कराई जाएगी, जिस आधार पर अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय द्वारा जिला गजेटियर के बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गजेटियर के बनने में पुरातत्व विभाग को भी सम्मिलित करते हुए लोक कला एवं संस्कृति, लोक एवं समाज की एक उप समिति भी अलग से बना ली जाए एवं प्रत्येक विभाग अपने विभाग के इतिहास के बारे में गजेटियर में अंकित कराये। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आर.के. गौतम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आसाराम, प्राचार्य वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुशील बाबू, अपर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मुकेश कुमार, जिला विकास अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### मारपीट के एक मामले में चार को मिला दो वर्ष का कारावास

जन एक्सप्रेस/महोबा। मारपीट के एक मामले मे न्यायिक मजिस्टेऊट द्वितीय आशुतोष प्रशांत शुक्ला के न्यायालय ने 4 अभियुक्तों को मारपीट और गाली गलौच का आरोप सिद्ध हो जाने पर दो-दो वर्ष के सश्रम कारावास तथा 3-3 हजार रूपये के अर्थदण्ड से नवाजा है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार उक्त अभियुक्तों ने वर्ष 2012 मे गांव के ही एक व्यक्ति को गाली गलौच कर बुरी तरह मारा पीटा था पीड़ित ने सदर कोतवाली महोबा पहुॅचकर प्रमोद कुमार, राजू, शम्भू तथा विनोद निवासी ग्राम बरात पहाड़ी के विरूद्ध मुकद्मा अपराध संख्या 105/2012 धारा 323,504,506 के तहत मुकद्मा पंजीकृत कराया था। सदर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की डॉक्टरी कराकर मामले की जांच पड़ताल कर चार्जसीट न्यायालय को सौपी थी। सत्र परीक्षण के दौरान वादी मुकद्मा तथा गवाहों और चिकित्सक के ब्यान होने और बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष के विद्वान अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के उपरांत विद्वान न्यायाधीश आशुतोष प्रशांत शुक्ल ने चारो अभियुक्तों को दो-दो वर्ष के कठोर कारावास तथा तीन-तीन हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अर्थदण्ड जमा न करने पर अभियुक्तों को अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ेगी।

# राज्यमंत्री ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित मछुआ समुदाय की विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



शुक्रवार को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी सुप्रीमों डॉ संजय कुमार निषाद जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर पहुँचे । भ्रमण के दौरान उन्होंने एक होटल प्रेस वार्ता की। जिसमें उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जिसमें आयुष्मान कार्ड धारक मछुआ समाज विहीन लोगों के आर्थिक सहायता, महिला सशक्तिकरण और संवैधानिक मछुआ अनुसूचित जाति आरक्षण जनसम्पर्क अभियान यात्रा समेत अन्य मुद्दों पर मीडिया के साथ वार्ता किया।

उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी निषादों/मछुआ समुदाय व निचले तबके के लागों के उत्थान के लिए प्रयासरत है। साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारें में इनको जागरूक किया जा रहा है। जिससे उन्हें सरकार की योजनाओं एवं अपने अधिकारों के बारें में जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि निषादों/मछुआ समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री संपदा योजना, पट्टा, किसान केडिट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा तथा मत्स्य पालन का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ सभी मछुआ समुदाय के लोग अवश्य उठाएं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना महिला के लिए 60 प्रतिशत एवं पुरुष हेतु 40 प्रतिशत तथा मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पट्टे हेतु 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। निषाद राजस्व बोर्ड द्वारा मछुआ कल्याण कोष, आवास, दैवीय आपदा सहायता, चिकित्सा, कोचिंग, प्रशिक्षण, 05 लाख का दुर्घटना बीमा व अन्य योजनाओं से लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने अन्य विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

प्रेसवार्ता के अवसर पर निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष आंधी प्रसाद, उपाध्यक्ष राधेश्याम निषाद, तुलसीपुर मछुआ समुदाय के सुखराम निषाद, मण्डलीय अधिकारी मत्स्य देवीपाटन /अयोध्या मण्डल राजेन्द्र सिंह विष्ट, मत्स्य अधिकारी डॉ0 विनोद कुमार, सीनियर इंस्पेक्टर रमन चैधरी, पीआरओ राजीव यादव व मीडिया बन्धु मौजूद रहे।

# मंडी समिति में क्रय केंद्र में खरीद का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद में वर्तमान सत्र में धान खरीद प्रारंभ हो चुकी है। मंडी समिति बलरामपुर में खाद्य विभाग के क्रय केंद्र पर धान खरीद का शुभारंभ जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा फीता काटकर एवं धान बेचने आए किसान को माला पहनाकर एवं मीठा खिलाकर किया गया।

इस दौरान उन्होंने किसान अरुण सिंह ग्राम उदईपुर एवं सिद्धार्थ ओझा ग्राम जुगराजपुर से वार्ता किया एवं क्रय केंद्र पर मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि धान क्रय केंद्र पर आए कृषक भाइयों से अच्छा व्यवहार एवं सुगम प्रक्रिया के साथ खरीद किया जाए जिससे धान विक्रय के बाद किसान बंधुओ को सुखद अनुभूति हो। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कांटा, ई पाज मशीन, मॉइश्चर मशीन, बोरियों की उपलब्धता तथा विभिन्न रजिस्टरों का जायजा लिया गया। उन्होंने अपने समक्ष मॉइश्चर मशीन से धान की नमी मापने का अवलोकन किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में धान खरीद को पारदर्शी एवं सुविधाजनक रूप से संपन्न कराए जाने हेतु व्यापक स्तर पर पूर्व में ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के लिए अभियान चलाया गया। सभी क्रय केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लिए जाने का कड़े निर्देश दिए गए। इस वर्ष किसानों की सुविधा के दृष्टिगत 04 क्रय केंद्र और खोले गए हैं, जनपद में 42 क्रय केंद्रों पर खरीद हो रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी क्रय केंद्रों पर पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से धान खरीद सुनिश्चित किए जाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा क्रय केंद्र पर आवांछनीय तत्व ना शामिल हो इसके लिए कड़ी नजर रखी जा रही है।

# डॉक्टर पटेल की हत्या की सीबीआई जांच की मांग राजनीतिक मांग: कृष्णा पटेल

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

*** बेटी अमन की सम्पत्ति पर हिस्से की माँग पर कृष्णा – सम्पत्ति मेरे पति की जिस बेटी के लिए मन होगा उसे दूँगी**



शनिवार को अयोध्या में अपना दल एस द्वारा स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित है ,ऐसे में अचानक अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्षा कृष्णा पटेल का अयोध्या आने के राजनीतिक माने निकले जा रहे हैं सूत्रों की माने तो अपना दल एस की ओर से होने वाले कार्यक्रम से पहले हजारों कार्यकर्ताओं को भ्रमित करने की मंशा से कृष्णा पटेल अयोध्या पहुंची थी और उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।अयोध्या पहुंची अपना दल कमेरावादी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पटेल ने सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि डॉक्टर सोनेलाल पटेल की एक्सीडेंट राजनीतिक मुद्दा है। इसकी सीबीआई जांच की मांग राजनीतिक है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि डॉक्टर सोनेलाल पटेल द्वारा बनाई गई संपत्ति मैं जिसको चाहू उसको दूं जिसको चाहे ना दूं वह हमारी संपत्ति है और संपत्ति में हमारी सभी बेटियों की बराबर हिस्सेदारी है। पत्रकारों के यह पूछने पर कि जहां भी अपना दल एस की रैली होती हैं वहां एक दिन पहले कमेरा वादी के लोग प्रेस वार्ता क्यों करते हैं, इस पर गोल मोल जवाब दिया। पुराने कार्यकर्ताओं को सहेजने पहुंची हैं अयोध्या, 4 नवंबर 1995 को डॉक्टर सोनेलाल पटेल ने अपना दल पार्टी की थी स्थापना आपको बताते चलें कि विगत 17 अक्टूबर को अपना दल एस की प्रताप गढ़ की रैली से पहले 16 अक्टूबर को पल्लवी पटेल ने प्रताप गढ़ में ही प्रेस वार्ता की थी।

# निर्माणाधीन कार्यों को लेकर मंडलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



निर्माणाधीन जन्मभूमि पथ, रामपथ,भक्ति पथ, धर्मपथ, चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के प्रगति की समीक्षा बैठक मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी। मण्डलायुक्त ने निर्माणाधीन रामपथ के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माणाधीन रामपथ के प्रथम फेज नयाघाट से उदया चौराहे तक पीडब्लूडी के मुख्य अभियंता एवम सम्बन्धित अधिशासी अभियंता मौके पर पैदल चल कर देखें और जो भी कमियां नजर आये उन्हें तत्काल दुरुस्त कराये।मंडलायुक्त ने कहा पथ में डेकोरेटिव स्ट्रीट लाइट के पोल लगाने के लिए जिन भी कंपनियों को टेंडर प्राप्त हुआ है यदि उनके द्वारा निर्धारित समयावधि में पोल स्थापित नहीं कराये जाते है तो उन कंपनियों को ब्लैकलिस्ट करते हुए उनके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराए।

कहा कि रामपथ निर्माण में सड़क निर्माण के साथ इसके सुन्दरीकरण के कार्यों को भी साथ-साथ किया जाना है इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ तीव्र गति से कार्य करें। मंडलायुक्त ने पथ के किनारे एकरूपकता के उद्देश्य से पथ को 12 चैनेजो में विभाजित कर कराए जा रहे फसाड डिजाइनिंग के कार्यो का प्रत्येक चैनेजवार सम्बन्धित ठेकेदारो से प्रगति जानी।

तथा जिन जिन चैनेजों की प्रगति धीमी पाई गई उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने व अधिकाधिक मैनपावर बढ़ाकर कार्य को तीव्र गति से पूर्ण गुणवत्ता के साथ करने तथा अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियो को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन्मभूमि पथ प्रवेश द्वार एवम कैनोपी निर्माण के कार्य को दीपोत्सव तक पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएन के अधिकारियो को दिए। निर्माणाधीन धर्मपथ के कार्यो की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि उक्त पथ पर दीपोत्सव के दौरान अत्यधिक दवाब रहेगा जिस कारण दीपोत्सव के पूर्व तक धर्मपथ में यूटिलिटी डक्ट एवम जीएसबी का कार्य पूर्ण किया जाय जिससे दीपोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये।

बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कहा कि अयोध्या एवम अयोध्या कैंट में जिन जिन सडकों व गलियों को सीवर, अंडरग्राउंड केबलिंग आदि के लिए खोदा गया है उसे तत्काल पूरा किया जाये।

बैठक में नगर आयुक्त विशाल सिंह, डीएफओ सितांशु पांडेय,अपर जिलाधिकारीगण महेन्द्र कुमार सिंह, सलिल कुमार पटेल, अनिरूद्ध प्रताप सिंह, सुरजीत सिंह, सचिव अयोध्या विकास प्राधिकरण सतेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य अभियन्ता पीडब्लूडी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्राम जन चौपाल का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस | बीकापुर- अयोध्या



विकासखंड क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतो असकरन पुर और मलेथू कनक ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर शुक्रवार को ग्राम जन चौपाल का आयोजन किया गया। असकरन पुर ग्राम पंचायत की ग्राम चौपाल ग्राम प्रधान आशा देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। चौपाल में मौजूद एडीओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडेय द्वारा चौपाल में मौजूद लोगों से संवाद करके उनकी समस्या का निस्तारण किया गया। इस दौरान जन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा राशन कार्ड, आवास, पेंशन, जल निकासी की नाली सहित अन्य समस्याओं से संबंधित बारह शिकायतें आई। अधिकारियों द्वारा निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया?। ग्राम चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणों ने अपना आवेदन भी दिया। ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन भी किया गया। जरूरतमंदों को मिल रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। ग्राम चौपाल में राज्य आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने, निशुल्क बोरिंग, वृद्धा, विकलांग, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय निर्माण, पेयजल के लिए हैंडपंप सहित गांव में चल रही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। चौपाल के बाद अधिकारियों द्वारा अमृत सरोवर का निरीक्षण भी किया गया । इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव धनंजय मौर्य ग्राम प्रधान आशा देवी तकनीकी रोजगार सेवक अजीत यादव, पंचायत सहायक जयंती, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित ग्रामीण मौजूद रहे। जबकि मलेथू कनक ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल ग्राम प्रधान राकेश कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। ग्राम चौपाल में पंचायत सचिव जयप्रकाश, पंचायत सहायक वंदिता मौर्य, रोजगार सेवक हरि प्रताप आंगनबाड़ी कर्मी सहित ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम चौपाल में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का संदेश पढ़कर सुनाया गया। ? विकास कार्यों और मनरेगा कार्य की समीक्षा की गई। और लोगों की जन समस्याओं को सुना गया तथा निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।

### हिंदू वाहिनी संघ की अयोध्या में 5 नवंबर को होगी विशाल जनचेतना सभा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** हिंदू वाहिनी संघ की अयोध्या में विशाल जनचेतना सभा 5 नवंबर को चौरे बाजार सागर तट मंदिर परिसर में आयोजित किया गया है जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई जिलों के पदाधिकारीयों के सम्मिलित होने की संभावना है, अयोध्या जिले के जिला अध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि इस जनचेतना सभा का उद्देश्य हिंदुओ को जागरूक करना उन्हें अपने धर्म के बारे में सही जानकारी होना और धर्म के प्रचार प्रसार हेतु संकल्पित होकर समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का प्रयास करते रहना चाहिए, इसके साथ साथ सबसे पहले जातियों में बंटे हुए सभी हिंदू भाइयों को एक होना होगा तभी इस संघ का असली उद्देश्य सिद्ध होगा, साथ ही जिला अध्यक्ष ने सभी से विनम्र अपील किया की सभी को इस जनचेतना सभा में शामिल होना चाहिए।

# यूपी गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस | मिल्कीपुर-अयोध्या



थाना इनायत नगर पुलिस ने यूपी गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे 25 -25 हजार रुपए के दो इनामियां अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली इनायत नगर अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि थाने के उपनिरीक्षक ब्रह्म दत्त पाण्डेय कांस्टेबल राजनाथ सिंह व संदीप पाल क्षेत्र में चेकिंग अभियान पर निकले थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि यूपी गैंगस्टर एक्ट से संबंधित अभियुक्त राजेंद्र कुमार मिश्रा व शिवकुमार मिश्रा पुत्र राधा कृष्ण निवासी मिश्रन डड़वा मुबारकपुर उमरानी थाना इनायत नगर अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के बगल स्थित पीएनसी प्लांट कुचेरा के पास खड़े हैं, और कहीं जाने के लिए किसी का इंतजार कर रहे हैं। जानकारी मिलते ही उपरोक्त पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वांछित चल रहे दोनों आरोपियों को पड़कर थाने ले आई जहां विधि कार्रवाई करने के बाद फैजाबाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि वांछित चल रहे दोनों आरोपियों के खिलाफ थाने में गौ बंध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा कई मुकदमें दर्ज है तथा यूपी गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे थे पुलिस टीम ने आज गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# पराली जलाने की घटना का सीडीओ ने लिया संज्ञान, डीडी कृषि को दिए कार्रवाई के निर्देश

**जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP**

जन एक्सप्रेस | बहराइच



जिलाधिकारी डॉ मोनिका रानी शासन के निर्देश पर जिले में पराली जलाने की घटना को लेकर काफी गंभीर है। मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर ने भी किसने की ओर से परली जलाए जाने की घटना को लेकर काफी कड़ा रुख अपनाया है। जन एक्सप्रेस अखबार में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए डीडी कृषि को तत्काल जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद इसके बाद डीडी कृषि की ओर से जांच के लिए जांच और कार्रवाई के लिए अधिकारियों को मौके पर भेजा है। जिले में किसानों की ओर से धान की कटाई कंबाइन मशीन से कराई जा रही है। इसकी वजह से फसल का काफी अवशेष खेतों में ही लगा रह जाता है। किसान रवि की फसल के लिए खेत तैयार करने से पहले अवशेष को सरकार की सख्ती के बाद शाम ढलते ही जला देते हैं। हालांकि जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी की ओर से कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह लोग गांव में जाएं ग्राम प्रधानों से मिलकर किसानों को जागृत करें। यह बताएं कि पराली जलाने से खेत की उर्वरा शक्ति कम होती है।

वहीं पर्यावरण संतुलन बिगड़ता है। अधिकारियों ने समाचार पत्र और सोशल मीडिया के माध्यम से भी किसानों को जागरूक करने का अभियान चला रखा है। इसके बावजूद किसानों की ओर से पराली जलाने की छिट पुट घटनाएं हो रही है। विकासखंड नवाबगंज की एक ग्राम पंचायत में कुछ किसानों की ओर से 2 दिन पूर्व रात के समय पराली जलाई गई थी। जिसकी खबर जन एक्सप्रेस अखबार ने प्राथमिकता के साथ फोटो समेत प्रकाशित की थी। इस खबर का संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने डीडी कृषि को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिस पर डीडी कृषि ने घटना स्थल की अधिकारियों से जांच कराई है। जांच में घटना सही पाई है। जिस पर किसान रामगोपाल पुत्र पलटू राम निवासी पुरैनी और हजरत अली पुत्र वाजिद अली निवासी पुरैनी के खिलाफ ढाई ढाई हजार रुपए का जुर्माना लगाया है और किसान सम्मन निधि रोक दी है। इसके साथ ही किसान नूर मोहम्मद पुत्र उत्तम खान निवासी जहाली पुरवा, लालू पुत्र हाशिम खान निवासी रामगढ़ी श्रीमती समूह पत्नी शौकत निवासी रामगढ़ी अनिल कुमार पुत्र कौशल देव निवासी सर कल आदि किसानों पर ढाई ढाई हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया है। तशरीफ़ अली पुत्र नकछेद जोकहा सलारपुर के ऊपर ?5000 का अर्थ दंड लगाने के साथ किसान सम्मन निधि रोक दी गई है। डीडी कृषि ने बताया कि पराली जलाने की घटना को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है। पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। किसानों को जागरुक भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष घटनाओं में कमी आई है।

### बहन के घर से करवा देकर लौट रहे अधेड़ की सड़क हादसे में मौत

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** बहन के घर करवा चौथ के अवसर पर करवा देकर लौट रहे एक अधेड़ की सड़क हादसे में मौत हो गई। इस हादसे में एक ई रिक्शा चालक भी घायल हुआ है जिसे उपचार के लिए महाराजा सुहेल देव चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी भी हालत गंभीर बताई जाती है।

मिहींपुरवा क्षेत्र के बरूहा गांव निवासी अवध राम पुत्र राम आधार अपनी बेटी को करवा देने भगवानपुर कुर्मियाना गए थे जहां से वह करवा चौथ के सुबह लौट रहे थे रायबोझा चौराहे से ई–रिक्शा पर बैठकर मटिहा मोड आ रहे थे कि रास्ते में ही पीछे से अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी।

# मिहीपुरवा क्षेत्र में खुलेआम हो रही गैस की रिफिलिंग

जन एक्सप्रेस | मिहीपुरवा, बहराइच

शासन के सत्य निर्देश है कि गैस की रिफिलिंग किसी भी दशा में ना की जाए। रिफिलिंग के दौरान बड़ी घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। इसके बावजूद मिहींपुरवा कस्बे में एलपीजी सिलेंडर से छोटे गैस सिलेंडर की रिफिलिंग नगर क्षेत्र में कई दुकानों पर अवैध तरीके से की जा रही है। जिला आपूर्ति विभाग शिकायत के बावजूद खानापूर्ति करके फाइल बंद कर दी जाती है। अवैध तरीके से गैस सिलेंडर की रिफिलिंग के चलते कभी भी बड़ी घटना होने की संभावना बनी रहती है। मिहींपुरवा क्षेत्र में इन दोनों हो रही सिलेंडर की आवाज रिफिलिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर की अवैध रिफिलिंग के चलते कभी भी अग्निकांड की बड़ी घटना हो सकती है। लोग इसकी चपेट में आकर घायल भी हो सकते हैं। यहां तक की लोगों को जान भी गंवानी पड़ सकती है। वायरल वीडियो में शहर के मुख्य चौराहे की गली में कॉर्नर पर स्थित ट्रांसफार्मर, पुरानी बस स्टैंड के पास की दुकाने, मंदिर के पास तथा कस्बा के मिहींपुरवा चौकी इलाके में यह कार्य तेजी से चल रहा है। इन इलाकों में खुलेआम तथा खतरनाक ढंग से गैस भंडारों के बीच एक मकान और दुकान में अवैध गैस रिफलिंग का अवैध कारोबार बिना कि?सी खौफ के चल रहा है। इन जगहों पर मात्र 100 रुपये प्रति किलोग्राम की दर में गैस रि?फलिंग की जाती है। दुकान के बाहर अवैध रिफिलिंग करने वालों की लाइन लगी रहती है। नगर पंचायत मोतीपुर थाना क्षेत्र के महज तीन किलोमीटर व मिहींपुरवा चौकी से 1किलोमीटर पर अवैध गैस रिफलिंग खुले आम हो रही है। बड़े घरेलू सिलेंडरो से छोटे 5 किलो के सिलेंडरों में 100 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से गैस रिफलिंग का काला धंधा चल रहा है। अवैध तरीके से घरेलू सिलेंडर से मोटर लगाकर पाँच किलो सिलेंडर में गैस की रिफलिंग की जा रही है। सूत्रों की मानें तो स्थानीय लोग रोज़ भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। पुलिस इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रही है।

# टिटनस और डिफ्थेरिया से बचाव के लिए टीडी वैक्सीनेशन जरूरी: डा. सिंह

जन एक्सप्रेस | कैसरगंज, बहराइच



उत्तर प्रदेश सरकार की जन जन के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर रोग व रोगों की रोकथाम के क्रम में विभिन्न रोगों काली खांसी, गला घोंटू व टिटनेस इत्यादि के रोकथाम हेतु विद्यालय आधारित डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान के अंतर्गत ऑस्ट्रेलिया कैसरगंज स्थित हुकुम सिंह इंटर कॉलेज में टी.डी.-16 के टीका लगाए गए। टीकाकरण अभियान बहराइच मुख्य चिकित्सा अधिकारी एस.के.सिंह व कैसरगंज चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एन.के. सिंह के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज पर कार्यरत ए.एन.एम. रीता द्वारा हुकुम सिंह विद्यालय परिसर में 120 छात्राओं का टीकाकरण किया गया।

इस मौके पर आशा शिव देवी व आसिया भी टीकाकरण अभियान सहयोगी के रूप में उपस्थित रहीं। टीकाकरण के संबंध में जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर इनके सिंह ने बताया कि यह टीकाकरण नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 10 से 16 वर्ष के किशोर व किशोरियों को टीडी वैक्सीन की दो खुराक दिए जाने के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने जरूरी निर्देश दिए हैं। जिसमें टेटनस और डिप्थेरिया जैसे गंभीर रोगों से बचाव के लिए टीडी वैक्सीन की दो खुराक दिया जाना है। चिकित्सा अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि टेटनस एक संक्रामक बीमारी है, जो बैक्टीरियम क्लोस्ट्रेडियम टेटानी नामक बैक्टीरिया से होता है। किसी घाव या चोट में संक्रमण होने पर टेटनस हो सकता है। उच्च रक्तचाप, तंत्रिका तंत्र का ठीक से काम नहीं करना, मांसपेशियों में ऐंठन, गर्दन व जबड़े में अकड़न, पीठ का धनुषाकार होना इसके लक्षण हैं। यह रोग किसी भी उम्र में हो सकता है। चिकित्सा के बावजूद मृत्यु दर काफी उच्च है। इसे गलाघोंटू के नाम से भी जाना जाता है। सांस लेने में दिक्कत, गर्दन में सूजन, बुखार एवं खांसी इसके शुरुआती लक्षण होते हैं।

इसके जीवाणु पीड़ित व्यक्ति के मुंह, नाक एवं गले में रहता है और छींकने या खांसने से यह दूसरे व्यक्ति के शरीर तक पहुंचता है। साथ ही सेंटर फार डिजीज प्रीवेंशन एंड कंट्रोल के मुताबिक टेटनस और डिफ्थेरिया से बचाव के लिए टीडी वैक्सीनेशन किया जाता है।

# बेटे की बीमारी के बाद भी राज्यमंत्री ने सुनी जनसमस्यायें, अफसरों को दिये कार्यवाही के निर्देश

**जनता दर्शन के दौरान कहा-घरैलू विवाद आपसी सूलह से निपटाने के हो प्रयास**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज शुक्रवार को अपने आवास पर जनता के दर्शन के दौरान जनसमस्यायें सुनी और उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दियें। घर में बेटे के बीमार होने के बाद भी राज्यमंत्री श्री गंगवार ने



दूरदराज क्षेत्रों से आये फरियादियों को मायूस न कर उनकी समस्याओं को सुना और प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान किसी ने जमीन सम्बन्धी विवाद तो किसी ने घरैलू हिंसा की समस्या बताई। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने जनसस्यायें सुनने के दौरान कहा की घरैलू विवाद पहले आपसी समझौते से निपटायें जाने के प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होनें जमीन सम्बन्धी विवादों के निपटाने के लिए सम्बन्धित उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया। ललौरीखेड़ा ब्लाक ग्राम अजीत डांडी निवासी नरेन्द्रपाल ने अपनी पुत्री के शादी अनुदान हेतु किये गये ऑनलाईन आवेदन के बाद भी धनराशि जारी नही किये जाने की शिकायत की इस पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने श्रमप्रवर्तन अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिये। माधोटाण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर वुर्जग निवासी विजय कुमार ने शस्त्र लाईसेंस की विरासत दर्ज कराने गजेन्द्र बहादुर सिंह ने अपने पिता की लाईसेंसी गन का स्थानान्तरण कराये जाने जहानाबाद निवासी रतनलाल, समीम, गजेन्द्र सिंह, धर्मसिंह आदि ने शिकायती पत्र देते हुए जहानाबाद जू0हा0 की जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने एवं अवैध कब्जेदारो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। इस पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये।ज्ञात रहे की राज्यमंत्री श्री गंगवार के बेटा डेंगू रोग से ग्रसित हो गया जिसका उपचार चल रहा है। इसके बावजूद राज्यमंत्री श्री गंगवार ने समस्यायें लेकर आये आमजनों को बापस न करते हुए उनकी समस्याओं को गम्भीरता से सुना और निराकरण करने निर्देश अफसरों को दिये।

# युवा अधिवक्ता की वाहन दुर्घटना में मौत, वकीलों में शोक की लहर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**जिला जज ने फुल कोर्ट रेफरेंस में दिवंगत अधिवक्ता को न्यायिक अधिकारियों के साथ दी श्रद्धांजलि**

जनपद मुख्यालय की संयुक्त बार एसोसिएशन में वरिष्ठ अधिवक्ता तेज सिंह वर्मा के जूनियर अशोक वर्मा का आसाम चौराहे पर वाहन दुर्घटना में इलाज के दौरान देहांत हो गया। जिनका पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। युवा अधिवक्ता आकाश वर्मा के निधन की खबर जैसे ही वकीलों को प्राप्त हुई तो पूरे जनपद के वकीलों में शोक की लहर दौड़ गई संयुक्त बार सिविल वार सेंट्रल वार के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, विवेक पांडे, कुलविंदर सिंह की अध्यक्षता में शोक सभा संपन्न हुई। जिसमें सैकड़ो अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और आज न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया वकीलों की हड़ताल के कारण अदालती कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। और दूर-दूर से तरीकों पर आए वादकारी उल्टे पांव अपने-अपने मुकदमों में तारीख से लेकर वापस लौट गए। दोपहर बाद 3:30 बजे जिला जज जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सभी न्यायिक अधिकारियों एवं सैकड़ो अधिवक्ताओं की मौजूदगी में जिला जज न्यायालय में फुल कोर्ट रेफरेंस जिला जज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई लोकसभा में विद्याधर पांडे,सुरेंद्र कुमार सक्सेना, मोहन वीर सिंह, पूर्व अध्यक्ष स्नेह लता तिवारी, पूर्व अध्यक्ष आलोक नगाइच, रामावतार रस्तोगी, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी महेंद्र पाल गंगवार, पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित पाठक, अरुण भारद्वाज, अजय किशोर शर्मा, महेंद्र मिश्रा सचिन मिश्रा देव गुप्ता सुनील शुक्ला, निषाद अनवर, आशिया फातिमा, विनीता सक्सेना, अविनाश चंद्र मिश्रा साहित सैकड़ो वकीलों ने शोक व्यक्त किया। आज देर शाम पोस्टमार्टम के बाद दिवंगत अधिवक्ता आकाश वर्मा का अंतिम संस्कार हजारों नाम आंखों के बीच हुआ।

# ईमानदार नेता कभी अपना जमीर नही बेचते, किसी के ऊपर कभी अत्याचार नहीं करते: वरुण गांधी

**अपने दो दिवसीय दौरे के लिए शुक्रवार को जनपद पहुंचे सांसद गांधी**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिनी दौरे पर शुकवार को पीलीभीत पहुंचे सांसद वरुण गांधी का बीसलपुर के मानपुर चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने बिलसंडा ब्लॉक के ग्राम चरखौला, मझगवां, मरौरी घनश्यामपुर, मार, नवदिया मोहनपुर, भदेन कंजा, अमखेड़ा, जलालपुर मरेना, मन्निया, जयपालपुर शिवुआपुर, करेली, रांठ आदि गांवों में जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईमानदार नेता कभी अपना जमीर नही बेचते, किसी के ऊपर कभी



अत्याचार नहीं करते। उनके लिए राजनीति सेवा का माध्यम होती है। वो अपनी ताकत का इस्तेमाल दूसरों को उठाने के लिए करते है। वरुण गांधी ने कहा कि इतने साल हमको यहां हो गए हमने कभी किसी पर अत्याचार नहीं किया, किसी में झगड़ा नहीं करवाया जबकि राजनीति के ऐसे लोग भी हैं जो अपने स्वार्थ के लिए किसी भी स्तर तक गिर जाते हैं। बोले कि जो दमन करे, जो दवाब डाले और लोगों को पीड़ित करे, जो अपनी ताकत का दुरुपयोग करे, अत्याचार करे वह राष्ट्वादी नहीं हो सकता भले ही वह कोई भी नारा लगाए। भारत माता की जय तभी होगी जब सबके सपनों की बराबर की कीमत होगी। जब सबको बराबर के अधिकार मिलेंगे। उन्होंने लगातार बढ़ती बेरोजगारी और अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से सांसद सचिव कमलकान्त,प्रभारी गोपाल सिंह,राजेश सिंह, शिवेंद्र शुक्ला,अनमोल सिंह,नरेंद्र मोहन सक्सेना,अंचल दीक्षित,नरेंद्र गंगवार, प्रकाश शर्मा, प्रभात शर्मा जसपाल सिंह, केदनलाल, अमित कश्यप, बंटी गुप्ता, भरत शर्मा, विमल शुक्ला, राहुल मिश्रा, अग्रेज सिंह, सतनाम सिंह, गौरीश अग्निहोत्री, रामनिवास, जसवंत सिंह, बलजीत सिंह, रविंद्र सिंह, मनजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने ग्राम पूरैना ललौर गुजरनपुर के पास देवहा नदी के निर्माणाधीन सेतु का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने विधानसभा क्षेत्र 130 बीसलपुर के ग्राम पूरैना ललौर गुजरनपुर मार्ग पर देवहा नदी सेतु, पहुॅच मार्ग, अतिरिक्त पहुॅच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य सेतु निगम के सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माणाधीन सेतु की कुल लागत रू. 2322.23 लाख है। कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि सेतु की लम्बाई 181.58 मीटर है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मैपलेआउट के माध्यम से भी सेतु की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रयोग की जा रही सामाग्री की गुणवत्ता परखी गई जिलाधिकारी द्वारा कार्यों में फिनिशिंग लाने के निर्देश दिये गये।



जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि सेतु के समस्त कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप कार्य कराया जाये। निरीक्षण के दौरान सेतु पर 07 वैल में से 06 वैल पर फाउन्डेशन का निर्माण कार्य प्रगति में पाया गया। वर्तमान में निर्माण कार्य 11 प्रतिशत किया जा चुका है। निर्माणाधीन सेतु का निर्माण दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये अन्यथा की स्थिति की कार्यवाही की जायेगी। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी बीसलपुर, कार्यदायी संस्था के सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शादियां लाड़पुर गांव में निकास को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शादियां लाड़पुर में गुरुवार देर रात्रि 10 बजे गांव के ही जोगिंदर व जयपाल में मामूली कहासुनी हो गई थी। इसके बाद दोनों पक्षों में गाली गलौज होने लगा और देखते ही देखते एक दूसरे पर लाठी डंडों से हमला कर दिया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष से जोगिंदर, विपिन व माया देवी वहीं दूसरे पक्ष से जयपाल, अरविंद, शोविंद्र घायल हुए। दोनों पक्षों के घायलों ने बीसलपुर कोतवाली में तहरीर देकर एक दूसरे के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर सभी लोगों को बीसलपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल के लिए भेज कर मारपीट के मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने कुंवर इंद्रेश चौहान को घोषित किया जिलाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

यूपी के पीलीभीत में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने भाजपा व क्षत्रिय नेता कुंवर इंद्रेश सिंह चौहान को पीलीभीत का जिला अध्यक्ष घोषित किया है। जिला अध्यक्ष घोषित होने के बाद उनके सहयोगियों में खुशी की



लहर दौड़ गई है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान ने बताया संगठन से बात कर जल्द ही जनपद में संगठन के विस्तार पर चर्चा की जाएगी। बता दें, इंद्रेश सिंह चौहान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, पीलीभीत एवं भारतीय जनता पार्टी में कई वर्षों तक सेवा दे चुके हैं।

### राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम संपन्न

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन केंद्र कार्यालय पीलीभीत मे किया गया। जिसका शुभारंभ लक्ष्मीकांत शर्मा ने किया जिसमें राष्ट्रीय एकता दिवस के बारे में बताया गया जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में उपस्थित लेखा एवं कार्यक्रम सहायक आकाश कुमार राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ब्रह्मपाल प्रजापति, अभिषेक कुमार भारती, सोनू कुमार आदि मौजूद रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 845 रुपये के साथ दो जुआरी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/मछलीशहर।** पवारा पुलिस ने 845रूपयो के साथ दो जुआरियो को गिरफ्तार किया है। दोनो पर जुआ एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष राजनारायन चौरसिया ने बताया कि वे गुरुवार को अपने हमराह के साथ क्षेत्र में गशत पर निकले थे।उन्हे मुखबिर ने कुछ लोगो द्वारा करौदा गांव में जुआ खेलने की सूचना दी।जब वे मौके पर पहुंचे तो वहा लालजी पटेल पुत्र रामअधार पटेल निवासी ग्राम करौदा और हरिश्चन्द्र पटेल पुत्र रामकेदार पटेल निवासी वनगांव एवम अन्य को जुआ खेलते हुए देखा।उक्त दो को जुआ खेलते समय हिरासत में ले लिया बाकी अन्य भागने में सफल रहे ।जुआ की फड़ पर 80रुपया तथा 52 ताश के पत्ते मिले। दोनो की तलाशी लेने पर 765 रूपये मिले। उक्त गिरफ्तार दोनो आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज नगर के मुख्य मार्ग स्थित युनियन बैंक के समीप ट्रक की चपेट में आने से बाइक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया ।चिकित्सकों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। नगर के पुरानी बाजार स्थित ओम शांति गली निवासी 40 वर्षीय सुरेन्द्र मौर्या पुत्र गोपी मौर्या गुरुवार की रात बाइक से गृहस्थी का सामान लेने के लिए जेसीज चौक पर जा रहें थे। जैसे ही जौनपुर रोड स्थित युनियन बैंक के समीप पहुंचा सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया ।चिकित्सकों ने इलाज के दौरान युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया ।कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### विकास खंड के 74 विद्यालय पर हुई सीस परीक्षा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/मछलीशहर।** विकास खंड के 74 चिन्हित विद्यालय पर विद्यालय के स्तर तथा बच्चो का स्तर जानने के लिए गणित और हिंदी विषय की ओएमआर आधारित परीक्षा हुई। सुबह केंद्रों पर पहुंचकर फील्ड इन्वेस्टिगेटर चाक चौबंद व्यवस्था के बीच परीक्षा कराया। कक्षा तीन के लिए 60 मिनट कक्षा 6 के लिए 75 मिनट कक्षा 9 के लिए 90 मिनट का समय दिया गया था। बच्चो को ओएमआर सीट पर काला बाल प्वाइंट पेन से गोला बनाना था। इसी के साथ भाषा और गणित पढ़ाने वाले शिक्षक को शिक्षक प्रश्नावली, विद्यालय के प्रश्नावली और बच्चो ने प्यूपिल प्रश्नावली भरवाया गया। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी बसंत शुक्ल ने बताया कि हमारे विकास खंड में 74 केंद्रों पर परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। यह परीक्षा शिक्षा मंत्रालय एवम राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवम प्रशिक्षण परिषद द्वारा परख द्वारा कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चो और विद्यालय शैक्षिक उपलब्धि का आंकलन करना है। तीन बीएलसी और 81 एफआई की तैनाती के साथ मजिस्ट्रेट भी भ्रमण कर रहे थे।परीक्षा की सुचित पूर्ण संपन्न कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी बसंत शुक्ल,ब्लॉक स्तरीय सह समन्वय शिवाकांत तिवारी,अमला प्रसाद यादव,डॉक्टर राजेश यादव ने केंद्र पर चक्रमण किया।

### जमीनी विवाद मे लड़की को मारने पीटने का वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर/मछलीशहर।** पंवारा थाना के चितांव गाँव मे जमीनी विवाद एक युवती को मारने पीटने का विडियो वायरल हो रहा है फिलहाल पुलिस को पीडिता की माता द्वारा लिखित शिकायत की गयी है। पंवारा थाना के चितांव गाँव मे जमीनी विवाद मे कुछ लोग एक छात्रा को मारपीट रहे है जिसमे कुछ महिलाऐ भी शामिल है जिसका कुछ लोग विडियो बनाते भी दिख रहे हैं। जिसका विडियो सोसलमिडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। चितांव गाँव की सन्तोष यादव की पत्नी सुनीता यादव ने पंवारा थाना मे लिखित शिकायत करके आरोप लगाया है की गाँव के कुछ लोगो से जमीनी विवाद है जिसमे कुछ लोग उसकी बेटी रश्मि यादव का बाल पकड़ कर मार पीट रहे हैं। पंवारा के थानाध्यक्ष आर एन चौरसिया का कहना है की वायरल वीडियो की जानकारी उन्हे नही थी लेकिन मामले की जांच की जा रही है।

### देसी तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शाहगंज।** सरपतहां थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक जौनपुर के दिशा-निर्देश एवं क्षेत्राधिकार शुभम तोड़ी के पर्यवेक्षण में अपराध अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सपन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन क्षेत्राधिकारी शाहगंज व थानाध्यक्ष सरपतहां विनोद कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में को उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार दुबे मय हमराह ठेका) अंगद सिंह व का) रोहित साहू द्वारा एक नफर अभियुक्त रजनीश सिंह उर्फ बचन पुत्र स्व) रमानन्द सिंह निवासी अदसण बना जन्दवा जनपद चन्दौली उम्र करीब 30 वर्ष को 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ के साथ गिरफ्तार किया गया।

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

विकास खण्ड शाहगंज अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सर्वोदय इन्टर कालेज खुदौली के मैदान में संपन्न हुआ। आयोजित प्रतिस्पर्धा में बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि जितेंद्र प्रताप सिंह खण्ड विकास अधिकारी, अमरदीप जायसवाल खण्ड शिक्षा अधिकारी व प्रधानाचार्य डा अनिल कुमार उपाध्याय ने प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर



माल्यार्पण कर किया। एनसीसी के कैडट ने मार्च पास किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुरैनी व कलापुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अमरदीप जायसवाल ने लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल कूद प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में नेतृत्व, आज्ञा पालन, समान लक्ष्य के लिए मिलकर काम करना, खेल की भावना, साहस, सहनशीलता आदि सद्गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ जीतना आवश्यक नहीं है, बल्कि आवश्यक है प्रतिभाग करना। मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों में खेल के प्रति खेल भावना विकसित करने के साथ-साथ उनमें शारीरिक और मानसिक विकास को मजबूती प्रदान करती है। नियमित व्यायाम, पीटी और खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों को निरोग बनाने में सहायक होती है।

# राज्य शिक्षा उपलब्धि सर्वेक्षण (एसईएएस) परीक्षा सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

भारत सरकार और एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राज्य शिक्षा उपलब्धि सर्वेक्षण (एसईएएस) 2023 की परीक्षा शुक्रवार को सकुशल सम्पन्न हो गई। इस दौरान कक्षा 3,6व कक्षा 9के कुल 1839छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया । गौरतलब हो कि उक्त के सम्बंध में शुक्रवार को क्षेत्र के मान्यता /सहायता प्राप्त विद्यालयों तथा बेसिक शिक्षा परिषद के कुल 65 परीक्षा केन्द्र बनाया गए थे । जिस पर उक्त स्तर के छात्रों के भाषा और गणित विषयों में आकलन करने हेतु कक्षा 3 स्तर पर 40प्रश्न, कक्षा 6 स्तर पर 50व कक्षा 9स्तर पर 60प्रश्नों का प्रश्न पत्र एवं ओएमआर सीट पर परीक्षा सम्पन्न हुई।



ओएमआर सीट पी क्यू, टी क्यू और एस क्यू तीन प्रकार के थे ।परीक्षा केन्द्रों पर जहां छात्रों के आकलन हेतु पी क्यू तो वहीं विषय अध्यापकों और स्कूल प्रमुखों को स्कूली पृष्ठभूमि का आकलन हेतु टी क्यू और एस क्यू वितरित किया गया। सकुशल परीक्षा संचालन के लिए जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में शाहगंज उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, खण्ड विकास अधिकारी सुबाष चन्द्र और प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी वीरेंद्र कुमार नोडल अधिकारी समेत तीन ब्लाक स्तरीय कोओर्डिनेटर व सत्तर फील्ड इन्वीस्टिगेटर बनाए गए थे ।इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य, एआरपी एजाज अहमद व संजय सिंह शामिल रहे।

# सिकरारा के 77 विद्यालयों पर सम्पन्न हुआ सीस परीक्षा, 2310 परीक्षार्थी हुए सम्मलित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**जेडी प्रयागराज ने प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में परीक्षा का किया निरीक्षण, व्यवस्था से हुए प्रसन्न**

**सिकरारा।** शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर शुक्रवार को स्टेट एजूकेशनल अचीवमेंट सर्वे हुआ। इसके तहत कक्षा तीन, कक्षा छह और कक्षा नौ के छात्रों की भाषा और गणित की परीक्षा हुई। परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर छात्रों की भाषा और गणित पर पकड़ का आंकलन होगा। परीक्षा की व्यवस्था व सुचिता निरीक्षण करने प्रयागराज मंडल के जेडी आर एन विश्वकर्मा प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर पर पहुँचे। परीक्षा की सुचिता व्यवस्था व भौतिक परिवेश व गुणवत्तापरक शिक्षा देख कर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित सिंह व शिक्षकों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कक्षा 5 के बच्चों से दशमलव के गुणा भाग व कक्षा 4 के बच्चों से राज्य की राजधानियों के नाम व अंग्रेजी व हिंदी की कविता पूछी जिसको सभी बच्चों ने बताया और सुनाया। छात्रों के स्तर को मापने के लिए स्टेट एजूकेशनल अचीवमेंट सर्वे का आयोजन सिकरारा के 77 विद्यालयों पर किया गया। इसके लिए यू-डाइस के माध्यम से विकास खंड के 266 विद्यालयों



में से 77 स्कूलों का रैंडम चयन किया गया था। चयनित विद्यालयों में रैंडम चयन प्रक्रिया के आधार पर सभी नामांकित छात्रों में से 30 विद्यार्थियों का चयन करके उन्ही की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा की जिम्मेदारी डायट तथा बेसिक शिक्षा विभाग को सौंपी गई थी। परीक्षा की पारदर्शिता व सुचिता को बनाये रखने के लिए प्रत्येक विद्यालय में परिषदीय विद्यालयों से एक एक शिक्षकों का फील्ड इन्वेस्टिगेटर के रूप में तैनाती की गई थी। परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से हुई। कक्षा तीन के छात्रों के लिए 60 मिनट, कक्षा छह के छात्रों के लिए 75 मिनट और कक्ष नौ के छात्रों के लिए 90 मिनट तय किया गया था।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में होगा फंक्शनल मैटेरियल पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान द्वारा फंक्शनल पदार्थ पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति और पॉलीमर की प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो वंदना सिंह द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की पोस्टर का विमोचन किया गया। प्रो सिंह ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के सफलता की शुभकामनाएं दी। प्रो. सिंह ने कहा कि फंक्शनल मैटेरियल इंजीनियरिंग, मेडिसिन, स्पेस व कई अन्य क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रज्जू भैया संस्थान के निदेशक व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक डॉ प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि यह सम्मेलन रज्जू भैया संस्थान एवं एशियन पॉलीमर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 8 से 10 फरवरी 2024 को पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित हो रहा है। इस अवसर पर डीआरडीओ के डिफेंस मटेरियल लैब के सेवा निवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक व सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ कैलाश नाथ पांडे ने कहा की फंक्शनल मटेरियल एक बहुआयामी पदार्थ है जिसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए बनाया जाता है। डॉ पांडे ने कहा कि इस सम्मेलन में डीआरडीओ व देश के अन्य संस्थानों के वैज्ञानिक अपना शोध व व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ नितेश जायसवाल ने कहा कि 8-10 फरवरी, 2024 को आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में दुनिया भर के तीन सौ से ज्यादा शोधार्थी, वैज्ञानिक, प्रोफेसर फंक्शनल पदार्थ पर चर्चा करने के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में आयेंगे।





# दो पक्षों के युवकों में हुई मारपीट, तीन ज्ञात तथा 12 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**घटना के दौरान हवाई फायरिंग का आरोप**

जफराबाद।स्थानीय कस्बे के गोला बाजार में गुरुवार की रात एक सब्जी की दुकान पर दो पक्षों के युवकों के बीच किसी बात पर मारपीट हो गई।मारपीट में दोनो पक्षों के कई लोगों को चोट आयी।घटना के दौरान हवाई फायरिंग का आरोप लगाया गया है। क्षेत्र के अहमदपुर गांव के एक युवक से दूसरे पक्ष के कुछ युवकों से किसी बात पर कहासुनी हो गयी।आरोप है उक्त युवक को दूसरे पक्ष के युवकों ने मारपीट दिया।मारपीट की सूचना पर अहमदपुर गांव के कई युवक भी मौके पर आ गए और मारपीट हो गयी।मारपीट में कस्बे के चार युवक घायल हो गए।जिसमे अयाज नाम के युवक को काफी गम्भीर चोट आयी। घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। अहमदपुर गांव के भी कुछ युवक भी मारपीट में घायल हो गए है।कुछ लोगों ने घटना स्थल पर हवाई फायरिंग होने का आरोप लगाया।घटना के बाद अयाज की बहन गुड़िया की तहरीर पर तीन ज्ञात तथा 10 से 12 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जानकारी होते ही रात को ही पुलिस सक्रिय हो गई।हालांकि मामला दो समुदाय का होने के कारण एक कैम्प पीएसी तथा सिकरारा थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी भी मौके पर पहुंच गए। प्रभारी क्राइम हरिनारायण पटेल ने बताया कि युवकों ने किसी विवाद को लेकर मारपीट किया था। एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। क्षेत्राधिकारी कुलदीप गुप्ता ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या बहवाई फायरिंग घटना नही लग रही है।

# आठ दिनों से लापता अधेड़ का सिर जंगल में मिलने से मची सनसनी

* मौरावां थाना के अमिलिहा खेड़ा गांव की घटना
* लापता होने के तीन दिन बाद पत्नी ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी
* बरामद सिर व अन्य अवशेषों का कराया गया पोस्टमार्टम



जन एक्सप्रेस । दीप कृष्ण शुक्ला

**उन्नाव।** मौरावां थाना क्षेत्र में आठ दिन से लापता अधेड़ किसान का गुरुवार जंगल सिर पड़ा देख चरवाहों में हड़कंप मच गया। हत्यारों ने सिर काटकर हत्या कर को अंजाम देने के बाद शरीर कई टुकड़े किए। घटना की सूचना पर एएसपी ने फील्ड यूनिट व डाग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंच कर सुरागकशी की। बरामद सिर व अन्य अंगों के अवशेषों का शुक्रवार पोस्टमार्टम कराया गया। शरीर के अन्य हिस्सों की भी खोजबीन जारी है। मौरावां थाना क्षेत्र के अमिलिहाखेड़ा निवासी रामबिलास रावत (55) खेती करता था। उसने मवई गांव निवासी अजय सिंह के खेत में खड़ी धान की फसल को काटने के लिए ठेके पर लिया था। खेत पर मचान बनाकर रह रहा रामविलास 25 अक्तूबर को अचानक लापता हो गया। 26 अक्तूबर को घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। दो दिन तक कुछ पता न लगने पर 28 को पत्नी शेष कुमारी ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। तब से पुलिस जांच कर रही थी लेकिन कुछ पता न लगा पाई। गुरुवार शाम करीब पांच बजे मृतक के घर से दो किलोमीटर दूर मवई-अमिलिहाखेड़ा मार्ग पर अंबरवीर बाबा तालाब के पास जंगल में चरवाहों ने रामबिलास का धड़ से अलग सिर पड़ा देख हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर परिजन सहित प्रभारी एसओ योगेंद्र प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। घटनास्थल पर धड़ मिलने के साथ मृतक की एक पसली, हाथ की हड्डी और रीढ़ का टुकड़ा पड़ा मिला। शरीर का अन्य हिस्सा गायब मिला। जांच के दौरान पुलिस ने जिस खेत में वह रहता था वहां पुआल के पास से उसके कपड़े भी बरामद किए हैं। घटना की सूचना पर एएसपी शशिशेखर, सीओ दीपक सिंह फील्ड यूनिट और डाग स्क्वायड टीम के साथ पहुंचे और जांच की और साक्ष्य जुटाए। पुलिस के मुताबिक घटना को अंजाम करीब चार से पांच दिन पहले दिया गया है। घटना में अपने ही किसी नजदीकी का हाथ है।

इस संबंध में सीओ दीपक सिंह का कहना है कि अधेड़ की गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस खोजबीन कर रही थी गुरुवार उसका सिर बरामद हुआ है। धड़ का पूरा हिस्सा नहीं मिला है। जांच चल रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### कपड़े मिलने की बात परिजनों ने पुलिस को क्यों नहीं बताई!

मृतक की पत्नी के गुमशुदगी दर्ज कराने के ने जिस दिन गुमशुदगी दर्ज कराने के तीन दिन बाद मृतक के कपड़े पुआल के पास पड़े होने की सूचना गांव के ही एक युवक ने मृतक की पत्नी और रायबरेली के खीरो निवासी बेटे मनोज के साढू पिंटू को दी थी। बावजूद इसके घरवालों ने यह जानकारी पुलिस को नहीं दी। घटनास्थल से पुलिस ने डंडा भी बरामद किया है। यह बात लोगों में चर्चा का विषय बनी है। अभी तक की जांच में घटना में किसी नजदीकी का ही हाथ होने की आशंका जताई जा रही है।

### मृतक के दो बेटे रहते हैं बाहर, त्योहार के चलते आए थे गांव

मृतक रामबिलास के चार बच्चे मनोज, प्रमोद, मल्हू और सारिका हैं। जिनमे मनोज राजस्थान जबकि प्रमोद मुंबई में मजदूरी करते हैं। राम विलास अक्सर खेतों पर ही रहता था। उसकी पत्नी शेष कुमारी घर पर मल्हू और सारिका के साथ रहती थी। दीपावली के चलते दोनों बेटे 30 अक्तूबर को गांव आ गए थे।

### विवाद के चलते गांव का युवक कहता था बदला लेने की बात

मृतक के बेटे मनोज के मुताबिक पांच माह पहले गांव के ही एक युवक से नशे की हालत में पिता का विवाद हुआ था। पुलिस में मामला पहुंचने पर उसकी गलती पाए जाने पर पुलिस ने उसकी पिटाई की थी। जिसके बाद से वह अक्सर बदला लेने की बात कहता था। परिजनों ने उस पर भी शक जताया है।

## इलाज के दौरान गर्भवती महिला की बिगड़ी हालत, जच्चा-बच्चा दोनों की मौत

जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव जंसार निवासी नवविवाहिता को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने उसे आशा खेड़ा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची अजगैन पुलिस ने मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी अनुसार जंसार निवासी देवकुमार ने केवाना की रहने वाली युवती रोशनी से करीब एक साल पहले प्रेम विवाह किया था। जिससे लड़की के घर वाले ससुराल नही आते थे। शुक्रवार को महिला के प्रसव पीड़ा हुई तो उसका पति और अन्य परिवारीजन उसे आशाखेड़ा स्थित एक निजी नर्सिगहोम लेकर पंहुचे। जहां पर इलाज शुरु होने से पहले ही उसकी हालत बिगड़ने लगी और महिला की मौत हो गयी। जिसके बाद परिजन शव लेकर वापस चले गए। घटना की सूचना पर लड़की के पिता मदन पंहुचे और इलाज न कराने का आरोप लगाते हुये मार डालने की आरोप लगाने लगे तो परिवारीजनों ने अजगैन कोतवाली को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया की सूचना पर पोस्टमार्टम करा दिया गया। शिकायती पत्र मिलने पर उसके आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

## जमीनी विवाद में परिजनों ने मां-बेटी को पीटा, मां की हालत नाजुक



जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव

सोहरामऊ थाना क्षेत्र के नया खेड़ा गांव में खेत जुताई के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष से एक महिला व उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल करने के साथ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा मजरा बिलौरा निवासी नन्हा देवी पत्नी भगवानदीन व उसकी बेटी रोली शुक्रवार सुबह शौच क्रिया के लिए खेत गयी थी। जहां नन्हा देवी के जेठ जगदीश पुत्र रामऔतार ट्रैक्टर से खेत जुतावा रहा था। नन्हा देवी ने मेड़ सही करने के लिए कहा तो विपक्षी गली गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर जेठ जगदीश, उसकी पत्नी व बेटे अजीत ने लाठी डंडे से मां बेटी को पीट दिया। जिसमें मा बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। सोहरामऊ पुलिस ने घायलों को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र भेज कर स्वास्थ्य परीक्षण व इलाज कराया। जहां चिकित्सक ने नन्हा देवी को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोहरामऊ थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया की पीड़ित महिला की तहरीर पर गाली गलौज व मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर घायलों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बीमारी से आजिज युवती ने फंदे से लटक कर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** पुरवा कोतवाली के लखमंदेमऊ गांव में बीमारी से आजिज 20 वर्षीय युवती ने घर में दुपट्टे के फंदे से लटक कर अपनी जीवनलीला समाप्त की।कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के लखमंदेमऊ निवासी राजकुमार पुत्र ईश्वरदीन की 20 वर्षीया बेटी मौसमी बीते काफी दिनों से बीमार चल रही थी। जिसका ईलाज प्रसाद हास्पिटल लखनऊ में चल रहा था। बीते गुरुवार को लखनऊ से दवा लेकर करीब 2 बजे दोपहर को घर वापस लौटे। उसे घर में छोड़कर सभी लोग खेत चले गये। खेत से वापस आने पर उसकी बेटी दुपट्टे के सहारे फाँसी पर लटकी मिली। परिजनों ने आनन फानन उसे फंदे से उतार कर डाक्टर के पास पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मां रेखा देवी, भाई शिवम व जतिन का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को सहोदया स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता इंग्लिश /हिंदी कविता पाठ (गीत प्रतियोगिता) की थी। इंग्लिश कविता पाठ प्रतियोगिता ग्रुप ए में प्रथम विजेता अग्रिम पाण्डेय (डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेन्टर उन्नाव), द्वितीय स्थान एंजल शर्मा (डी. पी. एस. उन्नाव), तृतीय स्थान आलिया खान (अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, शुक्लागंज) रहीं। ग्रुप बी में प्रथम विजेता दिलिशा महेश्वरी (डी. पी. एस. उन्नाव), द्वितीय स्थान रिद्धि बाजपेयी (अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, शुक्लागंज) तृतीय स्थान देवांश द्विवेदी (डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेन्टर उन्नाव) रहे। ग्रुप सी में प्रथम विजेता रितिका द्विवेदी (सेठ आनन्द राम जयपुरिया विद्यालय, उन्नाव), द्वितीय स्थान इशांत वर्मा (डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेन्टर उन्नाव), तृतीय स्थान अशिता आर्या (अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, शुक्लागंज) रहीं। हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता में ग्रुप ए में प्रथम विजेता साक्षी तिवारी (अम्बिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, शुक्लागंज), द्वितीय स्थान अवन्या वर्मा (डी. पी. एस. उन्नाव), तृतीय स्थान आराध्या तिवारी (डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेन्टर उन्नाव) रहीं। ग्रुप ब में प्रथम विजेता मान्या शुक्ला (डी. पी. एस. उन्नाव), द्वितीय स्थान आयुषी पटेल (यूनिटी पब्लिक स्कूल उन्नाव), तृतीय स्थान श्रेयांश जायसवाल (सेठ आनन्द राम जयपुरिया विद्यालय, उन्नाव) रहे। ग्रुप सी में प्रथम विजेता स्नेहा चौधरी (डी. पी. एस. उन्नाव), द्वितीय स्थान अन्वी सिंह (डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेन्टर उन्नाव), तृतीय स्थान पल्लवी (यूनिटी पब्लिक स्कूल उन्नाव) ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। अंग्रेजी शिक्षिका विभा द्विवेदी, हिंदी की नूतन मिश्रा ने निर्णायक मंडल में रहीं। वहीं प्रतियोगिता की आब्जर्वर मनीषा त्रिपाठी रहीं। विद्यालय के प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डेफिनी लेम्यूर ने आये हुये लोगों का आभार व्यक्त किया।

### ट्रेनें निकलने के कारण वाहनों की लगी लंबी कतारें

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे ट्रेनें निकलने के कारण क्रासिंग बंद रही। जिस कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक जाम लगा रहा। क्रासिंग खुलने के बाद वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे। क्षतिग्रस्त मार्ग और संकरे मार्ग के चलते जाम और भीषण हो गया। जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम को देख पीआरडी के जवान दौड़े और किसी तरह आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान चार बजे तक राहगीरों को जाम का दंश झेलना पड़ा। वहीं पीक ऑवर के समय नवीन पुल पर भी जाम की स्थिति बनी रही। जिससे कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं विलंबित हो गई।

### राजमार्ग पार कर रहे मासूम की कंटेनर की टक्कर से दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव।** कानपुर लखनऊ राजमार्ग पर बिचपरी गांव के सामने एक कंटेनर ने रोड पार कर रहे एक 10 वर्षीय बालक को टक्कर मार दी। हादसे में मासूम की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। जानकारी अनुसार अजगैन कोतवाली में कानपुर लखनऊ राजमार्ग पर सड़क पार कर रहे मों आयान 10 वर्ष पुत्र इरसाद निवासी मक्कानगर थाना आधार ताल जिला जबलपुर मध्यप्रदेश को एक कानपुर से आ रहे एक कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे मासूम की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक बालक के पिता वही गांव में 6 वर्षो से रहकर कबाड़ का व्यवसाय कर रहे है। लड़के की मौत पर पिता और उसकी मां रेशमा का रो-रो कर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## कार की ट्रक से टक्कर में कंटेनर चालक हुआ घायल



जन एक्सप्रेस । बिछिया/उन्नाव

बांदा जनपद के बिसंडा निवासी कंटेनर चालक अरविंद सिंह उम्र 35 वर्ष गुरुवार देर रात क्लीनर जीजा विपिन सिंह के साथ लखनऊ की तरफ जा रहे थे। कानपुर लखनऊ हाईवे के दही थाना क्षेत्र के वर्क शॉप मोड़ के निकट रायबरेली से नोएडा जा रही कार को मुर्गी दाना लदे ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में टक्कर मार दी जिससे पीछे चल कंटेनर ट्रक में जा घुसा जिससे कार सवार सभी बाल बाल बच गए और ट्रक चालक भी नही चोटिल हुआ लेकिन कंटेनर चालक केबिन में फंस गया जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाल सकी। जिसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया इस दौरान हाईवे पर करीब दो घंटे जाम लगा रहा जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हुए। दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि ट्रक का चालक भाग गया था और कंटेनर चालक क्लीनर घायल है जिनको जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# तेज रफ्तार कार कंटेनर से टकराई, दो की मौत-दो घायल

* कानपुर लखनऊ हाइवे पर सोहरामऊ के बजेहरा मोड़ पर हुआ हादसे
* कार सवार चारों थे नामचीन दवा कंपनी के एमआर
* मीटिंग में शामिल होने जा रहे थे लखनऊ

जन एक्सप्रेस । उन्नाव







कानपुर-लखनऊ हाइवे पर गुरुवार देर शाम सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बजेहरा मोड़ के पास बैक हो रहे कंटेनर में पीछे से कार जा घुसी। घटना में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि उनके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से सभी को नवाबगंज सीएचसी भेजा। डॉक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मौत की सूचना घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। घटना के बाद चालक कंटेनर छोडकर भाग निकला। पुलिस ने दोनों वाहन कब्जे में लिया है। कानपुर नगर के आशानगर गल्ला मंडी मोहल्ला निवासी आशुतोष (35) पुत्र चंद्रशेखर शुक्ला, फतेहपुर निवासी साथी जय तिवारी (28), कानपुर के बिल्हौर निवासी गौतम कुमार सक्सेना (30) और कानपुर नौबस्ता थाने के खड़ेपुर निवासी राजा उर्फ आशुतोष गुप्ता (35) सभी एक नामचीन दवा कंपनी में एम आर थे। गुरुवार सभी एक साथ कार में सवार होकर मीटिंग में शामिल होने लखनऊ जा रहे थे। जय तिवारी कार चला रहा था उसके साथ आगे आशुतोष बैठा था। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बजेहरा मोड के पास एक वेयर हाउस में जाने के लिए चालक कंटेनर मोड़ रहा था। कार की रफ्तार तेज होने से कार उसी में पीछे से घुस गई। घटना में चारो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने एनएचएआई और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। चारो को नवाबगंज सीएचसी लाया गया। डॉक्टर ने आशुतोष और जय तिवारी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर दवा कंपनी के अधिकारी समीर कुमार राय मौके पर पहुंचे और घायलों में गौतम कुमार सक्सेना और राजा उर्फ आशुतोष गुप्ता को एंबुलेंस से लखनऊ के किंगजॉर्ज मेडिकल कॉलेज लेकर चले गए। एसओ अवधेश कुमार ने बताया कि तेज रफ्तार कार टैंकर में पीछे से घुसी है। उसमें दो की मौत हुई है। जबकि दो घायल हुए हैं। घायलों को लखनऊ केजीएमयू में भर्ती कराया गया है। कंटेनर कब्जे में है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आगे बैठे दोनों को निकलने के लिए लेनी पड़ी कटर की मदद

बताते हैं कि कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कंटेनर में पीछे से घुसते ही तेज धमाके की आवाज आई। जिससे उसमें आगे बैठे आशुतोष शुक्ल और जय तिवारी उसी में बुरी तरह फंस गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को शवों को निकालने के लिए कटर मंगाना पड़ा। कार के दोनों ओर दरवाजे का कुछ हिस्सा कटवाने के बाद आगे बैठे दोनों युवक निकाले जा सके। इस दौरान लगे समय के चलते उन्हें उपचार के देरी हुई जिससे दोनों की मौत हो गई।

### दिवंगत आशुतोष की थी कार

जो कार हादसे का शिकार हुई वह मृतक आशुतोष शुक्ला की थी। मृतक के साले शुभम मिश्र ने मुताबिक वह 15 सालों से दवा कंपनी में काम कर रहे थे। वह तीन भाईयों में दूसरे नंबर के थे। करीब डेढ़ साल पहले बड़े भाई की स्वाभाविक मौत हो जाने के चलते परिवार की जिम्मेदारी आशुतोष पर थी। बेटे की मौत से मां मीना और पिता चंद्रशेखर बेहाल हैं। पति की मौत की खबर घर पहुंचते ही नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंची पत्नी शव देख बेहोश हो गई। उसे पानी के छींटे डाल सभी होश में लाए।

### दो भाइयों में छोटा था जय

दिवंगत जय के पिता शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि बेटा चार साल से दवा कंपनी में काम कर रहा था। वह दो भाईयों में छोटा था। बड़ा भाई अजय है। एक बहन है उसका विवाह हो चुका है। बेटे की मौत से मां सुमन व अन्य परिजन बेहाल हैं।

## शांति नर्सिंग होम के डॉक्टरों ने युवक का किया गलत इलाज, मरते मरते बचा

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज



थाना गंगाघाट अंतर्गत टेलीफोन एक्सचेंज के सामने बने हुए शांति नर्सिंग होम का जहां पर दीपक पुत्र मुंशीलाल, उम्र लगभग 22 वर्ष, निवासी ग्राम कोलवा फतेहपुर 84 अपना पथरी का ऑपरेशन कराने हेतु पहुंचा और वहां के एक डॉक्टर जिनका नाम डॉ, इफ्तियार खान है उन्होंने 20 सितंबर को इस ऑपरेशन को ऐसा अंजाम दिया की पथरी की बजाय दूसरे चीज का ही ऑपरेशन कर दिया जिससे दीपक की हालत काफी बिगड़ गई उसके उपरांत दीपक के पिता मुंशीलाल उसको दूसरे अस्पताल लेकर पहुंचे और वहां पर उसका दोबारा ऑपरेशन हुआ जिसमें 5 लाख खर्च करने के बाद मुंशीलाल अपने पुत्र दीपक की जान बचा पाए हैं। मुंशीलाल ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ़ आवाज उठा रहे हैं और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से लेकर कई जगह तक उन्होंने अपना प्रार्थना पत्र दिया है ताकि उनको न्याय मिल सके और ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ उचित कार्यवाही हो सके।

## यूपी राज्य सेप्टेज पॉलिसी एवं यूज्ड वाटर प्रबन्धन विषयक कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव



नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित तथा क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टेज पॉलिसी एवं यूज्ड वाटर प्रबन्धन विषयक एक कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को राजमार्ग स्थित पक्षी विहार में किया गया। कार्यशाला में जनपद के करीब दो दर्जन निकायों के प्रतिनिधियों को फिकल स्लज मैनेजमेंट तथा यूज्ड/वेस्ट वाटर मैनेजमेंट के बारे में प्रबंधन करने हेतु जानकारी दी गयी। साथ ही एसबीएम 2.0 (स्वच्छ भारत मिशन नगरीय) के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। उप निदेशक डॉ. राजीव नारायण ने यूज्ड वाटर के प्रबंधन की आवश्यकताओं के दृष्टिगत भविष्य में होने वाले समस्याओं से अवगत कराते हुए कहाकि यदि आज हमने यूज्ड वाटर का प्रबंधन नहीं किया तो भविष्य में हमें पीने के लिए शुद्ध जल शायद उपलब्ध न हो। उन्होंने कहा कि बेहतर भविष्य के लिये कार्यशाला में बताए गए प्रबंधन का भौतिक रूप से धरातल पर भी क्रियान्वयन अति आवश्यक है। सह निदेशक डॉ. नसरुद्दीन ने बताया कि हम सभी सेप्टेज पॉलिसी एवं यूज्ड वाटर प्रबंधन को यथाशीघ्र क्रियान्वित करने के दिशा में कार्य करें। कार्यशाला में RCUES से प्रदीप मिश्र एमआईएस एक्सपर्ट समेत अधिशासी अधिकारी फतेहपुर चौरासी अरविन्द सिंह व उन्नाव, बांगरमऊ, भगवंत नगर, बीघापुर, फतेहपुर चौरासी, गंज मुरादाबाद, कुरसठ आदि के जन प्रतिनिधि व सदस्य उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरा समस्त प्रपत्रों में नाम मो जलील अंकित है पासपोर्ट में गलती से मो जलील सिद्धकी अंकित को गया है। जिसको सुधार कराकर मो जलील अंकित करा लिया है भविष्य में मेरा नाम प्रपत्रों में मो जलील के नाम से जाना जाएगा।
**मो जलील पुत्र जान मोहम्मद**
निवासी ग्राम बैरी, पोस्ट व थाना शिवराजपुर, तहसील बिल्हौर,कानपुर नगर-209214

## मकान के रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

चौबेपुर थाना क्षेत्र भवानीपुर गांव में मकान के रास्ता के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इस सवाल में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया है।

बताते चले कि भवानीपुर गांव में एक पक्ष ऊषा गुप्ता एवं दूसरा पक्ष दिनेश कुमार गुप्ता एक ही परिवार के सदस्य हैं, दोनों पक्षों में काफी समय से रास्ता को लेकर विवाद चला आ रहा हैं। जिसको गांव के कई सम्भ्रांत लोगों ने दोनों पक्षों को समझाया तथा पुलिस ने भी दोनों पक्षो को शांतिभंग में कार्यवाही कर चुकी हैं। बीते दिन शुक्रवार की दोपहर ऊषा गुप्ता के पक्ष में कुछ वकील व पत्रकार पैरवी में आये थे। जिसमे ऊषा गुप्ता उपरोक्त जमीन पर दीवार खड़ी करने की बात करने लगी जिसमे पहले तो दोनों पक्षों में बात विवाद हुआ। देखते देखते ही विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष मारपीट करने लगे। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। जानकारी होने पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को हुई तो उच्च अधिकारी मौके पर पहुचकर उक्त जमीन का निरीक्षण कर एस एच ओ चौबेपुर को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। वही घायलों को थाना पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौबेपुर में इलाज के किए भर्ती कराया है।

## कच्ची दीवार ढही, मलबे में दब कर मासूम की मौत

* बांगरमऊ के सांईपुर सगौडा गांव की घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बांगरमऊ के साईपुर सगौड़ा में कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दब कर 6 वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जनपद हरदोई के थाना मल्लावां के अंतर्गत जाहिदपुर ठठिया निवासी मंजू पत्नी बबलू का 9 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। उसके चार बच्चे शिवम (12), साक्षी (10), सचिन (7) और बेबी (6) चार बच्चे थे। ढाई वर्ष पूर्व बीमारी के चलते उसके पति बबलू की मौत हो गई। जिसके बाद मंजू बच्चों को लेकर अपने मायके बांगरमऊ क्षेत्र के साईपुर सगौड़ा में पिता रामआसरे के घर पर रहने लगी थी। शुक्रवार शाम उसकी सबसे छोटी पुत्री बेबी घर में खेल रही थी तभी घर की कच्ची दीवार भरभरा कर उसी पर गिर गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुँच गए और मिट्टी हटाकर बच्ची को बाहर निकाला। बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाए जाने पर डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना की जानकारी पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### कई बार मांग करने बाद भी नहीं मिला पक्का आवास

मृतका की मां ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान से प्रधानमंत्री आवास दिलाने की बात कही गई लेकिन उसे कालोनी नहीं मिली।

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि फ्लैट नंबर 301 तृतीय तल परिसर संख्या 105/696 भन्नानापुरवा कानपुर नगर आच्छादित क्षेत्रफल 73.85 वर्ग मीटर में अविभाजित भाग भूमि रकबा 19.28 वर्ग मीटर को मो. फहाद इसके मालिक सदफ शाहिद से पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ऋण लेकर क्रय कर रहे हैं यदि उपरोक्त संपत्ति के विक्रय हेतु श्रीमती आलिया खातून व अब्दुल रहमान को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिनों के अंदर निम्न पते पर संपर्क करें किसी के द्वारा इनका प्रयोग अवैध माना जाएगा
**-भारत भटनागर**
एडवोकेट
कार्यालय कमरा नंबर 14 द्वितीयतल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कंपाउंड कानपुर नगर
मो 9839034426

# भारत के नेताओं में जनता का विश्वास खत्म: राजनाथ

## नेताओं की कथनी-करनी में अंतर, मोदी ने इसे चुनौती के तौर पर लिया



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। राजसमंद

राजस्थान के राजसमंद में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने से जनता का उन पर विश्वास धीरे-धीरे खत्म होता चला गया। विश्वास का यह संकट कांग्रेस ने गहरा किया है। राजनाथ शुक्रवार को राजसमंद से भाजपा प्रत्याशी दीप्ति माहेश्वरी की नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस खत्म होते विश्वास को चुनौती के तौर पर किसी ने लिया है तो वह हैं नरेंद्र मोदी और पार्टी का नाम है भाजपा। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस की तुलना वर्ल्ड कप में पाकिस्तानी टीम से भी की। उन्होंने कहा कि ये चुनाव भी वर्ल्ड कप से कम नहीं है। कांग्रेस की हालत भी राजस्थान में पाकिस्तानी टीम जैसी हो गई है। चुनाव शुरू होते ही कांग्रेस टूर्नामेंट से बाहर होते दिख रही है। भाजपा भारतीय टीम की तरह चैंपियन की तरह आगे बढ़ रही है।

### संप्रदाय विशेष को 50 लाख मिले तो तापड़िया-सोनी को भी मिले

जयपुर में संप्रदाय विशेष की ओर से सड़क पर मर्डर रोडरेज की घटना हो जाती है तो आप 50 लाख और डेयरी का बूथ दे देते हैं। आप उसे देते हैं तो भीलवाड़ा के तापड़िया और चित्तौड़गढ़ के सोनी को भी मिलना चाहिए। इनकी बात आती है तो आपकी सीएम अशोक गहलोत जुबान पर दही जम जाता है। महिला सुरक्षा को लेकर राजनाथ ने कहा- प्रदेश में कांग्रेस की विधायक ही सुरक्षित नहीं है। दिव्या मदेरणा खुद कहती हैं कि वे सुरक्षित नहीं हैं।

### लाल डायरी में भ्रष्टाचार था

कांग्रेस की हालत ये है कि ये चलने लायक नहीं है। एक ही बात की चिंता है कि कहीं कुर्सी नहीं चली जाए। इन्हीं के एक मंत्री के पास लाल डायरी थी। आपको पता चला कि इस लाल डायरी में क्या था...उसमें भ्रष्टाचार था।

### कांग्रेस ने जो वादे किए, वो कितने पूरे हुए

कांग्रेस ने चुनाव के दौरान जो वादे किए थे, वे कितने पूरे हुए, ये आप जानते हैं। चाहे व्यक्ति हो, संगठन हो या सरकार, ऐसी होनी चाहिए कि जो कहे उसे करे। उसके कहने और करने में फर्क नहीं होना चाहिए और राजस्थान की सबसे बड़ी पूंजी भी यही है।

### यूपी में कोई इधर-उधर करे तो...जय श्री राम

राजस्थान में सांप्रदायिक तत्व तांडव कर रहे हैं और आप चैन की नींद सो रहे हैं। जाकर यूपी में देखिए, जरा भी किसी ने इधर-उधर करने की कोशिश की और...जय श्री राम। तुष्टीकरण की राजनीति नहीं होनी चाहिए। जाति-पंथ और मजहब की भी राजनीति नहीं होनी चाहिए। ?हिंदू-मुस्लिम की भी राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### सत्ताधारी दल की विधायक सुरक्षित नहीं है

राजस्थान में सत्ताधारी दल की एक विधायक कहती हैं कि वह खुद सुरक्षित नहीं है। कौन है वो विधायक- दिव्या मदेरणा। लानत है। सत्ताधारी दल की विधायक को डर लगता है तो राजस्थान की बहू-बेटियों का क्या होगा। सिरोही, सांचौर और नागौर की बेटियों के साथ क्या हुआ। गहलोत साहब आपकी जुबान क्यों नहीं खुलती, कौन जवाब देगा।

### जनता को खरीदा नहीं जा सकता

मैंने सुना है कि मोबाइल बांटे जा रहे हैं। गैस सिलेंडर पर छूट दी जा रही है, सस्ती दर पर खाना दिया जा रहा है। सब कुछ हो सकता है, लेकिन राजस्थान की बहादुर जनता के ईमान और नीयत को कोई मां का लाल नहीं खरीद सकता। चंद चांदी के सिक्के और बख्शीश देकर, प्रदेश की जनता का ईमान खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। राजस्थान की जनता को खरीदने की कोशिश की जा रही है।

# पीएम मोदी ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 का इनॉगरेशन किया

## भारत मंडपम में प्रधानमंत्री बोले, महिलाओं में फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री लीड करने की क्षमता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के दूसरे संस्करण का इनॉगरेशन किया। इस कार्यक्रम में 80 से ज्यादा देशों के 1200 से ज्यादा लोग शामिल हुए हैं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा- भारत का फूड प्रोसेसिंग सेक्टर एक नई इंडस्ट्री के रूप में तेजी से उभरा है। पिछले 9 सालों से इस सेक्टर में 50 हजार करोड़ का विदेशी निवेश आया है। देश की महिलाएं इस इंडस्ट्री को लीड करने की क्षमता रखती हैं। पीएम मोदी ने कहा- कृषि निर्यात में प्रोसेस्ड फूड का हिस्सा 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गया है। 9 सालों में प्रोसेस्ड फूड के एक्सपोर्ट में 150 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हम एग्रो एक्सपोर्ट के मामले में ग्लोबली 7वें नंबर पर आ गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री से जुड़ा ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें भारत ने तरक्की न की है। ये फूड सेक्टर से जुड़ी हर कंपनी के लिए स्टार्टअप का सबसे अच्छा मौका है। वर्ल्ड फूड इंडिया कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने एक फूड स्ट्रीट का भी उद्घाटन किया। केंद्रीय खाद्य मंत्री पशुपति कुमार पारस ने विदेशी निवेशकों से भारत के फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में निवेश करने का आग्रह किया।

### 5 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी समापन

वर्ल्ड फूड इंडिया प्रोग्राम 3 से 5 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसका समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। वर्ल्ड फूड इंडिया का पहला संस्करण 2017 में आयोजित हुआ था। इसमें 918 किलो की खिचड़ी बनाई गई थी। इस दौरान सबसे ज्यादा खिचड़ी बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना था।

### भारत को दुनिया की फूड बास्केट रूप में दिखाना उद्देश्य

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्रोग्राम का उद्देश्य भारत को दुनिया की फूड बास्केट के रूप में दिखाना है। इसमें 23 राज्य सरकारें, 18 केंद्रीय मंत्रालय और संबंधित डिपार्टमेंट हिस्सा ले रहे हैं। इसमें स्मारक टिकट और सिक्कों का भी अनावरण किया जाएगा।

### दुनिया का सबसे लंबा डोसा बनाने की कोशिश की जाएगी

इस प्रोग्राम में इस साल दुनिया का सबसे लंबा डोसा बनाने की कोशिश की जाएगी। केंद्रिय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने 1 नवंबर को यह जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि इस साल सबसे लंबे डोसे का गिनीज रिकार्ड बनाने की कोशिश की जाएगी, जिसकी लंबाई 100 फीट से ज्यादा होगी। इस बाजरा डोसे को बनाने के लिए 60 से 80 शेफ एक साथ काम करेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट को नहीं बनने दे सकते 'तारीख पे तारीख' अदालत: सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों को सुलझाने में देरी और सुनवाई टालने पर चिंता जताई। सीजेआई ने वकीलों से कहा कि हम नहीं चाहते कि ये सुप्रीम कोर्ट तारीख पर तारीख वाली अदालतें बन जाए। उन्होंने कहा कि हर रोज औसतन 154 मामले टाले जाते हैं। अगर इतने सारे मामले एडजर्नमेंट स्थगन या टालना में रहेंगे तो ये अदालत की अच्छी छवि नहीं दिखाता। साथ ही सीजेआई ने वकीलों से अपील की- जब तक जरूरत न हो, तब तक सुनवाई टालने की मांग न करें। दरअसल, सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान पेश हुए वकील की ओर से एडजर्नमेंट की मांग पर नाराजगी जाहिर की। सुप्रीम कोर्ट लगातार लिस्टेड मामलों की सुनवाई कर रहा है और सबसे ज्यादा एडजर्नमेंट की मांग इन्हीं मामलों में की जाती है।

### हम नहीं चाहते...

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और प्रधान न्यायाधीश वाली पीठ ने कहा, हम नहीं चाहते कि यह अदालत तारीख-पे-तारीख अदालत बने।' गौरतलब है, बॉलीवुड फिल्म 'दामिनी' में सनी देओल का मशहूर डायलॉग 'तारीख-पे-तारीख' था, जिसमें अभिनेता ने अदालतों में लंबित होते मामलों पर अफसोस जताया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि नये मामलों को अब सूचीबद्ध करने में समय नहीं लगता है, लेकिन जब वह सुनवाई के लिए आते हैं तो वकील लंबित करने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया बाहरी दुनिया को बहुत बुरा उदाहरण देती है।

### मैं स्थगन पर्चियों पर नजर रख रहा

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, बार के सदस्यों से मेरा एक अनुरोध है कि आज के लिए 178 स्थगन पर्चियां आई हैं और मैं स्थगन पर्चियों पर नजर रख रहा हूं और मुझे कुछ आंकड़े मिले हैं। बार के सदस्यों द्वारा सितंबर से अक्तूबर तक औसतन प्रतिदिन 150 स्थगन पत्र दिए गए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, इन दो महीनों के दौरान 3688 स्थगन पर्चियां मांगी गई हैं। मेरा मानना है कि यह मामले को दाखिल करने से लेकर लिस्टिंग तक की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य को विफल कर देगा।'

### तीन हजार से अधिक मामलों में स्थगन पर्ची दाखिल की गईं

दिन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों द्वारा नये मामलों में स्थगन की मांग का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों के अंदर 3,688 मामलों में स्थगन पर्ची दाखिल की गई हैं। जब तक बहुत जरूरी न हो, कृपया स्थगन पर्ची दाखिल न करें।


# राघव चड्ढा बिना शर्त माफी मांगें, सस्पेंशन केस में उपराष्ट्रपति से मिलें, फिर राज्यसभा सभापति फैसला करें: सुप्रीम कोर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा के सस्पेंशन केस में सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार 3 नवंबर को सुनवाई हुई। कोर्ट ने चड्ढा को राज्यसभा से उनके सस्पेंशन के मद्देनजर राज्यसभा सभापति से मिलने और बिना शर्त माफी मांगने का सुझाव दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि उपराष्ट्रपति (राज्यसभा सभापति) पूरे मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके आगे कदम उठा सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से दिवाली की छुट्टियों के बाद इस मामले की सुनवाई करने को कहा। आप नेता पर दिल्ली सर्विस बिल पर 5 फर्जी साइन कराने का आरोप है।

# कूटनीति को पुनर्जीवित करने के लिए नए दृष्टिकोण की जरूरत: जगदीप धनखड़

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



चाणक्य रक्षा संवाद 2023 कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिरकत की। शुक्रवार को कार्यक्रम में उन्होंने कहा, कूटनीति को पुनर्जीवित करने के लिए नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। बहुआयामी दृष्टिकोण, विचार, वकालत, आउटरीच, अनुनय और संवाद के संयोजन के साथ-साथ सतर्क और तैयार रहते हुए शांति प्राप्त करने और बनाए रखने के सर्वोपरि महत्व को रेखांकित किया। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा, युद्ध के लिए तैयार रहना शांति का मार्ग है। एक राष्ट्र की ताकत सबसे प्रभावशाली रक्षा और निवारक है। धनखड़ ने सुरक्षा माहौल को बढ़ाने में अभिन्न घटकों के रूप में देश की सॉफ्ट पावर और आर्थिक ताकत का उपयोग करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, एआई, रोबोटिक्स, क्वांटम, सेमी-कंडक्टर, बायो-टेक, ड्रोन और हाइपरसोनिक्स जैसी गहरी प्रौद्योगिकियों के उद्भव ने युद्ध के चरित्र को फिर से लिखा है। इन क्षेत्रों की कुशलता और भविष्य की रणनीतिक समृद्धि और असफलता का निर्धारण करेगी। यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहे युद्धों का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने चिंता व्यक्त की कि वैश्वीकरण और आर्थिक परस्पर निर्भरता के बावजूद संघर्ष जारी है। राष्ट्रीय सुरक्षा आज असंख्य विशेषताओं और क्षमताओं का एक समूह है। सेना इसका सिर्फ एक हिस्सा है, उन्होंने ऐसे संकल्प खोजने के लिए एक मजबूत शक्ति गतिशील बनाने के लिए विभिन्न टुकड़ों को एक साथ आने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो वर्तमान परिवेश में सटीक हो सके।

### ए माटी मैं हूँ तेरी नाती

ए मेरे देश की प्यारी माटी
तू पूरे ब्रह्मांड से लेकर
धरती माँ में समायी है
तेरी सोन्दी सोन्दी ख़ुशबू से
चन्द्र मुखी/रात की रानी
सूर्य की किरणों से शरमाई है
क्योकि प्यारी माटी तू ही ने तो
जन्म देकर आई हो
वह अन्न धन धान्य
वह माइनस मेटल औषधी
वह पंच महाभूत् आकाश वायु
(पृथ्वी )जल अग्नि / तेरी उर्वरता
में मधुर अमल कटु तिक्त कषाय
सभी सवादो मे समाईं हो
प्यारी माटी तू साइंटिस्टों को भी
भाई हो
लेकिन अब मानव जाति को
एक प्रण निभाना है
प्यारी माटी को नतमस्तक कर
देश की माटी की शान बढ़ाना है



डा . अंजना मुकुंद कुलकर्णी

# आग की लपटों से गुजरे पुरी-जयनगर एक्सप्रेस के 18 कोच

## 1300 यात्री थे सवार,ओवरहेड तार में लगी आग, स्पीड के चलते पायलट पहले नहीं रोक पाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



जमुई में हावड़ा-दिल्ली मुख्य रेल लाइन पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से टल गया। रेल लाइन के ओवरहेड तार में अचानक आग लग गई। वह धू-धू कर जलने लगा। तभी ट्रैक पर पुरी-जयनगर एक्सप्रेस (18419) पहुंच गई। पायलट ने ओवरहेड तार में लगी आग और उसकी आवाज को सुना। ट्रेन की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि पायलट उसे नहीं रोक पाया। क्यों कि बड़ा हादसा हो सकता था। उसने आग की लपटों के बीच से ट्रेन निकालने का फैसला लिया। ट्रेन को आग की लपटों के बीच से निकालकर पायलट ने थोड़ी दूर पर ट्रेन को रोक दिया। इस ट्रेन में 18 कोच थे। करीब 1300 से ज्यादा पैसेंजर्स ट्रेन में सवार थे। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन हावड़ा-नई दिल्ली मुख्य रेल लाइन के जसीडीह-किउल रेलखंड पर अप मेन लाइन में आवागमन ठप हो गया है। पुरी-जयनगर एक्सप्रेस मौके पर खड़ी रही। ओवरहेड तार में आग लगने का वीडियो भी सामने आया है। इस घटना के बाद ट्रेन में सफर कर रहे हैं यात्रियों में हड़कंप मच गया। हादसा आसनसोल डिवीजन के सिमुलतला और घोरपड़ान रेलवे स्टेशन के कोटरवा जंगल के पास सुबह करीब 7 बजे हुआ। हादसे के बाद अप लाइन में पाटलिपुत्र एक्सप्रेस जो सिमुलतला रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। वहीं हावड़ा मोकामा एक्सप्रेस घोरपाड़न स्टेशन के पास 7 घंटे रुकी रही।

### 7 घंटे बाद शुरू हुआ ट्रेनों का परिचालन

सिमुलतला रेलवे स्टेशन के स्टेशन मैनेजर अखिलेश कुमार ने बताया कि पहली गाड़ी 13029 अप हावड़ा मोकामा एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना किया गया है। जो सिमुलतला स्टेशन पर 6.52 मिनट से खड़ी थी। दोपहर एक बजकर 1 मिनट पर खुली है। लगभग 7 घंटे ट्रेन सिमुलतला स्टेशन पर खड़ी रही। वहीं दूसरी ट्रेन पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन 18622 अप सिमुलतला स्टेशन पर 12.10 पर आई और 13.15 में खुली। इसके पूर्व पाटलिपुत्र एक्सप्रेस जसीडीह स्टेशन पर खड़ी थी।

### रेलवे पोल के रॉड को तोड़ते हुए आगे जाकर रुकी ट्रेन

आग पोल संख्या 351/11 और 351/31 के बीच लगी थी। पूरी-जयनगर एक्सप्रेस आग की लपटों से होकर निकली। पोल के रॉड को तोड़ते हुए ट्रेन आगे जाकर रुक गई। इसके बाद ट्रेन के पायलट आर बेसरा ने सिमुलतला के ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर महेश कुमार को हादसे की जानकारी दी।

### गांव वाले कहते रहे रोको-रोको

पुरी-जयनगर एक्सप्रेस से सफर कर रहे गोलू कुमार ने बताया कि सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर हादसा हुआ। गांव के लोग आवाज दे रहे थे। बोल रहे थे कि गाड़ी रोको-गाड़ी रोको। हाथ से भी इशारा कर रहे थे, लेकिन ट्रेन की रफ्तार ज्यादा थी। हालांकि आगे जाकर ट्रेन रुक गई।

# शब्दों से मेरा वस्त्रहरण किया गया: महुआ

**✻ बीजेपी सांसद निशिकांत बोले, अगर ऐसा हुआ है तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में घिरीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा 2 नवंबर को सुबह 10:50 बजे संसद की एथिक्स कमेटी के दफ्तर पहुंची थीं। पूछताछ बीच में ही छोड़कर महुआ करीब पौने 4 घंटे बाद कमेटी के दफ्तर से नाराज होकर बाहर निकलीं। उन्होंने कमेटी के चेयरमैन पर अपमानजनक सवाल करने के आरोप लगाए। महुआ ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा- कमेटी के चेयरपर्सन विनोद सोनकर ने बाकी सदस्यों के सामने शब्दों से उनका वस्त्रहरण किया और जानबूझकर अपमानजनक सवाल किए। महुआ के इन आरोपों पर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा- एथिक्स कमेटी अध्यक्ष सोनकर ने महुआ से टिकट व होटल का बिल मांगा था। यदि इसके अलावा उन्होंने महुआ के किसी भी पुरुष मित्र या होटल में उसके साथ रुकने का प्रश्न पूछा होगा तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। निशिकांत दुबे ने ही 15 अक्टूबर को लोकसभा स्पीकर से महुआ की शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि महुआ मोइत्रा ने संसद में सवाल पूछने के लिए बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से पैसे लिए थे। उन्होंने हीरानंदानी को अपना संसद का लॉगिन-पासवर्ड भी दे दिया था। दुबे ने महुआ का लॉगिन दुबई से इस्तेमाल होने का आरोप लगाया था। टीएमसी ने एथिक्स कमेटी के चेयरमैन की तुलना धृतराष्ट्र से की। वहीं बाकी सदस्यों को दुर्योधन बताया। मंत्री शशि पांजा ने कहा- पैनल ने एक निर्वाचित महिला सांसद के खिलाफ सुनवाई के दौरान उनका अपमान किया।

# इजराइल ने गाजा शहर को चारों तरफ से घेरा, 150 हमास लड़ाकों को मार गिराया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इजराइल-हमास जंग के 28वें दिन इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने गाजा शहर को चारों तरफ से घेर लिया है और अब हमास के लड़ाकों से सीधी लड़ाई हो रही है। आईडीएफ के प्रवक्ता ने कहा, हमारे सैनिक हथियारों और एयरक्राफ्ट्स के जरिए हमास की कमांड सेंटर, लॉन्चिंग पोजिशन, सुरंगों और दूसरे ठिकानों पर हमला कर रहे हैं। आईडीएफ ने कहा, हम हमास को खत्म करने की जंग में हैं। इस समय सीजफायर पर विचार भी नहीं किया जा रहा है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, गुरुवार को इजराइली सेना ने करीब 150 हमास लड़ाकों को मार गिराया। हमास से लड़ाई में आईडीएफ के करीब 23 सैनिकों ने अपनी जान गंवा दी। इजराइली पीएम नेतन्याहू ने कहा, हम गाजा शहर में पहले ही घुस चुके हैं। अब हमें कोई नहीं रोक सकता। हमारी पूरी कोशिश है कि जंग में



फिलिस्तीनियों की मौत न हो, लेकिन हमास के लड़ाके उनके बीच में घुसे हुए हैं। उनके घरों के नीचे सुरंगे बना रखी हैं। ऐसे में कुछ जगहों पर फिलिस्तीनियों के होने के बावजूद हमले करना जरूरी हो गया है।

### काले बैग में भेजेंगे इजराइल सैनिकों के शव: हमास

इस बीच हमास की मिलिट्री विंग अल-कासिम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबु ओबैदा ने कहा है कि इजराइल के जो सैनिक गाजा पर हमला कर रहे हैं, उन्हें मारकर काले बैग में वापस भेजा जाएगा। गाजा इजराइल के इतिहास का श्राप बनेगा। दूसरी तरफ, लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकी संगठन ने बताया कि उन्होंने गुरुवार को इजराइल की 19 पोजिशन पर हमले किए। इसके जवाब में इजराइली सेना ने बताया कि उन्होंने हमास के ठिकानों पर वॉरप्लेन और हेलिकॉप्टर्स से अटैक किया है। हिजबुल्लाह लीडर हसन नसरल्लाह आज पहली बार जंग पर बात करेंगे। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इजराइली नागरिकों ने गुरुवार को वेस्ट बैंक के दीर शर्फ में रहने वाले फिलिस्तीनियों के घरों, कारों, दुकानों को जला दिया। घरों में पत्थर भी फेंके।

### गाजा में बंधकों को ढूंढने की कोशिश कर रहे अमेरिकी ड्रोन्स

टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, अमेरिकी ड्रोन बंधकों को ढूंढने के लिए गाजा शहर के ऊपर उड़ रहे हैं। दूसरी तरफ गुरुवार को इजराइल की डिफेंस फोर्सेस ने कहा था कि वो गाजा के अस्पतालों तक फ्यूल पहुंचने देगी, लेकिन बाद में पीएम नेतन्याहू ने ऑफिस ने इस बात को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि फिलहाल ऐसा कोई फैसला नहीं हुआ है। दरअसल, इजराइल डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हेर्जी हालेवी ने कहा था- हम गाजा के अस्पतालों को फ्यूल देंगे। गाजा के हालात की हर दिन समीक्षा की जा रही है। एक हफ्ते से वो कह रहे हैं कि गाजा के अस्पतालों में ईंधन नहीं है। फ्यूल भेजने की तैयारी की जा रही है। इस बात को तय किया जा जाएगा कि इस फ्यूल को हमास अपने नापाक इरादे पूरा करने के लिए इस्तेमाल न कर सके।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# विख्यात गायक दलेर मेंहदी के गाने पर सरस मेले में लोग झूम कर नाचे

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम



सरस आजीविका मेला 2023 में मशहूर कलाकार दलेर मेंहदी ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। सांस्कृतिक संध्या में दलेर मेंहदी ने सरस मेले में ले लो मजा...., गानों से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। इसके बाद एक के बाद एक अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। लोगों ने आखिरी वक्त तक कार्यक्रम का आनंद लिया। अन्य गानों में तेरी अखियां का यू काजल..., छैला मैं छैला..., तनु मैं लव कर दी...., हो गई तेरी बल्ले बल्ले...., जय जय शिव शंकर...., आज हटाए नहीं हटूंगा...., समेत अनेक गानों की प्रस्तुति दी।

दलेर मेंहदी ने कार्यक्रम का समापन उनके मशहूर गाना तुनक तुनक.... से किया। इस मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके बाद लोगों ने फूड कोर्ट में जाकर देशभर के बीस राज्यों से आई हुई दीदीयों के स्टॉलों पर जाकर विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा। मेले में गोवा से कुल तीन स्टॉल लगाए गए हैं। इसकी जानकारी देते हुए गोवा के स्टेट कोऑर्डिनेटर आशिष ने बताया कि गोवा से घरों को सजाने वाले सी प्रोडक्ट के आईटम समेत फूड कोर्ट में गोवा के लाइव फूड स्टॉल लगाए गए हैं। आप को प्रांस फ्राई, पांफ्रेट फ्राई, अमात तिकत व रेसात बांगरा जैसे खाने के आईटम नॉनवेज प्रेमियों को लुभा रहा है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान द्वारा किया गया। इसमें सौ से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में एस एम सहगल फाउंडेशन के पवन कुमार रहे। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने इसकी सराहना की।

ज्ञात हो कि उत्पादों से जुड़े अलग-2 विषयों पर मेले में भाग लेने वाली 800 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं। उदाहरण के तौर पर पैकेजिंग, ब्रेंडिंग, बिजनेस प्रपोजल तैयार करने, सोशल मीडिया प्लैटफार्म का उत्पादों की मार्किटिंग में उपयोग करने, वित्तीय प्रबंधन से लेकर कई अन्य विषयों के बारे मे प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़ने हेतु बी-टू-बी व बी-टू-सी बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। ज्ञात हो कि राजधानी से सटे गुरुग्राम में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है। 26 अक्टूबर से 11 नवंबर तक आयोजित होने वाला मेला भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को दर्शा रहा है। गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लेजर वैली ग्राउंड में लगे इस मेले में देश के 28 राज्यों के 400 से अधिक स्टॉलों पर लोग खरीदारी के लिए आ रहे हैं। मेले की विविधता लोगों को आकर्षित कर रही है। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं की विशेष उपस्थिति वाला यह मेला महिला सशक्तिकरण की एक बेहतरीन मिसाल है जहां न केवल वह अपना उत्पाद लेकर आई हैं बल्कि वह भारत की विविधता और अनेकता में एकता का संदेश दे रही हैं।

## पुरस्कार विजेताओं को प्रदान किया जाएगा एक प्रशस्ति पत्र ट्रॉफी और नकद पुरस्कार

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम

जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग ने राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 का शुभारंभ किया है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2023 है। पुरस्कारों के लिए पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, स्कूल कॉलेज, संस्थान स्कूल कॉलेज के अलावा), उद्योग, नागरिक समाज, जल उपयोगकर्ता संघ या जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले व्यक्ति आवेदन करने के पात्र है। डीसी ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ राज्य और सर्वश्रेष्ठ जिला को विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

शेष श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय सर्वश्रेष्ठ स्कूल कॉलेज सर्वश्रेष्ठ संस्थान स्कूल कॉलेज के अलावा सर्वश्रेष्ठ उद्योग सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ सर्वश्रेष्ठ उद्योग उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ-साथ ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। पहले, दूसरे और तीसरे विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार क्रमशः 2 लाख रुपये, 1.5 लाख रुपये और 1 लाख रुपये हैं। राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए प्राप्त सभी आवेदनों की जांच जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय की एक स्क्रीनिंग समिति द्वारा की जाएगी। चुने गए आवेदनों को एक सेवानिवृत्त सचिव स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता वाली जूरी समिति के समक्ष रखा जाएगा। इसके बाद, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के संगठनों अर्थात केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) और केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदनों का पता लगाया जाएगा। जूरी समिति रिपोर्ट के आधार पर आवेदनों का मूल्यांकन करेगी और विजेताओं की सिफारिश करेगी। समिति की सिफारिशों को अनुमोदन के लिए केंद्रीय मंत्री जल शक्ति को प्रस्तुत किया जाएगा। विजेताओं के नामों की घोषणा एक उपयुक्त दिनांक में की जाएगी और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार विजेताओं को एक प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय जल पुरस्कारों का उद्देश्य हितधारकों को देश में जल संसाधन प्रबंधन के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है सतही जल और भूजल जल चक्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन उद्देश्यों को अपनाने के लिए, 2018 में पहला राष्ट्रीय जल पुरस्कार शुरू किया गया जिसमें 14 श्रेणियों के अंतर्गत 82 विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## बीजेपी प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देव बहुत सुलझे हुए राजनेता हैं: इंद्रजीत यादव

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम



गांव नाथूपुर के समाजसेवी, बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव इंद्रजीत यादव ने बीजेपी प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देव से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान इंद्रजीत यादव ने प्रभारी बिप्लब कुमार से प्रदेश के राजनीतिक सामाजिक मसलों पर बातचीत की। बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव इंद्रजीत यादव ने शाल ओढ़ा कर बीजेपी प्रदेश प्रभारी व पूर्व मुख्यमंत्री विप्लब कुमार देव का अभिनंदन किया, स्वागत किया। बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव इंद्रजीत यादव ने बीजेपी प्रदेश प्रभारी विप्लब कुमार देव से उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी। इस दौरान इंद्रजीत यादव ने बीजेपी प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देव को दीवाली की शुभकामनाएं दी। इंद्रजीत यादव ने कहा कि प्रदेश प्रभारी विप्लब कुमार देव बहुत सुलझे हुए राजनेता हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रदेश बीजेपी संगठन निरंतर मजबूत होता जा रहा है।

# दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान लागू

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा पूरे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण स्तर को ध्यान में रखते हुए ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान का तीसरा चरण लागू कर दिया गया है। इस चरण में प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियां करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा, निर्माण एवं तोडफोड़ गतिविधियों पर आयोग द्वारा रोक लगा दी गई है। नगर निगम गुरूग्राम की पर्यावरण एवं स्थिरता विंग के नोडल अधिकारी संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने बताया कि जीआरएपी के तीसरे चरण में कुछ प्रोजैक्ट को छोडकर अन्य सभी प्रकार की निर्माण एवं तोडफोड़ गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। इनमें रेलवे सेवाओं, मेट्रो सेवाओं, एयरपोर्ट, इंटर स्टेट बस टर्मिनल, राष्ट्रीय सुरक्षा, डिफेंस, अस्पताल, हाईवे, रोड़, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज, पावर ट्रांसमिशन, पाइप लाइन, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर सप्लाई आदि से संबंधित कार्य शामिल हैं। जिन प्रोजेक्ट को छूट मिली है, उन्हें पर्यावरणीय नियमों जैसे सीएंडडी वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, डस्ट कंट्रोल नॉर्म्स की पालना गंभीरता से सुनिश्चित करना अनिवार्य किया गया है। कचरा एवं मलबा डंपिंग, कचरे में आग लगाना सहित अन्य ऐसी गतिविधियां जिनसे प्रदूषण स्तर में बढ़ोतरी होती है, पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। अगर कोई व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधियां करता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा प्रदूषण को कम करने के लिए मैकेनाईज्ड स्वीपिंग करवाई जा रही है। सडकों



पर धूल को उडने से रोकने के लिए पानी का छिडकाव किया जा रहा है। जीआरएपी के तहत अब तक 114 चालान करते हुए 5 लाख 92 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। इनमें नियमों की पालना नहीं करने वाली 48 निर्माण साईटों पर 31 हजार रूपए, सीएंडडभ् वेस्ट डंपिंग डालने वाले 12 व्यक्तियों पर 1 लाख 35 हजार रूपए, कचरा जलाने वाले 4 व्यक्तियों पर 20 हजार रूपए, कचरा फैंकने वाले 33 व्यक्तियों पर 22 हजार 500 रूपए, ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की पालना नहीं करने वाले 17 व्यक्तियों पर 1 लाख 5 हजार रूपए के चालान शामिल हैं। उन्होंने गुरूग्राम के नागरिकों से आह्वान किया कि वे जीआरएपी नियमों की पालना करें तथा प्रदूषण बढ़ाने वाली कोई गतिविधि न करें।

# समाज की समृद्धि का मार्ग शिक्षण संस्थानों से होकर गुजरता है: कुलपति दिनेश कुमार

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम



गुरुग्राम विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव का शानदार ढंग से शुभारंभ किया गया। द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित जीयू के तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। युवा महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुरुग्राम विवि. के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. सुभाष कुंडू ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। तीन स्टेज पर कुल 18 कार्यक्रम कराए गए। महोत्सव में गुरुग्राम विवि. से सम्बद्ध 20 कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कोरियोग्राफी, गजल,गीत, भजन, समूह गीत (सामान्य), संस्कृत नाटक, संस्कृत श्लोक उचारण, रंगोली, क्ले मॉडलिंग,ऑन द स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग , स्किट (हरियाणवी), समूह गीत (वेस्टर्न), काव्य पाठ हिंदी, काव्य पाठ पंजाबी, काव्य पाठ उर्दू और हरियाणवी, संस्कृत में भाषण प्रतियोगिता,आदि का आयोजन किया गया। महोत्सव में उपस्थित महावीर गुड्डू ने राजा नाहर सिंह की वीर गाथा शानदार अंदाज में सुनाई ।

युवा महोत्सव में हर स्टेज पर अलग-अलग प्रांतों की संस्कृति की छटा देखने को मिली। इस दौरान छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कहीं समूह नृत्य तो कहीं समूह गीत और कही हरियाणवी स्किट का आयोजन किया गया।

स्टेज पर छात्रों ने अपनी प्रस्तुति के जरिये कार्यक्रम में समां बांध दिया। इस मौके पर गुरुग्राम विवि.के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां छात्रों को उत्कृष्टता प्राप्त करने, मस्तिष्क को प्रज्वलित करने और हमारी भावी पीढ़ियों में विरासत को पोषित करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने युवा पीढ़ी की प्रतिभा को निखारने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज की समृद्धि का मार्ग शिक्षण संस्थानों से होकर गुजरता है।

## कांग्रेस नेता अमित भारद्वाज ने केक खिलाकर दी कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान को जन्मदिन की बधाई

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश महासचिव किसान कांग्रेस अमित भारद्वाज ने अपने साथियों और समर्थकों के साथ हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदयभान को जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं देने उनके होडल स्थित निवास पर पहुंचे।

सभी ने बड़ी गर्मजोशी के साथ गुलदस्ता भेंट किया नेताजी अमित भारद्वाज ने अध्यक्ष को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान के सुपुत्र देवेश चौधरी जो कि कांग्रेस के युवा नेता हैं मौजूद थे। प्रदेश महासचिव अमित भारद्वाज ने देवेश चौधरी को भविष्य की राजनीति के लिए शुभकामनाएं दी। सभी साथियों ने मिलकर केक कटवाकर अध्यक्ष चौधरी उदयभान के लिए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की मंगल कामना की। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमित भारद्वाज के साथ तेजपाल पंडित, प्रदीप शर्मा कोयला वाले, अमित तंवर दौला, लक्ष्मण पंवार, नवनीत सिंह, नीरज, अनिल कुमार, सुलेमान और रिंकू शर्मा समेत सभी साथी मौजूद रहे।

## बास्केट बाल में बीर सिंह साहू बना ऑल इंडिया चैंपियन

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम




गुडग़ांव के प्रख्यात समाजसेवी, नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन चौधरी ब्रहम प्रकाश का नाती बीर सिंह साहू अंडर 17 बास्केट बाल में आल इंडिया चैम्पियन बना है। जिसका प्रमाण पत्र अधिकारियों की तरफ से बीर सिंह साहू को प्रदान किया है। बीर सिंह साहू अंडर 16 बास्केट बाल में आल इंडिया चैम्पियन रह चुका है। अंडर 17 बास्केट बाल में आल इंडिया चैप्यिनशिप का खिताब बीर सिंह साहू ने बरकरार रखा है। गुडग़ांव के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में हुई आल इंडिया बास्केट बाल चैम्पियनशिप में बीर सिंह साहू ने अनोखा प्रदर्शन किया है। जिससे गुडग़ांव के प्रख्यात समाजसेवी, नगर परिषद के पूर्व चेयमैन ब्रहम प्रकाश बहुत खुश हैं।

चौधरी ब्रहम प्रकाश ने कहा कि उनके ग्रैंडसन पौत्र बीर सिंह साहू का बचपन से रुझान बास्केटबॉल की तरफ था। परिवार के लोगों ने उसके बास्केटबॉल खेल को आगे बढ़ने दिया है। जिसका नतीजा है कि अंडर 17 बास्केट बाल चैम्पियनशिप में बीर सिंह साहू ऑल इंडिया चैम्पियन बना है। जिसको लेकर परिवार जनों में बड़ी खुशी है।

# 'सभी दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिक यूडीआईडी सहित अपने जरूरी कागजात पंजीकरण के लिए लेकर आएं'

जन एक्सप्रेस । गुरुग्राम



सोहना, पटौदी नहीं पहुचें जो दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिक वे कृत्रिम अंगों व सहायक उपकरणों के लिए 4 नवंबर को रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम परिसर, चन्दन नगर में पंजीकरण करवा सकते हैं ये बात जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने शिविर की जानकारी देते हुए कही। बाल भारती विद्या मंदिर, देवी मंदिर फव्वारा चौक, सोहना में दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों के कृत्रिम अंगों व सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण शिविर में जांच कर पंजीकृत किए गए। ये शिविर आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसलटेंसी लिमिटेड के सीएसआर योजना के सहयोग से लगाए जा रहे हैं। सचिव विकास कुमार ने सोहना विधायक संजय सिंह एवं बाल भारती विद्या मंदिर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश कुमार सैनी का धन्यवाद किया कि उन्होंने जरूरतमंदों तक सूचना पहुंचाई जिससे सभी के पंजीकरण आसानी से हुए। कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण लेने के लिए सभी दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिक यूडीआईडी सहित अपने जरूरी कागजात पंजीकरण के लिए लेकर आएं, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो । सचिव के मुताबिक किसी श्रेणी के दिव्यांग पंजीकरण करा सकते हैं। दिव्यांगों को व्हील चेयर, कान की मशीन, तिपहिया साइकिल, बैसाखी आदि उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर में सभी उपकरण निशुल्क दिए जाएंगे। शिविर का संचालन अतुल कुमार पराशर ने किया तथा कविता सरकार, सुषमा, वनीता पीटर, अजय, जयभगवान का सहयोग रहा।